ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 11 जून 2024
वर्ष 5, अंक 205, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह 15

कल्कि से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज 16










# मिलेगी किसान निधि की 17वीं किस्त, बनेंगे 3 करोड़ आवास


## मोदी ने कहा-सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया, वह पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने से संबंधित है। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार का पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और आने वाले समय में सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहती है। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है।

पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त से 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और इसके तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### तीसरे कार्यकाल में मोदी का पहला कदम



### किसानों को संबल देगा पीएम का फैसला : योगी

**लखनऊ।** किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। योगी ने सोमवार को अपने एक्स हैंडल पर लिखा, तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय किसान कल्याण को समर्पित। प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

केंद्र सरकार की इस योजना के तहत साल में तीन बार दो-दो हजार रुपये की किस्तों के माध्यम से कुल मिलाकर 6,000 रुपये किसानों को दिए जाते हैं। इस योजना के तहत, हर चार महीने में एक बार पैसे हस्तांतरित किए जाते हैं।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2015-16 में आरंभ की गई थी और इसके अंतर्गत 4.21 करोड़ आवास निर्मित हो चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को अपना आवास निर्मित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

मोदी 3.0

# राजनाथ-शाह, गडकरी-निर्मला और जयशंकर की हनक बरकरार

- शिवराज को कृषि, खट्टर को ऊर्जा व शहरी विकास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निरंतरता का संकेत देते हुए सोमवार को अपनी नई सरकार में चार अहम मंत्रालयों - गृह, रक्षा, वित्त और विदेश - का प्रभार एक बार फिर क्रमशः अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और एस. जयशंकर को सौंपा है। इन विभागों के प्रभारी चार मंत्री मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) के सदस्य होते हैं, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नए चेहरों में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय मिला है, जबकि भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा स्वास्थ्य मंत्रालय में लौट आए हैं।

देश भर में राजमार्ग नेटवर्क को बढ़ावा देने का श्रेय पाने वाले नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का प्रभार बरकरार रखा है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को आवास एवं शहरी मामले तथा ऊर्जा मंत्रालय दिए गए हैं। अश्विनी वैष्णव को रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों का प्रभार था। उन्हें इस बार इन विभागों के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भी दिया गया है।



### कैबिनेट मंत्रियों को आवंटित मंत्रालय

| | | | |
|---|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्रालय | राम मोहन नायडू | नागरिक उड्डयन |
| अमित शाह | गृह और सहकारिता | प्रह्लाद जोशी | उपभोक्ता एवं नवीन ऊर्जा |
| नितिन गडकरी | परिवहन और राजमार्ग | जुएल ओरांव | जनजातीय मामले |
| जेपी नड्डा | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | गिरिराज सिंह | कपड़ा मंत्रालय |
| शिवराज चौहान | कृषि एवं ग्रामीण विकास | अश्विनी वैष्णव | रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी |
| निर्मला सीतारमण | वित्त मंत्रालय | जे. सिंधिया | संचार मंत्रालय मंत्रालय |
| एस जयशंकर | विदेश मंत्रालय | भूपेन्द्र यादव | पर्यावरण एवं वन मंत्रालय |
| मनोहर लाल खट्टर | ऊर्जा व शहरी विकास | गजेन्द्र शेखावत | संस्कृति मंत्रालय |
| एचडी कुमारस्वामी | भारी उद्योग और उद्यम | अन्नपूर्णा देवी | महिला एवं बाल विकास |
| पीयूष गोयल | वाणिज्य एवं खाद्य | किरेन रिजिजू | संसदीय मामले |
| धर्मेंद्र प्रधान | शिक्षा मंत्रालय | हरदीप पुरी | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस |
| जीतन राम मांझी | सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम | मनसुख मंडाविया | श्रम, युवा मामले एवं खेल |
| राजीव रंजन सिंह | पंचायती राज, मत्स्य पालन | जी. किशन रेड्डी | कोयला एवं खनन मंत्रालय |
| सर्बानंद सोनोवाल | बंदरगाह और जहाजरानी | चिराग पासवान | खाद्य प्रसंस्करण |
| डॉ. वीरेंद्र कुमार | सामाजिक न्याय | सीआर पाटिल | जलशक्ति मंत्रालय |

# पांच दिन तपेंगे उप्र समेत कई राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

### गर्मी का एक और दौर

- तापमान में होगी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि

उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है और अगले पांच दिन के दौरान तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में अप्रैल और मई महीने में कई दिन तक भीषण गर्मी पड़ी थी और लू चली थी। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिन के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। बयान में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उप्र, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल व गंगा के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अत्यधिक गर्मी प्राकृतिक रूप से घटित होने वाली अल नीनो घटना तथा वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की तेजी से बढ़ती सांद्रता का परिणाम है। अल नीनो के दौरान मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह असामान्य रूप से गर्म हो जाती है।

### ओबरा सी की इकाई फिर ठप, बिजली संकट गहराया

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के चलते प्रदेश के बिजलीघरों में उत्पादन इकाइयों के बंद होने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई फिर ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 29,038 मेगावाट दर्ज हुई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई ठप हुई थी। जैसे-तैसे चालू किया गया, पर सोमवार की सुबह यह इकाई फिर ठप हो गई, जिससे बिजली संकट गहरा गया है।

# भाजपा नेता अमित मालवीय पर यौन शोषण के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस ने की भाजपा से सख्त कार्रवाई और जांच कराने की मांग

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है। मामले में कांग्रेस ने भाजपा से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा है कि मालवीय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है, ऐसे में भाजपा को उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच करानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा आईटी सेल प्रमुख पर आरएसएस के एक बड़े नेता ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अमित मालवीय पर कठोर कार्रवाई और आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मालवीय को प्रचार-प्रसार प्रमुख के पद से भी हटाने की मांग की। श्रीनेत ने कहा कि मालवीय की दरिंदगी को बेनक़ाब करने वाले शान्तनु सिन्हा पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता राहुल सिन्हा के भाई हैं।

जम्मू-कश्मीर बस हमला


# आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू

किशोर कुमार, जम्मू

- वैष्णोदेवी धाम जा रही तीर्थ यात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने रविवार को किया था हमला
- चार आतंकियों ने दिया हमले को अंजाम, 12 से ज्यादा लोगों को लगीं हैं आतंकियों की गोलियां

**अमृत विचार :** वैष्णो देवी जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले की जांच एनआईए ने शुरू कर दी है। रविवार शाम हमले के दौरान बस खाई में जा गिरी थी। इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों में दो और घायलों में 34 उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। बस पर की गई अंधाधुंध फायरिंग में 12 लोगों से ज्यादा को आतंकियों की गोलियां लगीं। गोली लगने से चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि गोली लगने से घायल 9 लोग जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मेडिकल कालेज का दौरा किया और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए 10-10 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा आतंकियों की तलाश की जा रही है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

सुरक्षा बल आतंकियों की तलाश में जंगल छान रहे हैं। ड्रोन की मदद ली जा रही है। एनआईए की टीम जिला रियासी पहुंच गई है। फोरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए हैं। उधमपुर रियासी रेंज के डीआइजी रईस मौहम्मद भट ने बताया आतंकी हमले के संबंध में कुछ सुराग मिले हैं, उसके बाद 11 टीमें बनाकर तलाशी शुरू कर दी है। सुरक्षाबलों को सुराग मिला है कि हमले को चार आंतकियों ने अंजाम दिया और हमले के बाद जंगल में भाग गये। आतंकियों ने सोची समझी साजिश के बस के सामने आकर फायरिंग। ड्राइवर की गोली लगने से मौत हो गई और बस खाई में जा गिरी। हमले के दौरान दो आतंकी बस पर गोलियां बरसा रहे थे और दो अन्य उनको कवर कर रहे थे। हमले के बाद क्षेत्र में अलर्ट कर दिया गया है। वैष्णो देवी धाम और अमरनाथ धाम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले के बाद तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन। • एजेंसी

### मृतकों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले

मृतकों में रियासी निवासी चालक विजय, परिचालक अर्जुन, जिला बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) के निवासी अनुराग वर्मा, रूबी, सौरभ गुप्ता, राजस्थान निवासी टीटू, ममता, राजेंद्र प्रसाद, पूजा शामिल हैं। इसके अलावा 9 लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। बस के खाई में गिरने के कारण 31 अन्य घायल हैं। गंभीर घायलों को जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

# सात राज्यों की 13 विस सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 10 जुलाई को मतदान और मतगणना 13 जुलाई को होगी। जिन सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें रूपौली (बिहार), रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला (प. बंगाल), विक्रवंडी (तमिलनाडु), अमरवाड़ा (मप्र), बद्रीनाथ और मंगलौर (उत्तराखंड), जालंधर पश्चिम (पंजाब) और देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं। चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी।

# घाघरा नदी में एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, चार की मौत

संवाददाता लखीमपुर खीरी/निघासन

- रील बनाते समय नदी में गिरे बच्चे को बचाने में हुआ हादसा, मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पढुआ क्षेत्र के गांव बोकरिहा के निकट घाघरा नदी पर रील बनाते समय पैर फिसलने से दस साल का कान्हा नदी में गिर गया। उसे बचाने में एक-एक कर परिवार के चार सदस्य डूब गए। गोताखोरों ने पांचों को बाहर निकाला, जिनमें चार को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

मोहल्ला ईदगाह निवासी सुशीला उर्फ पच्चो (45) थाना पढुआ के गांव तेलियार स्थित अपने मायके में भाई बृजेंद्र श्रीवास्तव के घर आईं थीं। सोमवार तड़के पांच बजे कार से सुशीला भतीजों व भतीजियों के साथ गांव बकरहिया के निकट घाघरा नदी पर गए थे। टिया (17), कान्हा (10), नैनी (13), सत्यम (26) समेत सात लोग साथ थे। सभी कान्हा को नदी के किनारे खड़ा कर रील बना रहे थे। तभी कान्हा नदी में जा गिरा। उसे बचाने में पांचों लोग डूब गए। लोगों ने हादसे की सूचना गांव तेलियार निवासी बृजेंद्र श्रीवास्तव और पुलिस को दी। पुलिस नदी से पांचों को निकलवाकर सीएचसी रमियाबेहड़ ले गई जहां डॉक्टर ने सुशीला देवी, सत्यम, प्रिया व कान्हा को मृत घोषित कर दिया, जबकि नैनी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि रील बनाने के दौरान हादसा हुआ है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में आजम समेत छह आरोपी बरी

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आजम खां और बरकत अली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए।

आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी समेत कई धाराओं में गंज थाने में मुकदमे दर्ज कराए थे। आजम सीतापुर जेल में बंद है। साक्ष्य के अभाव में अदालत ने आजम खां, उनके करीबी रह चुके फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां, ठेकेदार बरकत अली समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। आजम के अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि अभियोजन पक्ष डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। वहीं एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने कहा कि, डूंगरपुर से जुड़े मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है। फैसले की कॉपी लेने के बाद उसे पढ़ा जाएगा। इसके बाद हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

# डीएम ऑफिस पर पथराव, हिंसक भीड़ ने एसपी दफ्तर में लगाई आग

बलौदाबाजार (छत्तीसगढ़), एजेंसी

- उग्र भीड़ ने कई कार और बाइक फूंक दी, जिले में धारा 144 लागू
- छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में हिंसक हुआ सतनामी आंदोलन


छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में धार्मिक स्तंभ को नुकसान पहुंचाने के विरोध में सतनामी समाज का आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया और सरकारी कार्यालय में तोड़फोड़ भी की। भीड़ द्वारा पथराव किए जाने के कारण अधिकारियों समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद धारा 144 लागू कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से मामले की जानकारी ली और इस पर रिपोर्ट मांगी। गत 15 और 16 मई की दरमियानी रात को कुछ अज्ञात लोगों ने बलौदाबाजार जिले के गिरौदपुरी धाम में पवित्र अमर गुफा में स्थित सतनामी समाज द्वारा पूजे जाने वाले 'जैतखंभ' में तोड़फोड़ की थी। 'जैतखंभ' को सतनामी समाज एक पवित्र प्रतीक के रूप में पूजता है।

घटना के विरोध में सतनामी समाज ने सोमवार को यहां दशहरा मैदान में विरोध-प्रदर्शन और जिलाधिकारी कार्यालय के घेराव का आह्वान किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को जिलाधिकारी कार्यालय की ओर बढ़ने से रोकने के लिए कई स्थानों पर अवरोधक लगा दिए। बलौदाबाजार के पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने बताया कि लगभग पांच हजार की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने अवरोधक तोड़ दिए और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया जिसमें अधिकारियों सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। वे जिलाधिकारी परिसर में घुस गए और तोड़फोड़ करने लगे। उन्होंने कई कार, मोटरसाइकिल और पुलिस अधीक्षक कार्यालय की इमारत में आग लगा दी और जिलाधिकारी कार्यालय पर पथराव किया, जिससे खिड़कियों के शीशे टूट गए।

# चुनाव में मुकाबला जरूरी लेकिन यह झूठ पर आधारित न हो

## संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

नागपुर, एजेंसी



- संघ प्रमुख ने कहा-मणिपुर में शांति बहाली के लिए प्राथमिकता से किया जाए विचार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत ने मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति स्थापित नहीं होने पर सोमवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि संघर्ष प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार किया जाना चाहिए।

यहां रेशमबाग में डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन परिसर में संगठन के 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-द्वितीय' के समापन कार्यक्रम में आरएसएस प्रशिक्षुओं की एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि विभिन्न स्थानों और समाज में संघर्ष अच्छा नहीं है। उन्होंने चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दस साल पहले मणिपुर में शांति थी। ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। भागवत ने कहा कि अशांति या तो भड़की या भड़काई गई, लेकिन मणिपुर जल रहा है और लोग इसकी तपिश का सामना कर रहे हैं। पिछले साल मई में मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़क उठी थी।

### कैसे हुआ, क्या हुआ जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है आरएसएस

हाल में हुए लोकसभा चुनावों के बारे में भागवत ने कहा कि नतीजे आ चुके हैं और सरकार बन चुकी है, इसलिए क्या और कैसे हुआ आदि पर अनावश्यक चर्चा से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस कैसे हुआ, क्या हुआ जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि संगठन केवल मतदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने का अपना कर्तव्य निभाता है। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि आम जनता के लिए काम किया जा सके। भागवत ने कहा कि चुनाव बहुमत हासिल करने के लिए होते हैं और यह एक प्रतिस्पर्धा है, युद्ध नहीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल और नेता एक-दूसरे की बुराई कर रहे हैं, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि इससे समुदायों के बीच दरार पैदा हो सकती है। उन्होंने अफसोस जताया कि आरएसएस को भी बिना किसी कारण के इसमें घसीटा जा रहा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए।

### आज का मौसम

आसमान साफ रहेगा।

$44.0^{0}$ अधिकतम तापमान | $27.0^{0}$ न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- बिथरी क्षेत्र में कांग्रेस की लोकसभा धन्यवाद यात्रा दोपहर 2 बजे।
- माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शाम 6 :30 बजे।
- शील ग्रुप के सिटी कार्यालय में अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत एवं जनपद बरेली के पदाधिकारी की बैठक शाम 5 :30 बजे।
- नीट पेपर लीक मामले में समाजवादी छात्र सभा का कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन सुबह 10 :30 बजे।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में मण्डल स्तरीय तैराकी का ट्रायल शाम 5 बजे।

# कैसे मानें साफ है नीयत... 360 करोड़ की जमीन के बारे में फैसला और कोई प्रस्ताव तक नहीं

## आर्य समाज अनाथालय बंद कर रही प्रबंध समिति की इस जमीन पर गुरुकुल शुरू करने की योजना हवा में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के बीच करीब 360 करोड़ कीमत की जमीन पर चल रहे आर्य समाज अनाथालय को बंद करने के फैसले के पीछे का खेल धीरे-धीरे खुलकर सामने आने लगा है। प्रबंध समिति ने कोई प्रस्ताव पारित किए बगैर अनाथालय को बंद कर उसकी जगह गुरुकुल बनाने का फैसला कर लिया और उस पर अमल भी शुरू कर दिया। गुरुकुल शुरू करने के लिए शिक्षा विभाग में भी अब तक कोई आवेदन नहीं किया गया है, जिसकी वजह से सवाल उठ रहा है कि प्रबंध समिति अनाथालय की जगह गुरुकुल ही चलाना चाहती है या उसकी मंशा कुछ और है।

अमृत विचार की पड़ताल में पता चला है कि आर्य समाज पिछली प्रबंध समिति ने शहर के बीच अनाथालय के 42 बीघा जमीन में फैले विशाल परिसर का हवाला देते हुए सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया था कि अनाथालय के साथ ही गुरुकुल ही चलाया जाए। उस समय समिति ने शहर के कुछ उदार लोगों से भी इस संबंध में बात की थी जिसके बाद वे गुरुकुल के लिए दान देने को भी तैयार हो गए थे। तय हुआ था कि गुरुकुल के लिए भूमि पूजन होने के बाद दानदाता उसे स्थापित करने के लिए मदद करना शुरू करेंगे। इस प्रस्ताव में इस बात का कहीं भी उल्लेख नहीं था कि अनाथालय को बंद कर दिया जाएगा लेकिन जनवरी 2023 में ओमकार आर्य के प्रधान बनने के बाद प्रबंध समिति में अलग ही सुर गूंजने लगे।

ओमकार आर्य ने प्रधान बनने के फौरन बाद कुछ इस तरह अनाथालय के स्टाफ के साथ कई अनाथ बच्चों को निकाल बाहर किया, जैसे पहले से सबकुछ तय हो। यही नहीं, कोई नया प्रस्ताव पारित किए बिना ही अनाथालय को बंद करके उसकी जगह गुरुकुल बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया। इसी के चलते अनाथालय में बची तीन युवा लड़कियों को भी 30 जून तक निकलने का आदेश सुना दिया गया और उनसे इस बारे में एग्रीमेंट भी करा लिया गया। बावजूद इसके कि गुरुकुल बनाने के लिए प्रबंध समिति के पास फिलहाल न कोई बजट है, न इसके लिए कोई योजना आधिकारिक तौर पर बनाई गई है। शिक्षा विभाग में गुरुकुल की मान्यता के लिए आवेदन तक नहीं किया गया है।




- न कोई प्रस्ताव पारित न शिक्षा विभाग में गुरुकुल के लिए अब तक कोई आवेदन
- पिछली समिति ने पारित किया था अनाथालय के साथ गुरुकुल चलाने का प्रस्ताव


मामला 360 करोड़ की जमीन का... बजट के इंतजाम के बिना ही अनाथालय बंद कर बनाने चले गुरुकुल

कानून न विधान... अनाथालय बंद कर रहा है प्रधान किसी को नहीं पता, पर्दे के पीछे कौन... माजरा क्या

### कानूनन नहीं बंद किया जा सकता अनाथालय

दीवानी मामलों के अधिवक्ता शाकिब खां कहते हैं कि बायलॉज के मुताबिक इस जमीन पर अनाथालय ही चलाया जा सकता है। लड़कियों की जब तक शादी न हो या उनकी कहीं स्थाई नौकरी न लग जाए, तब तक उन्हें यहां से हटाया नहीं जा सकता। इसके बायलॉज में अब कोई संशोधन भी नहीं हो सकता। यह अनाथालय धार्मिक चैरिटेबल ट्रस्ट के तहत चल रहा है। इसमें कहीं भी लड़कियों को हटाने का अधिकार प्रबंध समिति को नहीं दिया गया है। लड़कियों को हटाने से पहले उनके जीवन भर के भरण-पोषण की व्यवस्था प्रबंध समिति को करनी होगी। अनाथालय के नियमों के विरुद्ध काम करने वालों पर कार्रवाई भी हो सकती है। जिला प्रशासन इस मामले में जांच कर कार्रवाई कर सकता है।

### लगभग खाली हो चुका है अनाथालय, पर अब भी ले रहे हैं अनाथों के नाम पर दान

गुरुकुल शुरू करने के बहाने 140 साल पुराने आर्य समाज अनाथालय को लगभग बंद किया जा चुका है। बाकी बची तीन लड़कियों को 30 जून तक अनाथालय छोड़ना है। हालांकि बताया जा रहा है कि प्रबंधन अब भी अनाथ बच्चों के नाम पर शहर के लोगों से लगातार दान ले रहा है। पिछले करीब डेढ़ साल के बीच यहां न किसी शिक्षक या स्टाफ की नियुक्ति हुई है न किसी नए अनाथ बच्चे का दाखिला लिया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि दान में ली जा रही रकम का प्रबंध समिति क्या इस्तेमाल कर रही है।

### डीएम ने कहा- नियम-कानून से ही होगा कोई भी काम



डीएम रविंद्र कुमार ने अनाथालय प्रकरण का संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि अनाथालय में क्या चल रहा है, वह इस संबंध में जानकारी कराएंगे। विभाग को यह भी पता लगाने के लिए कहेंगे कि मौजूदा स्थिति क्या है। डीएम ने कहा कि कोई भी काम नियम-कानून के तहत होने दिया जाएगा।

### बदले सुर, प्रधान ने अब कहा- भ्रम फैला रहे लोग

मामला तूल पकड़ने के साथ अनाथालय के प्रधान ओमकार आर्य के सुर बदलने लगे हैं। सोमवार को उन्होंने कहा कि अनाथालय बंद नहीं किया जा रहा है, यहां गुरुकुल चलाया जाएगा। लोग भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि यह नहीं बताया कि अनाथालय बंद नहीं हो रहा तो लड़कियों को क्यों बाहर किया जा रहा है।

### पीड़ा में वो लोग जिनका इस अनाथालय में रहकर जीवन संवरा

आर्य समाज अनाथालय की प्रबंध समिति के फैसले वे लोग सकते में हैं जो अबोध अवस्था में यहां आए थे और यहीं रहकर पढ़ने-लिखने के बाद जिनका जीवन संवर गया। ऐसे ही एक शख्स पवन कुमार का कहना है कि अनाथालय को बंद करने के फैसले के पीछे बड़ी साजिश है जिसके पीछे इसकी संपत्ति के बारे में अनुचित मंशा रखने वालों का हाथ हो सकता है। अनाथालय को बंद न होने देने के लिए वह मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत करेंगे। आरके चौहान ने कहा कि इस अनाथालय की वजह से अब तक अनगिनत लड़के और लड़कियों का जीवन बचा और सुधरा है। इसे बंद करने का फैसला बेहद अफसोसनाक है। अनाथालय के बारे में प्रशासन और सरकार को गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए ताकि यह किसी भी दशा में बंद न होने पाए।

# ये पैंतरा भी... लड़कियों पर इतनी ज्यादती कि अनाथालय में और रहने की सोच भी न पाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बाकी बची लड़कियों को दिन में तीन समय बनाना पड़ता है 15-15 लोगों का खाना
- कॉलेज फीस देने से भी इन्कार, कहा- कब तक बैठाकर खिलाएं, खुद करो इंतजाम

**अमृत विचार :** महर्षि दयानंद सरस्वती ने 140 साल पहले बाल शोषण रोकने की मुहिम के तहत आर्य समाज अनाथालय की स्थापना कराई थी लेकिन अब यहां बाल शोषण ही चरम पर है। अनाथालय में बची जिन तीन लड़कियों को 30 जून तक बाहर निकलने का आदेश दिया गया है, उन पर जमकर ज्यादती की जा रही है। लड़कियों के मुताबिक उनसे पूरे दिन में तीन समय 15-15 लोगों का खाना बनवाया जाता है। इसके बावजूद ठीक से व्यवहार नहीं किया जाता।

इसे भी अनाथालय बंद करने की योजना का ही हिस्सा बताया जा रहा है ताकि लड़कियां आगे और यहां रहने के बारे में न सोचें। इन तीनों लड़कियों की उम्र 22- 24 साल के बीच है। तीनों पैदा होने के कुछ ही महीनों बाद अनाथालय लाई गई थीं, तब से यहीं रह रही हैं। इनमें से एक बीएड कर चुकी है और दूसरी की एमए की पढ़ाई पूरी हो चुकी है। तीसरी लड़की का एमए का सपना प्रबंध समिति की ओर से फीस न भरे जाने के कारण पूरा नहीं हो सका। आरोप है कि प्रबंधन ने यह कहकर फीस देने से इन्कार कर दिया कि आखिर कब तक तुम्हें बैठाकर खिलाएं। अपनी फीस खुद जमा करो।

बता दें कि अनाथालय में दो साल पहले तक 60 से ज्यादा अनाथ लड़के और लड़कियां थी जिनके भरण पोषण के साथ प्रबंध समिति उनकी शिक्षा की भी व्यवस्था करती थी लेकिन फरवरी 2024 में ही इनमें से ज्यादातर के साथ कर्मचारियों को भी यहां से हटा दिया गया। इससे पहले छोटे बच्चों से भी भारी काम कराने के भी कई मामले हुए। अक्टूबर 2023 में प्रधान ओमकार आर्य के खिलाफ आठ साल की एक बच्ची से छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस ने उसे जेल भेजा था लेकिन कुछ ही समय बाद जमानत मिल गई।

### दरगाह आला हजरत से एलान, 17 को मनाई जाएगी ईद-उल-अजहा

**बरेली, अमृत विचार :** दरगाह आला हजरत से ईद-उल-अजहा की तारीख का एलान हो गया है। मरकजी दारुल इफ्ता की रुयते हिलाल कमेटी की तरफ से जारी पैगाम में कहा गया है कि 17 जून को ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी। बीती आठ जून को इस्लामिक कैलेंडर के जिलहज्जा महीने की पहली तारीख थी। इस महीने की दस तारीख को बकरीद मनाई जाती है। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा खान (असजद मियां) के हवाले से बताया कि 17 जून को ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां ने सभी लोगों से अदब और अहतराम के साथ ईद मनाने का आह्वान किया।

### 400 करोड़ खर्च करने वालों ने प्यास से तरसते लोगों से मुंह मोड़ा

शहर की पेयजल व्यवस्था पर 400 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी लोगों को गर्मी में पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। सुभाष नगर के दामोदर पुरम में टंकियों में पानी न आने से लोगों को नल पर लाइन लगानी पड़ रही है।





चौपुला पर खराब पड़ा सरकारी हैंडपंप।

### जहां इंसानियत, वहां रोककर पिलाते हैं शर्बत



जहां इंसानियत है, वहां बजट पर नजर नहीं रहती। शहर की हर सड़क पर आजकल कोई न कोई प्याऊ दिख जाएगी जहां समाजसेवी लोग भीषण गर्मी में को राहत पहुंचाने के लिए लोग अपनी जेब से पैसा खर्च कर शर्बत पिला रहे हैं। सोमवार को चौकी चौराहे के गुरुद्वारे के पास लगी सबील। ● मोहित कुमार सिंह

### नाम है विकास भवन, मगर यहां पानी मिलना थोड़ा मुश्किल

**बरेली, अमृत विचार :** विकास भवन में बड़ी संख्या में फरियादी आते हैं, लेकिन भवन के दूसरे द्वार पर लगा वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़ा है। निचले तल पर भी पानी के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। पहली मंजिल पर पेयजल की सुविधा है, लेकिन बुजुर्ग और दिव्यांगों को वहां तक पहुंचने में दिक्कत होती है। सोमवार को तमाम बुजुर्ग और दिव्यांग पेंशन संबंधी शिकायत लेकर पहुंचे। भीषण गर्मी में वे पानी के लिए इधर उधर भटकते रहे। जबकि जिम्मेदार जगह जगह प्याऊ लगवाने का दावा कर रहे हैं, लेकिन कार्यालयों में स्थिति ठीक इसके विपरित है।



### जून में अब तक सोमवार सबसे गर्म, कल 45 डिग्री पहुंच सकता है पारा

**बरेली, अमृत विचार :** जिले का तापमान एक बार फिर से बढ़ रहा है। जून में सोमवार अब तक सबसे अधिक गर्म रहा और अधिकतम तापमान सामान्य से 4 .4 डिग्री सेल्सियस अधिक 43 .3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 12 और 13 जून को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान जताया है। इसके अलावा हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। मानसून 15 से 25 जून के बीच दस्तक दे सकता है। हालांकि न्यूनतम तापमान में गिरावट से लोगों ने रात में राहत की सांस ली और शाम के वक्त बादल छाए रहने से भी कुछ राहत मिली। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 .4 डिग्री कम 24 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार सुबह से तेज धूप खिलने से लोग दिन में गर्मी से बेहाल हो गए। पिछले पांच दिनों में अधिकतम तापमान करीब पांच डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह के मुताबिक कि आगामी दिनों में लू के चलते अधिकतम तापमान 43-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस दौरान 10-12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलेंगी। उन्होंने बताया कि जिले में 15 से 25 जून के बीच में मानसून दस्तक दे सकता है।

# अगले महीने से कुशीनगर के लिए जेट विंग्स की उड़ान

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- बरेली से दिल्ली तक हवाई सफर के लिए नए सिरे से प्रयास तेज
- विभिन्न एयरलाइंस से संपर्क साधा जा रहा, पत्र भेजा गया

**अमृत विचार :** पश्चिमी यूपी से पूर्वांचल और बिहार को जोड़ने के लिए बरेली से कुशीनगर के लिए जेट विंग्स ने सर्वे का काम पूरा कर लिया है। संभावना है कि जुलाई से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। वहीं, बरेली से दिल्ली तक हवाई सफर को फिर से शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में इंडिगो को पत्र भेजा गया है। एयरपोर्ट निदेशक ने संपर्क प्रगति जानी है।

बरेली एयरपोर्ट से दिल्ली, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, कलकत्ता, सूरत तक हवाई सेवा शुरू कराने के प्रयास हो रहे हैं। इसके लिए विभिन्न एयरलाइंस को ई मेल के जरिए पत्र भेजकर बरेली एयरपोर्ट पर सुविधाओं के बारे में बताया गया है। यहां से हर रोज यात्रियों की अच्छी खासी संख्या होने की बात बताई जा रही है।

बरेली से दिल्ली के लिए हवाई सेवा का अनुबंध 30 मार्च को समाप्त होने के बाद एलायंस एयर ने फ्लाइट को बंद कर दिया है। यहां के लिए इंडिगो एयरलाइंस से फ्लाइट शुरू कराने को संपर्क साधा गया है। इधर, पश्चिमी यूपी को पूर्वांचल और बिहार के कुछ जनपदों को जोड़ने के लिए सर्वे का काम पूरा होने के बाद शेड्यूल का इंतजार किया जा रहा है। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत बरेली से कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए हवाई सेवा जल्द से जल्द चालू हो सके, इसके लिए जेट विंग्स एयरवेज की उड़ान की मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन समय सारणी का निर्धारण नहीं हो पाया है। इसके लिए जेट विंग्स एयरवेज फिर से रिमांडर भेजा गया है।

> बरेली एयर पोर्ट से विभिन्न शहरों के लिए हवाई यात्रा शुरू कराने के लिए एयरलाइंस कंपनियों को पत्र भेजा गया है। प्रयास है कि बरेली से दिल्ली और कुशीनगर की फ्लाइट शीघ्र शुरू हो जाएं। - **अवधेश अग्रवाल,** निदेशक, बरेली एयर पोर्ट

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत बरेली- कुशीनगर के टिकट दर पर 50 प्रतिशत का अनुदान रहेगा। एयरलाइंस कंपनियों को उम्मीद है कि बरेली, मुरादाबाद मंडल, उत्तराखंड, पूर्वांचल के गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़ मंडल, बिहार के गोपालगंज, सिवान, बेतिया, बगहा सहित आदि स्थानों के लिए काफी संख्या में यात्री मिलेंगे।

# फाल्ट: गुलाबनगर और गढ़ी चौकी में बिजली ठप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गुलाबनगर और गढ़ी चौकी के पास बंच केबल में आग लगने से फॉल्ट के चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सिविल लाइंस और विकास भवन रोड पर सोमवार को पूरा दिन ट्रिपिंग का सिलसिला चलता रहा। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गर्मी में हर रोज होने वाली बिजली कटौती अब उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बनने लगी है। हर रोज लोकल फॉल्ट से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। सोमवार को किला उपकेंद्र के गुलाबनगर और गढ़ी चौकी के पास बंच केबल में आग लग जाने से बिजली आपूर्ति दोपहर के समय दो घंटे तक बाधित रही। इसके साथ ही बानखाना चौराहा पर ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिससे करीब दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। कुतुबखाना उपकेंद्र के बाग ब्रिगटान में केबल जल जाने से सोमवार की शाम चार बजे से साढ़े पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। सुभाषनगर में लोकल फॉल्ट और केबल जल जाने से बिजली कटौती की गई, जिससे गर्मी में उपभोक्ता परेशान होते रहे। सिविल लाइंस के पटेल चौक, चौकी चौराहा और विकास भवन रोड के अलावा जगतपुर के पीलीभीत बाईपास और सेटेलाइट के साथ आजादनगर में बिजली की आंख मिचौली से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।


बानखाना चौराहे के पास ट्रांसफार्मर में लगी आग। ● अमृत विचार



















शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# क्योंकि बेरोजगार वोट भी डालते हैं... रोजगार मेलों का लक्ष्य तीन गुना

## पिछले साल बरेली को सिर्फ 15 रोजगार मेलों का लक्ष्य दिया गया था, इस बार पिछले नौ साल में सबसे ज्यादा 42 रोजगार मेलों का

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले ही बेरोजगारी बड़ा मुद्दा बनकर उभरने का नतीजा यह है कि पिछली बार से करीब तीन गुना रोजगार मेले आयोजित करने का लक्ष्य बरेली को दिया गया है। यह लक्ष्य पिछले नौ वर्षों में सर्वाधिक है। इन मेलों में जिले भर के 83 हजार से ज्यादा बेरोजगार युवाओं में से सात हजार को नौकरियां दिया जाना तय किया गया है।

हालांकि प्राइवेट और सरकारी नौकरियों का पेच इस लक्ष्य में भी फंसा दिखाई दे रहा है। इन रोजगार मेलों के जरिए युवाओं को प्राइवेट नौकरियां ही मिल पाएंगी और पिछले बरसों का इतिहास यह है कि ज्यादा काम और कम वेतन की वजह से युवाओं का प्राइवेट नौकरियों से मोह भंग होता रहा है। सेवायोजन विभाग को रोजगार मेलों का नया लक्ष्य लोकसभा चुनाव से पहले ही दे दिया गया था लेकिन इनका आयोजन चुनाव बाद अब शुरू होगा, जब बेरोजगारी का असर चुनावी नतीजों पर साफ दिखाई दे चुका है।

बेरोजगारी का मुद्दा चुनाव से काफी पहले ही देश में गूंजने लगा था, माना जा रहा है कि इसी को देखते हुए सरकार ने रिकॉर्डतोड़ रोजगार मेलों का लक्ष्य दिया है। अफसरों के मुताबिक प्रदेश के बाकी सभी जिलों में भी इसी तरह लक्ष्य बढ़ाया गया है। हालांकि बरेली में बेरोजगार युवाओं की संख्या की तुलना में इसे भी काफी कम बताया जा रहा है। युवा इससे कितना संतुष्ट होंगे, यह तो आने वाले समय में ही तय होगा लेकिन इतना संकेत जरूर मिल रहा है कि सरकार बेरोजगारी के मुद्दे पर गंभीर हो गई है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2023-24 में सिर्फ 15 रोजगार मेले आयोजित कर 2560 युवाओं को नौकरी दिलाने का लक्ष्य बरेली को दिया गया था। 2022-23 में 14, 2021-22 में 19, 2020-21 में 18, 2019-20 में 16, । 2018-19 में 15, 2017-18 में 15, 2016-17 और 2015-16 में 12-12 रोजगार मेले का लक्ष्य बरेली को दिया गया था। इस बार इन सारे बरसों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 42 रोजगार मेलों के आयोजन का लक्ष्य दिया गया है।

- बरेली के 83 हजार बेरोजगारों में से सात हजार को नौकरी दिलाने की होगी कोशिश
- इससे पहले वित्तीय वर्ष 2021-22 में दिया गया था सर्वाधिक 19 रोजगार मेलों का लक्ष्य



### आंकड़े: 2019 से पहले गंभीर ही नहीं थे, चुनावी साल में बनाया रिकॉर्ड

रोजगार के मुद्दे पर सरकारी सिस्टम गंभीर ही नहीं था। इसका उदाहरण यह है कि 2019-19 में बरेली को 15 रोजगार मेलों का लक्ष्य दिया गया लेकिन आयोजित हुए 12 ही। इससे पहले भी लक्ष्य बस किसी तरह पूरे किए जाते रहे। 2017-18 में 15 मेलों के लक्ष्य के सापेक्ष 16 मेले लगे। 2016-17 और 2015-16 में 12-12 मेले का लक्ष्य मिला, लगे भी इतने ही। दोनों वर्षों में गिनती के युवाओं को नौकरी दी गई। लेकिन इसके बाद सेवायोजन विभाग ने सक्रियता दिखानी शुरू की। 2020-21 में 18 के लक्ष्य के सापेक्ष 33 मेले लगाकर 8041 युवाओं को नौकरी दिलाई गई। 2021-22 में 19 के सापेक्ष 23 मेले लगाए और 5387 को रोजगार दिलाया। 2022-23 में 14 की जगह 28 मेल लगाकर 6801 को रोजगार दिया गया। चुनावी साल 2023-2024 में और भी बड़ा रिकॉर्ड बना। विभाग ने 15 मेलों के लक्ष्य के सापेक्ष 52 रोजगार मेले लगाकर 8460 लोगों को नौकरियां दिलाईं।

> रोजगार मेले लगाने का इस बार लक्ष्य बढ़ाया गया है। बेरोजगार घूम रहे युवाओं के लिए यह अच्छी बात है। लक्ष्य पूरा करने के लिए स्कूल-कॉलेजों से संपर्क शुरू कर दिया है। कोशिश करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार दिलाया जाए। **-त्रिभुवन सिंह**, सहायक निदेशक सेवायोजन

### बरेली मंडल में दो लाख से ज्यादा पंजीकृत बेरोजगार

वित्तीय वर्ष 2023-24 में सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर बरेली में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 83 हजार 229 थी। इसके अलावा पीलीभीत में 43 हजार 228, बदायूं में 42 हजार 540 और शाहजहांपुर 40 हजार 310 पंजीकृत बेरोजगार थी। हालांकि अनाधिकारिक तौर पर बेरोजगारों की संख्या इससे कई गुना ज्यादा बताई जाती है।

### आठ साल का इतिहास, एक तिहाई को तो नौकरी नहीं मिली, 25 फीसदी ने छोड़ दीं

वर्ष 2015-16 से 2022-23 तक आठ साल में शासन से 121 रोजगार मेलों का लक्ष्य मिला था जिसके सापेक्ष विभाग ने 157 रोजगार मेले लगाए। इनमें करीब 10870 युवाओं ने प्रतिभाग किया लेकिन एक-तिहाई को नौकरी नहीं मिल सकी। सिर्फ 31,570 बेरोजगारों को ही नौकरियां मिल पाईं लेकिन करीब 25 फीसदी युवाओं ने कुछ ही समय बाद कम वेतन और ज्यादा काम की वजह से उन्हें छोड़ दिया। नौकरी छोड़ने के कारणों की सरकार कुछ साल से रैंडम जांच कराने लगी है। इस जांच में भी सबसे प्रमुख वजह कंपनियों की ओर से कम पैसे देकर काम का बेतहाशा दबाव बनाने और घर से कार्यस्थल की लंबी दूरी बताई जा चुकी है।

## एक नजर

### जंक्शन पर रेल कोच रेस्टोरेंट के लिए टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** जंक्शन पर रेल कोच रेस्टोरेंट बनाने की कवायद एक बार फिर शुरू हो चुकी हैं। जंक्शन रेल प्रशासन की तरफ से टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके पूरी होने के बाद रेल कोच रेस्टोरेंट प्राइवेट एजेंसी के जरिए संचालित किया जाएगा। इससे पहले इज्जतनगर रेल मंडल के इज्जतनगर स्टेशन पर दो कोच वाला रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू किया गया था। रेल अधिकारियों के मुताबिक बरेली जंक्शन पर एक कोच वाला रेस्टोरेंट खोला जाएगा। इसके लिए आरक्षण कार्यालय प्रांगण में एसबीआई एटीएम के बराबर में जगह को चिह्नित किया गया है। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि फिलहाल टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

### एसडीएम नवाबगंज हटाए मल्लिका को जिम्मेदारी

**बरेली, अमृत विचार :** आचार संहिता खत्म होने के बाद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सोमवार को पहली ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। उन्होंने एसडीएम नवाबगंज गोविंद मौर्य को हटाकर एसडीएम फरीदपुर न्यायिक बनाया है और एसडीएम न्यायिक नवाबगंज मल्लिका नैन को एसडीएम नवाबगंज बनाया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक एसडीएम गोविंद मौर्य आईएएस की तैयारी कर रहे हैं और उन्हें परीक्षा देने जाना है।

### 54 बीघा में बन रहीं चार अवैध कॉलोनी ध्वस्त



**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए ने नैनीताल और बीसलपुर रोड पर सोमवार को 54 बीघा क्षेत्रफल में बनीं अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। बीसलपुर रोड पर पुरनापुर में पेट्रोल पंप के सामने 10 बीघा क्षेत्रफल में विकास बत्रा प्राधिकरण की अनुमति के बिना कॉलोनी बसा रहे थे। इसके अलावा नैनीताल रोड पर एक मेडिकल कॉलेज के पास 18 बीघा क्षेत्रफल में जमील अहमद, रेलवे स्टेशन के सामने 10 बीघा में अनस अवैध कॉलोनी बसा रहे थे। नैनीताल रोड पर ही महबूब, अतुल गुप्ता और रजत गुप्ता 16 बीघा में अवैध कॉलोनी बसा रहे थे। बीडीए के प्रवर्तन दल ने सोमवार को सभी जगह निर्माण को ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन दल में सहायक अभियंता हरीश चौधरी, लक्ष्मण सिंह रावत, अवर अभियंता आदि शामिल थे।

### नई बसें जल्द मिलेंगी, 445 संविदा चालकों की जरूरत

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली परिक्षेत्र में नई बसें आनी शुरू हो गई हैं लेकिन यहां पहले से ही चालकों की कमी हे। क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र भेजकर अपने स्तर से कार्रवाई करने के लिए कहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक धनजी राम के मुताबिक बरेली में 125, रुहेलखंड में 115, बदायूं में 110 और पीलीभीत में 95 चालकों की जरूरत है। इसी माह 25 नई बसें और अगले महीने 100 नई बसें मिलेंगी।

## होटल निर्वाना ने तय सीमा से ज्यादा बढ़ा ली ऊंचाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ध्वस्तीकरण की होगी कार्रवाई तत्कालीन अफसरों से होगी पूछताछ
- प्रतिबंधित क्षेत्र में होटल की ऊंचाई बढ़ाने का मामला

**अमृत विचार :** एयरफोर्स की अनुमति के बगैर प्रतिबंधित क्षेत्र में होटल ग्रैंड निर्वाना ने तय सीमा से ज्यादा ऊंचाई तक निर्माण करा लिया है। बीडीए इस पर कार्रवाई करेगा। ज्यादा ऊंचाई तक बनी इमारत का हिस्सा तोड़ा जाएगा।

एयरफोर्स ने प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण होने की बात शासन में कही थी। वीसी बीडीए मानिकनंदन ए ने बताया कि इस संबंध में शासन से पत्र आया था। उसका जवाब भेज दिया गया है। प्रतिबंधित क्षेत्र में होटल ग्रैंड निर्वाना ने तय सीमा से ज्यादा निर्माण कराया है। ज्यादा ऊंचाई वाली मंजिलों को ध्वस्त किया जाएगा। एयरफोर्स ने भी ऊंचाई ज्यादा होने की बात कही है।

सूत्रों के अनुसार वर्ष 2018 में होटल निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई थी। कई विभागों से एनओसी ली गई गई थी। फिलहाल, तत्कालीन अफसरों और अभियंताओं की मिलीभगत की वजह से यह गड़बड़ी की बात सामने आ रही है। होटल निर्माण को मंजूरी देने वाले अफसरों से भी पूछताछ की जाएगी।

### तहसीलदार आंवला और रजिस्ट्रार कानूनगो के बीच लेटर वार

**बरेली, अमृत विचार :** उद्धरण खतौनी मांगने को लेकर तहसीलदार आंवला और रजिस्ट्रार कानून गो (आरआई भूलेख) मिहीलाल के बीच लेटर वार शुरू हो गया है। तहसीलदार की ओर से रजिस्ट्रार कानून गो को लिखे गए पत्र में उद्धरण खतौनी की एक प्रति सरकारी कार्य के लिए उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था, लेकिन खतौनी उपलब्ध न कराकर उनके पत्र पर यह टिप्पणी अंकित कर वापस कर दिया कि भूलेख कार्यालय से कोई निशुल्क खतौनी प्राप्त नहीं होती है तो कैसे दें। इस पर तहसीलदार ने रजिस्ट्रार कानून गो को पत्र लिखकर पूछा कि परवाना का अंकन कराने की जिम्मेदारी किसकी है। इस मामले में तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का सर्वे पूरा, जल्द लगने होंगे शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ग्रामीण क्षेत्र में भी पहली बार लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर

**अमृत विचार :** शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने के लिए कंपनी ने सर्वे लगभग पूरा कर लिया है। जल्द ही मीटर लगाने का काम शुरू किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में पहले से ही 54 हजार स्मार्ट मीटर लगे हुए हैं लेकिन इनमें आए दिन खराबी की शिकायत भी लोग करते हैं। इन मीटरों को भी प्रीपेड करने पर विचार किया जा रहा है।

जिले में करीब 4.5 लाख प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। प्रीपेड स्मार्ट मीटर में उपभोक्ता रिचार्ज की तरह बिजली का इस्तेमाल कर सकेंगे। ऐसे में रिचार्ज खत्म होने के बाद बिजली कट जाएगी और रिचार्ज कराने के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल हो सकेगी। प्रीपेड मीटर लगने के बाद विभाग का बकाया बिजली बिल वसूली का लोड भी कम होगा।

> स्मार्ट मीटर लगाने के लिए कराया जा रहा सर्वे पूरा हो चुका है। जल्द ही उपभोक्ताओं के घर पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। **-अशोक कुमार चौरसिया**, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण

## सुल्तान बेग के विरुद्ध गैरजमानती वारंट

**विधि संवाददाता, बरेली:** स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए शाम्भवी ने वर्ष 2022 में प्रशासन की बगैर अनुमति के सभा कर कोविड प्रोटोकाल और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मामले में हाजिर न होने पर सपा के पूर्व विधायक सुल्तान बेग के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर सुनवाई को 5 जुलाई की तिथि नियत की है।

सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी के अनुसार 28 जनवरी 2022 को उड़नदस्ता प्रभारी कैंट विधानसभा क्षेत्र मोहम्मद आसिम ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को तहरीर देकर बताया कि वायरल हो रहे सभा के वीडियो में दर्शाए गए स्थान पर जाकर देखने पर पाया गया कि सपा कार्यालय पर किसी प्रकार की जनसभा नहीं हो रही थी, लेकिन 26 या 27 जनवरी 2022 को कार्यालय में सभा हुई थी, जिसमें आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया था। इस संबंध में रिर्टनिंग ऑफिसर को सूचित किया गया था। सभा का आयोजन सुल्तान बेग की ओर से किया गया था। कोतवाली पुलिस ने सुल्तान बेग के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। वहीं सुल्तान बेग के अधिवक्ता ने अदालत में कोविड महामारी के दौरान दर्ज मुकदमा वापसी के शासनादेश का हवाला देते हुए केस कार्यवाही समाप्त करने की याचना की थी।

## शहर विधानसभा क्षेत्र: भाजपा के गढ़ में सपा ने लगाई जबर्दस्त सेंध

### वर्ष 2019 की तुलना में कई बूथों पर ली अच्छी-खासी बढ़त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रधानमंत्री के रोड शो और गृहमंत्री की जनसभा का भी फायदा नहीं उठा पाई भाजपा

**अमृत विचार :** सपा बरेली में लोकसभा चुनाव भले ही हार गई लेकिन अपने प्रदर्शन से खुश है। वजह यह है कि पिछले चुनाव में जहां उसे काफी कम वोट मिले थे, वहां उसने इस बार भाजपा को पीछे छोड़ दिया है। शहर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री के रोड शो और गृमंत्री की जनसभा का भी भाजपा नेता फायदा नहीं उठा पाए। इन दोनों इलाकों में पिछले चुनाव की तुलना में भाजपा के वोट घटे और सपा के बढ़े हैं।

शहर विधानसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां राजेंद्रनगर, जनकपुरी, गांधीनगर, आवास विकास, सुशीला गिरीश इंटर कॉलेज जैसे तमाम बूथों पर सपा पहले कभी अपने पैर नहीं जमा पाई लेकिन इस बार उसने भाजपा के वोटों पर अच्छी-खासी सेंध लगाई है। बांके बिहारी मंदिर के पीछे कम्युनिटी सेंटर के नौ बूथों पर लोकसभा चुनाव 2019 में सपा को 274 और भाजपा को 3257 वोट मिले थे। इस बार यहां सपा को 550 और भाजपा को 3172 वोट मिले। सूरजभान पब्लिक स्कूल के 111 से 114 तक चार बूथों पर पिछली बार सपा को 217 भाजपा को 1336 वोट मिले थे। इस बार सपा को यहां 334 और भाजपा को 1434 वोट मिले हैं। भाजपा के वोटों में सेंध लगाकर यहां सपा ने 117 वोट ज्यादा पाए। हालांकि भाजपा को भी 98 वोट की बढ़त मिली है।

राजेंद्रनगर के सूरजभान कन्या इंटर कॉलेज के बूथ 131 से 140 तक 10 बूथों पर 2019 में सपा को 442 और भाजपा को 3688 वोट मिले थे। इस बार सपा को यहां करीब दोगुने 842 और भाजपा को 99 वोटों की कमी के साथ 3589 वोट मिले हैं। कुल मिलाकर इन 23 बूथों का नतीजा बता रहा है कि भाजपा के इस गढ़ में सपा की घुसपैठ हो गई है। लोकसभा चुनाव 2019 से तुलना की जाए तो इस क्षेत्र में सपा को कुल मिलाकर 793 वोट ज्यादा मिले हैं जबकि भाजपा को 86 वोट का नुकसान हुआ है।

हार्टमैन इलाका जहां गृहमंत्री ने जनसभा की थी, उसके वोट सुशीला गिरीश इंटर कॉलेज और हार्टमैन कॉलेज में पड़ते हैं। सुशीला गिरीश कॉलेज के 11 बूथों पर 2019 में सपा को 1263 और भाजपा को 3436 वोट मिले थे। इस बार सपा ने जबरदस्त पकड़ बनाते हुए 1869 वोट हासिल किए। भाजपा को 2592 वोट ही मिले। हार्टमन कॉलेज के आठ बूथों पर पिछली बार सपा ने 829 और भाजपा ने 2299 वोट पाए थे। इस बार सपा ने 1181 और भाजपा ने 2429 वोट पाए। इन सभी बूथों पर सपा को कुल मिलाकर 958 वोट की बढ़त मिली है जबकि भाजपा की बढ़त 286 वोट की ही रह गई। रिखी सिंह गर्ल्स कॉलेज जिसके आठ बूथों पर मॉडल टाउन और एकतानगर के वोट पड़ते हैं, वहां सपा को 2019 में 255 और भाजपा को 3965 वोट मिले थे। इस बार सपा ने 717 वोट पाए हैं और भाजपा ने 3733।

गुरुगोविंद इंटर कॉलेज मॉडल टाउन में सपा को पिछली बार 1501 और भाजपा को 1515 वोट मिले थे। इस बार यहां भी सपा को 1811 और भाजपा को 1610 वोट मिले है। सेंट फ्रांसिस स्कूल के 22 बूथों पर संजयनगर, ब्रहमपुरा और हजियापुर वार्ड के आंशिक वोट डाले जाते हैं। यहां स्टेडियम रोड की कॉलोनी के भी कुछ वोट हैं। पिछली बार यहां सपा को 2846 और भाजपा को 6396 वोट मिले थे। इस बार सपा को 3803 और भाजपा को 6771 वोट मिले हैं। सुरेश शर्मा स्मारक विद्यापीठ के सात बूथों पर पिछली बार सपा को 724 भाजपा को 2787 वोट मिले थे। इस बार सपा को 1138 और भाजपा को 2617 वोट मिले हैं।

## पत्नी पर जानलेवा हमले के जुर्म में उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

- पहली विदा से ही पति दहेज में एक लाख रुपये की मांग करने लगा था
- कोर्ट ने एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया, सास और देवर बरी

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी के सिर पर हंसिया से जानलेवा हमला करने के मामले में बदायूं दातागंज नवादा गौटिया निवासी पति गौरव को दोषी पाते हुए स्पेशल जज एफटीसी रवि कुमार दिवाकर ने आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं, मामले में सास सोमवती और देवर अनूप कुमार को बरी कर दिया।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि भुता ग्राम बुधौली निवासी लक्ष्मी ने 5 नवम्बर 2018 को एसएसपी को तहरीर देकर बताया कि उनका विवाह 18 मई 2014 को गौरव के साथ हुआ था। माता-पिता ने हैसियत के अनुसार विवाह में खर्च किया था। गृहस्थी का सारा सामान और बाइक देकर विदा किया था। पहली विदा से ही पति व ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपये की मांग करने लगे।

3 नवम्बर 2018 को पति गौरव ने जान से मारने की नियत से हंसिया से सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। रिपोर्ट दर्ज कराने थाना गईं, मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसएसपी के आदेश भुता पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, जानलेवा हमला, अपमानित करने, धमकी देने के आरोप में पति, सास और देवर समेत ससुराल पक्ष के 11 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट भेजी थी। शासकीय अधिवक्ता ने सात गवाह पेश किए थे।

### पत्नी की गला दबाकर हत्या में दोषी पति को 10 वर्ष कैद

**बरेली, अमृत विचार :** थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के पिपरिया गांव में पत्नी की गला दबाकर हत्या के मामले में पति सोहनलाल को अपर सत्र न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने दोषी पाया। कोर्ट ने सोहनलाल को 10 साल सश्रम कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। 25 हजार रुपये वादी मुकदमा राममूर्ति को बतौर मुआवजा दिये जाएंगे। सरकारी वकील अनूप कोहरवाल ने बताया कि वादी मुकदमा फतेहगंज पश्चिमी ग्राम टिटौली निवासी राममूर्ति ने थानाध्यक्ष फतेहगंज पश्चिमी को तहरीर देकर बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी सीमा की शादी करीब 15 साल पहले सोहनलाल उर्फ लल्लू से की थी। सोहनलाल शराब पीने का आदी और अक्सर सीमा के साथ मारपीट करता था। कई बार समझा बुझाया लेकिन उसने उत्पीड़न बंद नहीं किया। 18 अगस्त 2021 को सोहनलाल शराब पीकर घर आया तो सीमा ने विरोध किया। इस पर सोहनलाल ने सीमा की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

#### अदालत की टिप्पणी

> भारतीय समाज में अभी विवाहित महिलाओं की स्थिति दयनीय है। समय-समय पर विधायिका की ओर से कानून के माध्यम से महिलाओं की स्थिति को सुधारने का प्रयास किया गया है और महिलाओं के विरुद्ध अपराध को दंडनीय बनाया गया है। कई सुधारवादी दृष्टिकोण भी अपनाए गए हैं, फिर भी महिलाओं की स्थिति में अपेक्षित परिवर्तन नहीं हुए। विवाहित महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन न होने का मुख्य कारण पुरुषवादी मानसिकता भी है। **-रवि कुमार दिवाकर**, स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट, बरेली

## परिवहन विभाग में पूरे दिन नहीं हुए काम, आवेदक लौटे

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन विभाग में शनिवार और रविवार को अवकाश होने के बाद सोमवार को कार्यालय खुले तो सर्वर दगा दे गया। इससे विभागीय कामकाज पूरा दिन ठप पड़े रहे। इससे कार्यालय में काम कराने आए आवेदक परेशान होते रहे। एक सप्ताह से आए दिन परिवहन विभाग की साइट नहीं चल पाने से विभागीय कर्मचारी भी परेशान हैं।

**सर्वर ठप**

नकटिया स्थित आरटीओ कार्यालय और विकास भवन के पीछे स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में शनिवार और रविवार को अवकाश था। सोमवार विभागीय साइट ने सुबह 10 बजे से ही काम करना बंद कर दिया था। इस कारण गाड़ियों का ट्रांसफर, ड्राइविंग लाइसेंस से संबधित काम पूरी तरह ठप हो गया। शाम को चार बजे साइट चली तो धीमी गति होने से काम लंबित रहे। एआरटीओ मनोज सिंह ने बताया कि सर्वर में दिक्कत होने से काम प्रभावित हुआ था। जिन आवेदकों का काम रह गया है, उसे मंगलवार को पूरा कराया जाएगा।

## पूरे दिन लाइन में लगे पर तीसरे दिन भी नहीं बंट सका राशन

- रोज कोटे की दुकानों के चक्कर काट रहे हैं लोग

**बरेली, अमृत विचार :** तीन दिन से लगातार सर्वर ठप रहने से सरकारी गल्ला की दुकानों पर राशन का वितरण सोमवार को भी नहीं हो सका। इस दौरान कुछ ही दुकानों पर खाद्यान्न का वितरण हो पाया। सोमवार को कोटेदारों ने अपनी मशीनें खोलीं तो सर्वर की स्थिति पहले की तरह ही खराब मिली। ब्रह्मपुरा, जाटवपुरा, पुराना शहर, सिकलापुर, शाहबाद, जगतपुर, चक महमूद, बिहारीपुर, सुभाषनगर आदि इलाकों में मशीने नहीं चलीं। कोटेदारों की दुकानों पर कार्डधारकों की लंबी कतारें लगी रहीं। कोटेदारों ने अधिकारियों को फोन कर मशीन न चलने की जानकारी दी तो बताया गया कि सर्वर की दिक्कत पूरे प्रदेश में बनी हुई है। जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि खाद्यान्न वितरण थोड़ा धीमा है। पहले दिन के मुकाबले दूसरे और तीसरे दिन वितरण की स्थिति सुधरी है।



काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के महिला कोच में बैठे पुरुष। ● अमृत विचार

### काशी विश्वनाथ के महिला कोच में पुरुषों का कब्जा

- मुरादाबाद में आरपीएफ से मांगी सहायता, पर वे देखकर लौट गए

**बरेली, अमृत विचार :** काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के महिला कोच में कई पुरुष यात्री बैठे नजर आए। महिला यात्रियों का कहना था कि बरेली में आकर जगह मिली है, इससे पहले फर्श पर बैठकर सफर किया। कोच में सवार मिथिलेश और पूजा ने बताया कि पिलखुआ से लखनऊ जाने के लिए ट्रेन के महिला कोच में सवार हुए थे। कोच में पुरुष यात्री बुरी तरह भरे पड़े थे। बरेली तक फर्श पर बैठकर आना पड़ा। मुरादाबाद में आरपीएफ के सिपाहियों को स्टेशन पर बुलाया भी, लेकिन वो भी देखकर चले गए और मदद नहीं की। बरेली में भीड़ कम हुई तब जाकर जगह मिल पाई। तब भी कई पुरुष यात्री महिला कोच में बैठे हुए थे। ये महिलाएं इन पुरुष यात्रियों से झगड़ती रहीं, लेकिन पुरुष यात्रियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वे अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए।

## बरेली-मुरादाबाद रेल लाइन पर ब्लॉक से 22 ट्रेनें हुई प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दुगनपुर स्टेशन यार्ड में किये जाने हैं विकास कार्य
- नौ ट्रेनें रेग्यूलेट और नौ ट्रेनों को किया गया रीशेड्यूल

**अमृत विचार:** रेल प्रशासन की तरफ से एक बार फिर कई दिन तक चलने वाले बड़े ब्लॉक की जानकारी दी गई है। रेल अधिकारियों के मुताबिक मुरादाबाद-बरेली रेल खंड के बीच पड़ने वाले दुगनपुर स्टेशन यार्ड में मरम्मत कार्य किए जाने हैं। 20 से 26 जून तक नॉन इंटरलॉकिंग के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

इस दौरान नौ ट्रेनों को रेग्यूलेट व नौ ट्रेनों को रीशेड्यूल किया गया है। चार ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। कुल 22 ट्रेनों का संचालन इस कारण प्रभावित रहेगा। अधिकारियों के अनुसार 20504 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 22 जून को, 20506 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 23 जून को, 15211 दरभंगा अमृतसर 20 से 22 जून को, 12204 अमृतर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस 22 व 23 जून को, 14603 अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस 21 जून को अपने-अपने ओरिजनेटिंग स्टेशन से 75-75 मिनट की देरी से चलाई जाएंगी।

वहीं 04067 दरभंगा दिल्ली स्पेशल 19 व 23 जून को 90 मिनट, 04096 आनंद विहार अयोध्या स्पेशल 20 जून को 180 मिनट व 24 जून को 120 मिनट, 04680 गुवाहटी स्पेशल ट्रेन 21 जून को 240 मिनट देरी से अपनी यात्रा शुरू करेगी।

इसके अलावा 20506 डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 20 जून को, 20504 डिब्रूगढ़ राजधानी 24 जून को, 15211 अमृतसर जननायक एक्सप्रेस 19 व 23 जून को मार्ग में 30-30 मिनट रेग्यूलेट की जाएंगी।

जबकि 12326 गुरमुखी सुपरफास्ट 22 जून को 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 22 व 23 जून को 45-45 मिनट नियंत्रित की जाएंगी।

05531 आनंद विहार स्पेशल 23 जून को 60 मिनट, 04624 वाराणसी स्पेशल 23 जून को 120 मिनट, 04028 सहरसा स्पेशल 24 जून को 120 मिनट व 05310 मऊ स्पेशल 24 जून को 120 मिनट मार्ग में नियंत्रित की जाएगी।



काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए परेशान होते यात्री। ● अमृत विचार

### बरेली जंक्शन और रामपुर में ये ट्रेनें निरस्त

रेल प्रशासन की तरफ से चार ट्रेनों को डायवर्ट भी किया गया है। मार्ग बदलने से यात्रियों को दिक्कत होगी। जिन ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है, उनमें 12204 अमृतसर-सहरसा 22 जून को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट के रास्ते चलेगी। 15909 अवध असम एक्सप्रेस 18 व 22 जून को बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद रे रास्ते चलेगी। 12369 कुंभ एक्सप्रेस 19 व 23 जून को बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद के रास्ते से होकर गुजरेगी। 15910 अवध असम एक्सप्रेस 19 व 23 जून को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट के रास्ते चलेगी। इन ट्रेनों का ठहराव बरेली जंक्शन और रामपुर में नहीं होगा।

> दुगनपुर स्टेशन यार्ड में विकास और मरम्मत कार्य किए जाने हैं। इसकी वजह से रेल प्रशासन की तरफ से ब्लॉक लिया गया है। 20 से 26 जून के बीच ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। **-आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम, मुरादाबाद रेल मंडल

## सार-संक्षेप

### आयकरकर्मियों का तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन शुरू



**बरेली, अमृत विचार :** 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आयकर कर्मचारी महासंघ का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन सोमवार से शुरू हो गया। आयकर भवन में यह धरना 12 जून तक चलेगा। महासंघ के शाखा सचिव कुलदीप गंगवार ने बताया कि कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरनारत हैं। उनकी मांगें हैं कि स्थानांतरण व तैनाती का विकेंद्रीकरण किया जाना चाहिए। कर्मचारी महासंघ द्वारा सुझाए बिंदुओं के अनुरूप स्थानांतरण की गाइडलाइंस को शामिल किया जाना चाहिए। स्थानांतरण व तैनाती संबंधित 26 अप्रैल का आदेश वापस होना चाहिए। उन्होंने सब से एकजुट रहने का आह्वान किया। इस दौरान राकेश सिंह, कमलेश मौर्य, अरविन्द कुमार, अभिषेक शाही, मीना, मुहम्मद फैजल, मनोज कुमार, रौनक, विमल तिवारी, विवेक सोनकर, शुभम कुमार, अवधेश कुमार आदि रहे।

### मरीजों का किया निशुल्क बीएमडी परीक्षण



**बरेली,अमृत विचार :** एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में सोमवार को निशुल्क बोन मास डेन्सिटी परीक्षण किया गया। इस दौरान अमृतसर की निजी कंपनी द्वारा हड्डियों से संबंधित 116 रोगियों की निशुल्क जांच के साथ औषधि वितरण भी किया गया। यह जांच चिकित्सालय के पंचकर्म विभाग में अमृतसर से आई टीम ने की। जांच में अधिक उम्र वाली महिलाओं की हड्डियां कमजोर पाई गईं। डॉ. शांतुल ने बताया कि थायरॉयड की समस्या, मोटापा व अन्य समस्याओं का कारण संतुलित आहार व निद्रा न लेना ही है।

### शहर में टोयोटा की नई अर्बन क्रूजर टाइजर लांच



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली-रामपुर रोड स्थित कामर्शियल टोयोटा पर सोमवार को टोयोटा की नई अर्बन क्रूजर टाइजर को लांच किया गया। एमडी अरुण गुप्ता, सीईओ शिवम गुप्ता, वीपी अमित मनोहर, जीएम सर्विस, जीएम सेल्स अंशुल जैन की उपस्थिति में गाड़ी का अनावरण हुआ। दूसरी गाड़ी को ग्राहकों ने फीता काट कर लांच किया। अनूठी डिजाइन के साथ टाइजर की यह गाड़ी 1.0 लीटर टर्बो, 1.2 लीटर पेट्रोल और ई-सीएनजी में उपलब्ध है। एमडी के अनुसार इसमें सुरक्षा के लिए 6 एयर बैग, हिल होल्ड असिस्ट, हेड उप डिस्प्ले, 360 डिग्री व्यू कैमरा, वायरलेस चार्जर, स्मार्ट प्ले सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। सीईओ ने बताया कि लांचिंग के दौरान ग्राहकों ने 17 गाड़ियां बुक कराईं। पांच लोगों ने गाड़ियों की डिलीवरी भी ली। आशीष मिश्रा, सीएल पांडे, रोहित सक्सेना, दाऊद खान, वसीम खान, प्रमोद कुमार, इसरार खान, मनोज सिंह, सतेंद्र सिंह, सुबोध सिंह, अब्दुल मन्नान, अमान खान, निशि, आबिदा, प्राची, अनम आदि मौजूद रहे।

### बालाजी मंदिर में 20 को मनाया जाएगा वार्षिकोत्सव

**बरेली,अमृत विचार :** राजेंद्र नगर स्थित श्री तिरुपति बाला जी मंदिर में 20 जून को धूमधाम के साथ वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव की विस्तृत रूपरेखा के बारे में सोमवार को मंदिर के पुजारी पं. मध्यम कुमार पांडेय ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव पर सुबह मंत्रोच्चार के साथ देव प्रतिमा को जागृत किया जाएगा। प्रभु वेंकटेश्वर को दूध, दही, घी और शहद आदि से स्नान करा कर श्रृंगार किया जाएगा। जन कल्याण के लिए यज्ञ भी आयोजित होगा। शाम को कल्याणोत्सव पूजा होगी। इस पूजा में वेंकटेश्वर का विवाह कराया जाता है। इसके बाद मंदिर परिसर में ही देव प्रतिमाओं की पालकी निकाली जाएगी।

### वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने साझा किए अनुभव



**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो. मनीषा राव ने की। हिंदी विभाग प्रभारी हेमलता ने महाविद्यालय की वर्ष भर की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में बताया। इस दौरान महाविद्यालय के संयुक्तांक अवंतिका का विमोचन भी किया गया। छात्रा-अभिभावक परिषद सम्मेलन में छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किये। डॉ. रन्जू राठौर ने छात्राओं को बताया कि व्यक्तित्व का विकास सिर्फ पाठ्यक्रम से नहीं, बल्कि अन्य गतिविधियों से होता है। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं राधा कुमारी, साक्षी यादव, काजल, कविता पाण्डेय, आकांक्षा, कशिश, वन्दना सिंह व नीरज शर्मा को पुरस्कृत किया। क्रीड़ा चैम्पियन स्वार्णिका व विश्वविद्यालय की टीम में चयनित होने वाली छात्राओं वैशाली यादव, शिवानी सिंह और काजल को भी सम्मानित किया गया। प्रो. संध्या सक्सेना, डॉ. सचिन गिहार, डॉ. अनुभूति, पंकज अग्रवाल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. फौजिया खान, डॉ. रविंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ. भूपेन्द्र कुमार, डॉ. हिमशिखा यादव आदि उपस्थित रहे।



### नंदोत्सव में भावमग्न हो झूम उठे श्रद्धालु



**बरेली, अमृत विचार :** माधवबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में चल रही भागवत कथा में नंदोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान आचार्य महावीर शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण के प्राकट्य की कथा का मनोहारी वर्णन किया। श्रद्धालु भगवान की लीलाओं का वर्णन सुन आनंदित हो उठे। इस अवसर पर सुंदर-सुंदर बधाइयां गाई गईं, जिन्हें सुन भक्तजन निहाल हो उठे। महिलाओं एवं अन्य श्रद्धालुओं ने भावमग्न होकर नृत्य भी किया। भगवान कृष्ण के बालरूप की झांकी पर पुष्प वर्षा कर जयकारे लगाए गए। महाआरती, महाभोग उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। राम अरोड़ा, भूषण अरोड़ा, विपिन गांधी, दीपक, राकेश व बिट्टू आदि उपस्थित रहे।

# शुद्ध दूध तो है 70 रुपये लीटर किस रेट में आता है आपके घर

## मोटी मलाई के चक्कर में 50-55 रुपये वाले दूध को न समझें शुद्ध

शब्या सिंह तोमर, बरेली

**अमृत विचार :** अगर 50 या 55 रुपये लीटर का रेट देकर आप समझ रहे हैं कि शुद्ध दूध पी रहे हैं तो आप भारी धोखे में हैं और शायद अपनी सेहत भी खराब कर रहे होंगे। शुद्ध दूध शहर में कही भी 70 रुपये लीटर से कम नहीं है। यह बात अलग है कि यह दूध कुछ हलवाइयों की दुकानों पर ही पहुंचता है।

दूध का रेट डेयरी पर 68 और हलवाई की दुकान पर 70 है। अलग-अलग कंपनियों का पैकेट वाला दूध 68 से 73 रुपये तक है। हालांकि ज्यादातर परिवारों में इसके बाद भी दूधियों के जरिए 50 से 55 रुपये के रेट में दूध पहुंच रहा है और इसे भी शुद्ध बताया जा रहा है। असल में इस दूध में भारी मिलावट हो सकती है जो आपकी और आपके बच्चों की सेहत भी खराब कर सकती है। इसलिए जागरूक होने की जरूरत है।

### ऐसे भी लगाएं अंदाजा

जिले में सबसे ज्यादा इस्तेमाल भैंस का दूध होता है जिसका प्रतिदिन उत्पादन 5,48,140 लीटर है। गाय का 1,98,575 और बकरी का 15,690 लीटर ही दूध आता है। इस दूध का इस्तेमाल करने वाले जिले में 7,56,784 परिवार हैं। इसके अलावा भारी खपत हलवाइयों की दुकानों पर भी है। इससे भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि परिवारों तक कितना शुद्ध दूध पहुंचता होगा।

### पैकेट वाले दूध की कई क्वालिटी

पैकेट के दूध की कीमत 73 रुपये लीटर तक है। यह दूध सिंगल और डबल टोन्ड, दो तरह का होता है। कई कंपनियां दस रुपये के सौ मिलीलीटर से लेकर पांच सौ मिलीलीटर और एक लीटर तक के पाउच में दूध बेचती है। वे इनकी कैटेगरी भी अलग-अलग तय करती हैं। डबल टोन्ड दूध को कंपनी डायट करने वालों के दूध के नाम से बेचती है।

- शहर में हर रोज करीब 30 हजार लीटर की खपत है पैकेट वाले दूध की
- घरों में आने वाले सस्ते दूध में पानी से लेकर रिफाइंड की भी होती है मिलावट



### गाढ़ेपन और मलाई से न करें पहचान

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा अपूर्व श्रीवास्तव के मुताबिक दूध की शुद्धता के मोटे तौर पर दो ही मानक हैं, एक तो फैट और सॉलिड नॉन फैट यानी एसएनएफ जो गाय, भैंस और बकरी तीनों के दूध के लिए अलग होते हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि दूध गाढ़ा या मलाईदार है तो शुद्ध ही होग। सिर्फ टेस्टिंग से ही शुद्धता जा सकती है।

### सेहत बनाने के बजाय चौपट करता है मिलावटी दूध

एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की द्रव्यगुन विभाग की डॉ. रिंकी के मुताबिक दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए जानवरों को हार्मोनल इंजेक्शन दिए जाते हैं, इसकी वजह से बच्चों में समय से पहले शारीरिक ग्रोथ होने लगती है। लोग दूध को यह सोचकर पीते हैं कि इससे प्रोटीन और कैल्शियम मिलता है, लेकिन मिलावटी दूध में फैट मिलता है जो मोटापा बढ़ाता है। कई बार दूध में यूरिया की मिलावट भी पाई गई है जो किडनी और कैंसर कारण का बनता है। मिलावटी दूध पीने से बच्चों में कुपोषण की शिकायत भी रहती है।

- दूध में पानी की मिलावट का पता लगाने को उसकी एक बूंद को चिकनी और तिरछी जगह पर डालें, अगर दूध निशान छोड़े बगैर बह जाए तो मिलावट है।
- मिलावटी गाढ़ेपन की पुष्टि के लिए दो-तीन मिली दूध में पांच मिली पानी मिलाकर उबालकर ठंडा करें, फिर दो-तीन बूंदे टिंचर आयोडीन की डालने पर वह नीला पड़ जाए तो मिलावट है।

## नकल सामग्री के साथ पकड़े गए 59 विद्यार्थियों की परीक्षा निरस्त

- स्नातक, कृषि और एलएलबी की परीक्षाओं में 135 छात्र पकड़े गए थे
- 76 छात्रों पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना लगाकर किया दोषमुक्त

**अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परीक्षा में नकल सामग्री के साथ पकड़े गए 135 छात्रों पर कार्रवाई की है। इनमें 59 छात्रों की वर्ष 2024 की परीक्षा ही निरस्त कर दी है और 76 छात्रों पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए नकल के इस्तेमाल से दोषमुक्त कर दिया गया है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक 135 छात्रों को स्नातक, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, कृषि, बीएएलएलबी और एलएलबी आदि की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में सचल दल ने नकल सामग्री के साथ पकड़ा था। विश्वविद्यालयक की अनुचित साधन निस्तारण समिति ने कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश के अनुपालन में अनुचित साधन के प्रयोग के नियमों, उपलक्ष्य साक्ष्यों और विशेषज्ञों की आख्या के आधार यह निर्णय लिया है। जिन छात्रों की परीक्षा निरस्त की गई है, उन्हें अब अगले वर्ष परीक्षा देनी होगी।

वहीं मौजूदा समय में विश्वविद्यालय की स्नातक, एलएलबी, कृषि आदि की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रहीं हैं। इन परीक्षाओं में भी काफी संख्या में छात्र नकल सामग्री के साथ पकड़े गए हैं। महाविद्यालयों ने इन छात्रों की रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है। जल्द ही इस पर कार्रवाई की उम्मीद है।

## बीएएमएस के चुनौती मूल्यांकन की नहीं बनी बात

**बरेली, अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बीएएमएस छात्रों की पूरक परीक्षा के चुनौती मूल्यांकन की बात नहीं बन सकी है। कुलपति प्रो. केपी सिंह से समाजवादी छात्रसभा (सछास) के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने बात की।

अविनाश मिश्रा ने बताया कि अभी चुनौती मूल्यांकन पर बात नहीं बनी है, हालांकि कुलपति ने जल्द परीक्षाएं कराने का आश्वासन दिया है। इस मामले में जल्द ही आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस मामले में समाजवादी छात्र सभा ने परीक्षा नियंत्रक का घेराव कर विरोध किया था, जिसमें सुरक्षा प्रभारी की ओर से बारादरी में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके बाद सछास ने दोबारा विरोध किया था तो कुलपति से वार्ता कर समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया गया था।

## बरेली कॉलेज में कमेटी ने जांच में नहीं पायी रैगिंग

- एंटी रैगिंग कमेटी ने सोमवार को बैठकर कर पीड़ित छात्र और आरोपी का पक्ष सुना

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी ने जांच में बीसीए छात्र से रैगिंग नहीं पायी है। सोमवार को कमेटी की बैठक में पीड़ित छात्र और आरोपी ने अपना पक्ष रखा। पीड़ित छात्र ने सिर्फ विवाद की बात स्वीकार की है। अब छात्र से मारपीट, लूट आदि अन्य आरोपों के मामले में प्रॉक्टोरियल बोर्ड और पुलिस स्तर से कार्रवाई की जाएगी। वहीं रुहेलखंड विश्वविद्यालय में बीफार्म छात्र से रैगिंग के मामले में एंटी रैगिंग कमेटी जांच कर रही है।

प्रेमनगर के कोहड़ापीर निवासी रितिक सक्सेना ने प्राचार्य, चीफ प्रॉक्टर और पुलिस से शिकायत की थी कि अमन तोमर और उसके साथियों ने कॉलेज में रैगिंग की थी। रितिक का आरोप था कि रैगिंग के विरोध पर 31 मई को पुस्तकालय के बाहर अमन तोमर और उसके अन्य साथियों ने तमंचा दिखाकर गाली-गलौज की थी। जब वह बचने के लिए पुस्तकालय के अंदर गया तो अंदर मारपीट और रुपये लूट लिए थे। प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम ने जांच में पाया था कि रितिक का अमन से पहले का विवाद चल रहा था।

रितिक ने जिस दिन की घटना बताई थी, उस दिन पुस्तकालय के सीसीटीवी कैमरे खराब थे और पुस्तकालय के स्टाफ ने पूछताछ में बताया था कि छात्रों में सिर्फ कहासुनी हुई थी। यूजीसी के निर्देश पर मामला एंटी रैगिंग कमेटी को भेजा गया था। कमेटी ने रितिक और अमन से स्पष्टीकरण मांगा था। सोमवार को कमेटी के सामने दोनों पेश हुए, जिसमें रितिक ने रैगिंग की घटना अलग-अलग तिथियां बताईं। इसके अलावा उसने पुराना विवाद बताया। इसके बाद कमेटी ने मामले को रैगिंग नहीं माना।




## नीट के परिणाम के खिलाफ विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग

- कहा, एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होना शक का पर्याप्त कारण

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नीट-यूजी 2024 के परिणाम के दौरान गड़बड़ियों पर उठ रहे प्रश्नों के समाधान के लिए सीबीआई जांच की मांग की है। इसको लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बरेली कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया।

इस दौरान महानगर मंत्री श्रेयांश बाजपेई ने कहा कि नीट-यूजी के परिणाम के संदर्भ में अभ्यर्थियों में गड़बड़ी को लेकर संदेह है। यह संदेह एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने के कारण उत्पन्न हुआ है। अतः इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच करवाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी नेट आदि परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। महानगर सह मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामले भी सामने आए हैं। इस मामले में उचित कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे छात्रों में परीक्षा के आयोजन को लेकर भरोसे की स्थिति बने। इस अवसर पर महानगर संगठन मंत्री अवनी यादव, रवि प्रताप सिंह, शाहनवाज अंसारी, संदीप सागर, हर्षित चौधरी, लक्की शर्मा, प्रिंस यादव, अजय यादव आदि रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व



गुरुद्वारे में शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में कीर्तन करता रागी जत्था।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में कोहाड़ापीर स्थित गुरु नानक सत्संग सभा गुरुद्वारे में मुख्य दीवान सजाया गया। सोमवार को इस अवसर पर तीन दिन से चल रहे अखंड पाठ का विधिवत समापन हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में आस-पास के श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे में पहुंचकर गुरु का गुणगान किया। गुरुद्वारे के मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी लवप्रीत सिंह, समर्थदीप कौर ने कीर्तन कर पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। इसके बाद मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा के रागी हरप्रीत सिंह और हरप्रीत सिंह निमाना ने कीर्तन कर गुरु साहिब के जीवन चरित्र के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। बलप्रीत सिंह ने गुरु साहिब पर आधारित संगीतमय भजनों के माध्यम से गुणगान किया। 3 बजे आनन्द साहिब के पाठ के बाद अरदास के साथ कार्यक्रम का श्रद्धापूर्वक समापन हुआ।

इस अवसर पर मॉडल टाउन गुरुद्वारा के मालिक सिंह कालरा ने गुरु अर्जुन देव के जीवन चरित्र के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान अटूट लंगर भी बरता गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हरवंतपाल सिंह बेदी, परमजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह, हैप्पी, राजू साहनी, मिंटू छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।

## 14 से शुरू होगा दशहरा मेला प्रक्रिया शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** चौबारी में रामगंगा नदी के किनारे लगने वाले दशहरा मेले को लेकर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। तीन दिवसीय मेला का आयोजन 14 जून से किया जाएगा। उप जिला मजिस्ट्रेट/मेला मजिस्टेट ने बताया कि श्रीरामगंगा ज्येष्ठ दशहरा मेला 14 से 17 जून तक चलेगा। मेला का प्रबंधन चौबारीवासियों की ओर से प्रबंध कमेटी का गठन करके किया जाता है। बताया कि प्रबन्ध कमेटी में शामिल होने वाले इच्छुक लोगों को आमंत्रित किया जाता है। मेले के आयोजन और प्रबंधन के लिए इच्छुक व्यक्ति 12 जून को दोपहर 12 बजे तक मेला मजिस्ट्रेट के सामने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद ही नियमानुसार प्रबंध समिति का गठन किया जाएगा। बताया कि अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में नायब तहसीलदार चौबारी, तहसीलदार सदर या फिर मेला मजिस्ट्रेट से संपर्क किया जा सकता है।

## स्टेडियम में तैराकों का हुआ चयन



स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्विमिंग पूल में तैराकी के ट्रायल देते खिलाड़ी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित एडवांस स्विमिंग पूल में जिला स्तरीय तैराकी के ट्रायल का आयोजन किया गया। इस दौरान जूनियर वर्ग के 20 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

स्टेडियम प्रबंधन के अनुसार तैराकी ट्रायल में बैकस्ट्रोक 50, 100 व 200 मीटर, फ्रीस्टाइल 50, 100, 200, 400, 800 व 1500 मीटर, इनडिविजुअल मिडले 200 व 400 मीटर, रिले फ्रीस्टाइल 400 व 800 मीटर, बटरफ्लाई, रिले मिडले के ट्रायल लिए गए।

इस दौरान तैराकी संघ के सचिव सुनील मित्तल, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव, उपक्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद, जीवन रक्षक सुमित चौरसिया, कनिष्ठ सहायक अविनाश कुमार, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## राजर्षि मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षा आज से

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की सत्र 2024 की परीक्षाएं बरेली समेत 166 केंद्रों पर मंगलवार से शुरू होंगी। चार केंद्र केंद्रीय कारागारों में भी बनाए गए हैं। परीक्षा में 80 हजार छात्र शामिल होंगे। कुलपति प्रो. सत्यकाम के मुताबिक परीक्षाएं 16 जुलाई तक होंगी। प्रमाण पत्र, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा आदि की परीक्षाएं 11 से 15 जून तक, स्नातक, परास्नातक और शेष परीक्षाएं 18 से 16 जुलाई तक दो पालियों में सुबह 10 से 1 और दोपहर 2 से 5 बजे की पाली में होंगी। बरेली क्षेत्र में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस बार परीक्षा कक्ष के अंदर केंद्र प्रभारी के अलवा अन्य सभी का मोबाइल प्रतिबंधित किया गया है। मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र के मुताबिक कुलपति के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए उड़ाका दल और पर्यवेक्षक दल का गठन किया गया है।

### स्नातक में 1 जुलाई तक होंगे प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने स्नातक में प्रवेश पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर 1 जुलाई कर दी है। इसके बाद मेरिट जारी कर प्रवेश किए जाएंगे। वहीं रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रवेश नियमावली जारी कर दी है।

## नशे में स्कूल आने वाले हेड मास्टर को किया निलंबित

- बूथ से अनुपस्थित रहने और मध्यान्ह भोजन न बांटने का भी आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** बीएसए ने मीरगंज के गुलड़िया स्थित प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। उनपर स्कूल में शराब के नशे में धुत्त होकर आने, बूथ पर अनुपस्थित रहने, स्कूल में मध्यान्ह भोजन का वितरण नहीं करने समेत कई गंभीर आरोप लगने पर यह कार्रवाई की गई है।

बीएसए की ओर से जारी पत्र के मुताबिक 4 मई को स्कूल में बने बूथ पर उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। एसडीएम के निरीक्षण में वह बूथ से नदारद मिले थे। जांच की तो पता चला कि वह करीब 15 दिनों से अनुपस्थित चल रहे हैं। गुलड़िया के ग्राम प्रधान सहित कई अभिभावकों ने भी शिकायत की थी कि वह स्कूल बहुत कम आते हैं, कभी कभी रात में आकर उपस्थिति पंजिका में हाजिरी लगा जाते हैं। आरोप है कि वह जब भी स्कूल आते हैं तो नशे में धुत्त होते हैं। इससे स्कूल का शैक्षिक वातावरण दूषित होता है।

एक माह पहले बीईओ को स्कूल के निरीक्षण में तमाम अनियमितताएं मिली थीं। इस पर प्रधानाध्यापक का तीन दिन का वेतन रोक दिया गया था। मामले में प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह का कहना है कि सभी आरोप निराधार हैं। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए अधिकारी नामित कर दिया गया है।

## वेतन रोकने के विरोध में डीआईओएस दफ्तर में प्रवक्ता का धरना

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सोमवार को डीआईओएस दफ्तर के परिसर में धरने पर बैठे प्रवक्ता डा. खरगसेन व परिवार के लोग।

- वेतन वृद्धि न होने और पदोन्नति का लाभ नहीं मिलने पर जताया विरोध

**अमृत विचार :** शेरगढ़ के शरीफनगर स्थित मोतीलाल नेहरू इंटर कॉलेज में कार्यरत प्रवक्ता डॉ. खरगसेन सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरने पर बैठ गये। वह 12 दिन का वेतन रोकने, वेतन वृद्धि न होने और पदोन्नति का लाभ नहीं मिलने पर आक्रोशित थे। उन्होंने बताया कि शाम तक किसी भी विभागीय अधिकारी ने धरना स्थल पर पहुंच कर उनकी समस्या के निस्तारण की बात नहीं की।

प्रवक्ता ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। 2012 में उच्च न्यायालय के आदेश पर उनका प्रमोशन हुआ था। इससे क्षुब्ध होकर प्रबंधन ने आगामी बोर्ड परीक्षा में उन्हें कार्यमुक्ति का आदेश न लेने का आरोप लगा कर 12 दिन का वेतन और 2013 की वेतनवृद्धि रोक दी। इसके अलावा उन पर लघु दंड लगाते हुए आगामी दो साल तक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश भी विभाग की ओर से दिया गया। उनका कहना है कि दंड की अवधि पूरी होने के बाद भी उन्हें वेतनवृद्धि का लाभ नहीं दिया जा रहा है। बताया कि कॉलेज में वरिष्ठता क्रम में सबसे पहले वह आते हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने 2022 के नियमों का हवाला देते हुए प्रधानाचार्य पद पर उनकी नियुक्ति पर रोक लगा दी है। जबकि माध्यमिक शिक्षा परिषद की यह व्यवस्था थी कि वरिष्ठतम अध्यापक को कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें निर्धारित से अधिक दंड देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। यदि उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो वह आमरण अनशन पर बैठने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान उनके परिवार के लोग भी उपस्थित रहे। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि यह मामला अभी उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। जिला मुख्यालय स्तर पर इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता है।

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807


पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-

## कार्यालय ग्राम पंचायत बकैनिया वीरपुर विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 10.06.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बकैनिया वीरपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी. एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक–14.06.2024 को 2.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान–महेन्द्र पाल सचिव– विकास गंगवार

## कार्यालय ग्राम पंचायत बैरमनगर विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 10.06.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बैरमनगर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी. एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक–14.06.2024 को 3.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान –शमशुल खाँ सचिव– विकास गंगवार

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरीपुरा विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 10.06.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरीपुरा, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 13.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक–13.06.2024 को 3.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान–सुषमा देवी सचिव– राहुल राना

## कार्यालय ग्राम पंचायत टांडा विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 10.06.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टांडा, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक–14.06.2024 को 5.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान–सलमा सचिव–राहुल राना

## कार्यालय ग्राम पंचायत ब्योंधा विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 10.06.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ब्योंधा, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक–14.06.2024 को 4.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान–राजेश कुमारी सचिव–राहुल राना


# एडवांस सिग्नल प्रणाली से रेलवे देगा ट्रेनों को 130 किमी घंटा की रफ्तार

## फिलहाल 110 किलोमीटर है बरेली-लखनऊ रेल मार्ग पर ट्रेनों की चाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-बरेली-लखनऊ रेल खंड पर आने वाले समय में ट्रेनें 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेंगी। इसके लिए रेलवे एडवांस सिग्नल प्रणाली पर काम कर रहा है। फिलहाल, इस रेल खंड पर ट्रेनों की रफ्तार 100 से बढ़ाकर 110 किमी प्रतिघंटा कर दी गई है। रेल अफसरों के अनुसार ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली इस रेल खंड पर अपग्रेड की जाएगी।

मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों के मुताबिक बीते दिनों मुरादाबाद-बरेली-लखनऊ रेल खंड रेल पथ विभाग की ओर से पटरियों की मरम्मत और ट्रैक उच्चीकरण का काम किया गया। आने वाले दिनों में इस रेल खंड पर सिग्नल प्रणाली को अपग्रेड करने की तैयारी है। फिलहाल, जो सिग्नल लगे हैं, उनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। एक से दूसरे स्टेशन के बीच सिग्नलों की संख्या बढ़ेगी, ताकि ट्रेन जब रफ्तार में चले तो लोको पायलट को दिखने वाला सिग्नल आगे आने वाले सिग्नल की जानकारी दे सके। इसके लिए डिस्टेंट और डबल डिस्टेंट सिग्नलों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। जबकि कई तरह के कार्य रेलवे ट्रैक पर किए जाने हैं, जिसमें कई ऐसे प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं, जिनको मरम्मत और अपग्रेड होने की आवश्यकता है। इनमें कई कार्य शुरू कर दिए गए हैं। अफसरों का दावा है कि यह कार्य पूरे होने के बाद ट्रेनों की रफ्तार इस रेलखंड पर 130 किमी प्रतिघंटा हो जाएगी।

### कम समय में लखनऊ पहुंचने वाली ट्रेनें

14206 अयोध्या एक्सप्रेस 3 घंटा 29 मिनट, 12392 श्रमजीवी एक्सप्रेस 3 घंटा 40 मिनट 14208 पद्मावत एक्सप्रेस 3 घंटा 43 मिनट, 12332 हिमगिरि एक्सप्रेस 3 घंटा 40 मिनट, 22546 वंदे भारत एक्सप्रेस 3 घंटा 35 मिनट और 20504 राजधानी एक्सप्रेस सबसे कम समय 3 घंटा 14 मिनट में लखनऊ तक का सफर तय करती है।

### वंदेभारत की औसत रफ्तार 66 किमी प्रतिघंटा

लगभग 325 किमी लंबे मुरादाबाद-बरेली-लखनऊ रेल खंड पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ा तो दी गई है लेकिन इसका बहुत फायदा होता नहीं दिख रहा। ट्रेनें अपनी पुरानी स्पीड के साथ ही दौड़ रही हैं। सेमी हाईस्पीड ट्रेन देहरादून-लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस की औसत रफ्तार 66 किमी प्रतिघंटा है। जबकि इस ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 110 किमी प्रतिघंटा है।

### नई समय सारिणी में हो सकता है बदलाव

जुलाई में रेल प्रशासन नई समय सारिणी जारी करेगा। जिसके बाद माना जा रहा है कि ट्रैक की रफ्तार बढ़ने से ट्रेनों के समय में भी बदलाव हो सकता है। बरेली से लखनऊ के बीच सफर की समय सीमा कम हो सकती है। बीते दिनों ट्रायल रन के दौरान वंदे भारत ने महज 2 घंटा 52 मिनट में लखनऊ तक का सफर तय किया था।

• मुरादाबाद-बरेली-लखनऊ रेल मार्ग पर बढ़ाई जाएगी सिग्नलों की संख्या

मुरादाबाद-बरेली-लखनऊ रेल मार्ग की रफ्तार बढ़ाकर 110 किमी प्रतिघंटा की गई है। अब सिग्नल प्रणाली को अपडेट कर रफ्तार को 130 किमी प्रतिघंटा किया जाएगा। इसके अलावा रेलवे ट्रैक का भी उच्चीकरण होगा।
**–आदित्य गुप्ता,** सीनियर डीसीएम, मुरादाबाद रेल मंडल

## माफिया अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति चिह्नित

**बरेली, अमृत विचार :** माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम की पांच संपत्तियों को प्रयागराज पुलिस ने चिह्नित कर रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेजी गई है। गैंगेस्टर एक्ट में संपति जब्त की जाएगी। प्रयागराज पुलिस जल्द बरेली पुलिस को भी पूरे मामले में रिपोर्ट भेजेगी। अशरफ के साले सद्दाम पर उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटरों को बरेली जेल में बंद रहे अशरफ से मिलवाने और जेल में अशरफ को सभी सुविधा मुहैया कराने का आरोप था। मामले में बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। सद्दाम को दिल्ली से एक पूर्व मंत्री की बेटी के फ्लैट से गिरफ्तार किया गया था। उसे पहले केन्द्रीय कारागार-दो बरेली में रखा गया था। बाद में उसका बदायूं की जिला जेल में स्थानांतरण कर दिया गया था।


## कार्यालय नगर पंचायत उसहैत, बदायूं

पत्रांक : 36/न.प. उसहैत/2024–25 **सूचना** दिनांक : 7 जून 2024

नगर पंचायत उसहैत (बदायूँ) द्वारा यू.पी. नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 (2) प्रथम सूचना के उपखण्ड (बी) एवं (सी) का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत उसहैत द्वारा नामांतरण उपविधि तैयार की गई है। जिसकी स्वीकृति बोर्ड बैठक दिनांक 13.12.2023 के प्रस्ताव संख्या–10 द्वारा स्वीकृति प्रदान करती है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति /सुझाव प्रस्तुत करना हो तो वह उपविधि प्रकाशन की तिथि से 10 दिवस के अन्दर नगर पंचायत कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव प्राप्त करा सकते है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति/ सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### उपविधि

1– संक्षिप्त नाम– यह उपविधि नगर पंचायत उसहैत (बदायूँ) की अचल सम्पत्तियों के हस्तांतरण सम्बन्धी नियमावली–2024 कहलाएगी।

2– प्रसार– इसका प्रसार नगर पंचायत उसहैत (बदायूँ) की वर्तमान सीमा तथा आगामी वर्षों में होने वाली सीमा वृद्धि में होगा।

3– नगर पंचायत उसहैत (बदायूँ) की सीमा का तात्पर्य उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचना द्वारा निर्धारित नगर पंचायत उसहैत (बदायूँ) से है।

4– प्रशासक प्रभारी अधिकारी/अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत उसहैत (बदायूँ) के प्रशासक/प्रभारी अधिकारी/अध्यक्ष से है।

5– अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत उसहैत (बदायूँ) के अधिशासी अधिकारी से है। जो अधिकारी/दण्डाधिकारी होगा। अधिशासी अधिकारी उपविधि में दी गयी शक्तियों का प्रयोग स्वयं अथवा अपने समक्ष अधीनस्थ अधिकारी से करा सकता है।

6– अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वे प्रत्येक 5 वर्ष में पुनरीक्षण करायेंगे। अपरिहार्य परिस्थितियों यदि चार्ज का पुनरीक्षण न हो सकता तो प्रत्येक 5 वर्ष में निर्धारित चार्ज में 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए चार्ज वसूलना सुनिश्चित करायेगें।

7– यह उपविधि शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

### नगर पंचायत उसहैत की सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों के हस्तांतरण सम्बन्धी नियमावली 2024

नगर पंचायत उसहैत सीमान्तर्गत किसी भी व्यक्ति द्वारा नामांतरण का प्रार्थना पत्र अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उसहैत के नाम देना होगा। जिनमें कुल 6 (छ:) प्रकार के दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण किया जा सकेगा।

I. बैनामा– कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत सीमान्तर्गत यदि किसी सम्पत्ति का बैनामा के आधार पर क्रय करता है तो क्रेता यह सुनिश्चित कर ले कि नगर पंचायत उसहैत पर उस सम्पत्ति की कोई देनदारी बकाया तो नही है। नगर पंचायत उसहैत द्वारा प्राप्त एन0ओ0सी0 उसका आधार होगी। अन्यथा की स्थिति में क्रेता से नगर पंचायत उसहैत द्वारा उस सम्पत्ति की बकायेदारी की वसूली की जायेगी। तत्पश्चात् ही एक अतिरिक्त शुल्क जमा के बाद नामांतरण किया जायेगा।

II. वसीयत किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने जीवित रहते हुए होश–हवाश में की गई वसीयत के आधार पर नामांतरण नगर पंचायत उसहैत द्वारा एक निश्चित शुल्क लेकर किया जायेगा।

III. विरासतन– किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके वारिसों में वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर नामांतरण नीचे दिये गये एक निश्चित शुल्क को जमा करके किया जायेगा।

IV. दस्तकदारी– बहनों द्वारा भाईयों के हक में अथवा भाइयों द्वारा बहनों के हक में रजिस्टर्ड दस्तकदारी के आधार पर एक निश्चित शुल्क लेकर नगर पंचायत उसहैत द्वारा नामांतरण किया जायेगा।

V. बंटवारानामा– सामान्यत: परिवार के सदस्यों द्वारा आपस में सहमति के आधार पर रजिस्टर्ड बंटवारानामा के आधार पर नगर पंचायत उसहैत द्वारा एक निश्चित शुल्क लेकर नामांतरण किया जायेगा।

VI. दानपात्र– रजिस्टर्ड दान पात्र के आधार पर नगर पंचायत उसहैत द्वारा एक निश्चित शुल्क लेकर नामांतरण किया जायेगा।

### नामान्तरण शुल्क

1. नगर पंचायत उसहैत की सीमाओं के अन्दर यदि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अचल सम्पत्ति का हस्तान्तरण (लेखा ट्रान्सफर डीड) क्रय (बैनामा) रेहननामा (बंधकनामा) अथवा दानपात्र भारतीय स्टाम्प ऐक्ट 1899 संख्या 2 के अधीन करता है। वह तक तक नहीं कर पायेगा जब तक सभी हस्तान्तरण की जाने वाली या बन्धक की जाने वाली अचल सम्पत्ति के मूल्य पर निम्नलिखित शुल्क का भुगतान कार्यालय नगर पंचायत उसहैत में जमा न कर दें।

- 5 लाख रू. तक सम्पत्ति– 1200 रू.
- 5 लाख से अधिक 10 लाख रू. तक – 1500 रू.
- 10 लाख से अधिक 25 लाख रू. तक– 3500 रू.
- 25 लाख से अधिक 50 लाख रू. तक– 8000 रू.
- 50 लाख से अधिक 1 करोड़ रू. तक– 12000 रू.
- 1 करोड़ रू. से अधिक– 18000 रू. शुल्क देय होगा।

2. नगर पंचायत उसहैत की सीमाओं के अन्तर्गत स्थित किसी भी व्यक्ति की सम्पत्ति का नामान्तरण जो व्यक्ति को वसीयत, विरासत, दस्तकदारी, बंटवारानामा में प्राप्त हो रही है कार्यालय नगर पंचायत उसहैत में:–

- 5 लाख रू. तक सम्पत्ति– 1000 रू.
- 5 लाख से अधिक 10 लाख रू. तक – 1500 रू.
- 10 लाख से अधिक 25 लाख रू. तक– 2000 रू.
- 25 लाख से अधिक 50 लाख रू. तक– 3000 रू.
- 50 लाख से अधिक 1 करोड़ रू. तक– 8000 रू.
- 1 करोड़ रू. से अधिक– 15000 रू. शुल्क देय होगा।

### प्रक्रिया

किसी भी व्यक्ति को जिसे नगर पंचायत उसहैत की सीमान्तर्गत सम्पत्ति का नामांतरण करवाना है वह सर्वप्रथम अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उसहैत के नाम आवेदन कार्यालय नगर पंचायत उसहैत में प्रस्तुत करेगा नगर पंचायत उसहैत में पढ़े जाने वाले किसी भी महत्वपूर्ण दैनिक समाचार पत्र में आपत्तियां कम से कम 15 दिन के अन्तर्गत आमंत्रित की जायेगी। नामांतरण लिस्ट मासिक आधार पर दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। किसी भी प्रकार की आपत्ति न होने पर नामांतरण शुल्क जमा कर नामांतरण कर दिया जायेगा।

### नोट

1. किसी भी अचल सम्पत्ति पर नगर पंचायत उसहैत किसी भी प्रकार की बकायेदारी की स्थिति में नामांतरण नहीं किया जायेगा।
2. अचल सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार के न्यायिक विवाद की स्थिति में उक्त नामांतरण को स्वत: निरस्त माना जायेगा तथा नगर पंचायत उसहैत किसी भी प्रकार से वादी–प्रतिवादी के रूप में सम्मिलित नहीं होगी।

### दण्ड

यू.पी. म्युनिसिपैलिटीज ऐक्ट, 1916 की धारा 299(1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत उसहैत यह आदेश देती है कि 1 साल बाद नामान्तरण करवाने पर दण्ड शुल्क 1000 रू. 2 साल या इससे अधिक समय बाद नामांतरण कराने पर दण्ड शुल्क 3000 रू. दण्ड शुल्क लगाया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत उसहैत, बदायूं


# पहले रिश्तेदार को गोद दिया बच्चा अब वापस पाने के लिए लड़ाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** डेढ़ साल पहले अपने बच्चे को स्टांप पेपर पर लिखित में किसी और को देने के बाद उसे वापस लेने की जिद पर अड़ी महिला का मामला अब बाल कल्याण समिति में अटका है। महिला ने बच्चे के पैदा होने के दौरान बनवाए गए कागज समिति के समक्ष प्रस्तुत कर दिए हैं। समिति द्वारा कागजों की जांच के बाद कोई निर्णय लिया जाएगा।

कुछ साल पहले बिहार की रहने वाली एक महिला का पहले पति से तलाक होने के बाद दूसरी शादी बरेली में हुई। उस समय महिला ने अपना कुछ माह का बच्चा गरीबी में न पाल पाने के कारण अपने रिश्तेदार को स्टांप पर लिखकर सौंप दिया था। इसके डेढ़ साल बाद महिला को अपने बच्चे की याद सताने लगी। उसने एसएसपी कार्यालय में गुहार लगाई, जिसके बाद यह मामला एसडीओ के पास पहुंचा। बच्चे को रेस्क्यू किया गया, जो अब बॉर्न बेबी फोल्ड में रह रहा है। वहीं अब यह मामला बाल कल्याण समिति के समक्ष चल रहा है, जिसमें महिला से जिला अस्पताल के जरूरी कागज लाने को कहा गया है। सोमवार को महिला का पूरा कागज लेकर समिति के समक्ष पहुंचा। फिलहाल मामले का फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्रा ने बताया कि कागजों का सत्यापन किया जाएगा। यदि उनमें कोई दिक्कत नहीं निकलती है तो बच्चे को उसकी असली मां के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## टैंकर ने फाटक का बूम तोड़ा

**बरेली।** रामगंगा स्टेशन के पास तेज रफ्तार टैंकर की रेलवे फाटक में टक्कर से बूम टूट गया। स्लाइडिंग बूम लगाकर ट्रेनों का संचालन किया गया। आरपीएफ ने चालक को हिरासत में लिया है। सोमवार दोपहर ट्रेन को गुजारने के लिए फाटक को बंद किया जा रहा था। इस दौरान निकलने की जल्दबाजी में तेज रफ्तार टैंकर चालक फाटक में जा घुसा।

# चोरी की बिजली से एसी चलाने पर 12 लोगों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम ने सोमवार सुबह चेकिंग में 12 घरों में बिजली चोरी कर एसी चलाते हुए पकड़ा है। इन सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ एंटी थेफ्ट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुभाषनगर में पिछले दिनों ओवरलोडिंग होने की वजह से बिजली संकट गहरा गया था। परेशान लोगों ने उपकेंद्र का घेराव किया था। चुनाव की वजह से बिजली विभाग ने चेकिंग बंद कर रखी थी। अब आचार संहिता खत्म होने के बाद बिजली विभाग ने चेकिंग अभियान शुरू किया है। सोमवार सुबह एसडीओ अभिषेक कपासिया के निर्देश पर अवर अभियंता चंद्रमा प्रसाद ने सुभाषनगर क्षेत्र के नेकपुर, वीरभट्टी और बीडीए कॉलोनी में टीम ने 12 घरों में बिजली चोरी पकड़ी।

कई उपभोक्ता कटिया डालने के अलावा मीटर बाईपास कर बिजली चोरी कर रहे थे और एसी चला रहे थे। अधिशासी अभियंता अमित कुमार आनंद ने बताया कि बिजली चोरी पकड़ने के लिए अब अलग-अलग इलाकों में रोज मार्निंग रेड कर कार्रवाई की जाएगी, जिससे लाइन लॉस कम करके बेहतर बिजली आपूर्ति दी जा सके।

## बीमा योजना के लंबित मामलों का जल्द कराएं निस्तारण

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सोमवार को अफसरों के साथ ऑनलाइन मीटिंग में राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा की। तहसीलवार मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले छह माह में अलग-अलग कारणों से जो भी आवेदन लंबित हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। दैवीय आपदा के लंबित मामलों का भी निस्तारण करने पर जोर दिया। बोले कि जिन राजस्व संबंधी कार्यों में जिले की स्थिति अच्छी नहीं है, उनमें सुधार लाकर रैंकिग बढ़ाई जाए। न्यायालय ने जिन मामलों में राजस्व वसूली के आदेश दिए हैं, उन मामलों में प्राथमिकता के आधार पर वसूली कराई जाए। ऐसे मामलों को लंबित रखने में संबंधित की जिम्मेदारी को तय करते हुए कार्रवाई के भी आदेश दिए। सभी एसडीएम से कहा कि डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रयास तेज करें। गोशालाओं में गोवंशों को संरक्षित करने के निर्देश भी दिए। गर्मी के मद्देनजर हैंडपंपों की मरम्मत कराने के लिए आदेश दिए। आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड के कर्मियों का रोस्टर बनाने के लिए कहा। एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह व एडीएम प्रशासन दिनेश आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस चौकी के भवन का एसएसपी ने किया उद्घाटन



**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में कांकर टोला पुलिस चौकी के नवनिर्मित भवन का एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब अपराधों पर अंकुश लग सकेगा। इसके साथ ही जनता की शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान भी संभव हो पाएगा। उन्होंने चौकी क्षेत्र के लोगों से वार्ता कर सुरक्षा का अश्वासन दिया। इस अवसर पर एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी क्राइम मुकेश कुमार, एसपी ट्रैफिक शिवराज, सीओ तृतीय अनीता चौहान आदि उपस्थत रहे।

## पांच साल पुराने वादों का एक सप्ताह में करें निस्तारण

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव से निवृत्त होने के बाद अफसरों का पूरा फोकस अब आम आदमी से जुड़े कार्यों पर है। लखनऊ में बुलाई गई बोर्ड की बैठक में शामिल होकर लौटे एडीएम प्रशासन दिनेश ने जिले के अफसरों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि न्यायालयों में जो भी केस लंबित हैं, उनका जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करें। कोशिश करें कि वादकारियों को तारीख पर तारीख न दी जाएं। मामलों को प्राथमिकता पर लेकर उनका निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान करें। इस दौरान उन्होंने धारा 80, 24 और 116 के मामलों की गहन समीक्षा भी की। कहा कि कोशिश करें कि एक सप्ताह के अंदर लंबित वादों का ग्राफ एकदम कम हो जाए। प्रशासन के अनुसार मौजूदा समय में धारा 24 के पांच साल पुराने तीन और 116 के 80 वाद लंबित हैं।

## जिला कांग्रेस कमेटी निकालेगी धन्यवाद यात्रा



**बरेली, अमृत विचार :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के आवास पर सोमवार को बैठक हुई, जिसमें प्रांतीय आह्वान पर 11 से 15 जून तक निकलने वाली लोकसभा धन्यवाद यात्रा पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनावों में जनता ने मोदी सरकार को आईना दिखाने का काम किया है। भाजपा अयोध्या जैसी महत्वपूर्ण सीट भी हार गई। दिनेश दद्दा, जुनैद हसन एडवोकेट, सुरेश चंद वाल्मीकि, कमरुद्दीन सैफी, पाकीजा खान, कलीम खां, अबरार खां आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऊंचाइयों को छुएगा देश

**बरेली, अमृत विचार :** लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर क्षत्रिय स्वर्णकार सेवा समिति की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी गई हैं। समिति के अध्यक्ष भगवती प्रसाद वर्मा, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र वर्मा, महामंत्री अरुण कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार सैनी, अविलाष वर्मा, उपाध्यक्ष सतीश वर्मा, सह उपाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार वर्मा, संगठन मंत्री मनोज कुमार वर्मा, ऑडिटर नंदकुमार वर्मा, सदस्य शिवकुमार वर्मा, मार्गवेंद्र वर्मा आदि ने कहा कि देश के लिए ये गौरव की बात है कि नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। कहा कि देश को यशस्वी नेतृत्व मिला है, जिनके नेतृत्व में देश ऊंचाइयों को छुएगा।

## मकदूम बेग बने आईएमसी के महानगर अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि संगठन प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान की रजामंदी पर प्रदेश प्रभारी नदीम कुरैशी ने मुहम्मद फुरकान खान को हरदोई का जिलाध्यक्ष बनाया है। बरेली महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिर्जा मकदूम बेग को दी गई है। फरहत खान को एक बार फिर जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

## अनुप्रिया पटेल को मंत्री बनाए जाने पर बांटी मिठाई



**बरेली, अमृत विचार :** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को एक बार फिर केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने पर पार्टी के विधि मंच के प्रदेश महासचिव एडवोकेट अनुज कुमार गंगवार ने हर्ष प्रकट किया है। सोमवार को उनके कार्यालय पर अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। एडवोकेट अनुज कुमार गंगवार, ज्वाला प्रसाद गंगवार, गजेंद्र पटेल, सतीश गंगवार, गजेंद्र पटेल, सतीश ऋषिबाल, कृष्णपाल पटेल, साबिर हुसैन, सिद्धार्थ वर्मा, प्रताप सिंह पटेल, राकेश सैनी, रामेश्वर दयाल आदि उपस्थित रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना

मैं दिनांक 09.06.2024 को अपने घर से सैटेलाइट बस स्टैण्ड की ओर जा रहा था मेरे पास एक थैले में मेरी बी.टैक की डिग्री एवं बी.टैक अन्तिम वर्ष की मार्कशीट थी। जो कि वह थैला कहीं गुम हो गया। जिसे काफी तलाशने पर वह नहीं मिला। उक्त की सूचना थाने में दर्ज करा दी गयी है। **मौ. शान पुत्र श्री तहसीन अहमद निवासी 55 आकाश पुरम विस्तार, बरेली**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र मुदस्सर हुसैन व पुत्रवधू असरा को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **हवीवुल पुत्र अजीज अहमद एवं श्रीमती रूखसाना मठ कमल नयनपुर थाना इज्जतनगर, जिला बरेली**

### सूचना

मैनें अपने पुत्र ओमप्रकाश व पुत्रवधू पिन्की को उनके गलत चाल–चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **महेन्द्र पाल पुत्र लाखन राम निवासी ग्राम अन्टुआ ग्राम पंचायत किशनपुर जायदपुर थाना विशारतगंज तह. आंवला, जिला बरेली**

### सूचना

मैं अपने पुत्र सुमित सिंह उम्र 35 वर्ष व पुत्रवधू स्वीटी प्रसाद उम्र 36 वर्ष पत्नी सुमित सिंह को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ, इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **श्रीमती शैरोजिना सिंह उम्र 65 वर्ष पत्नी अनिल सिंह निवासी हफीजपुर गोला गोकरन नाथ, खीरी। वर्तमान पता :- अकांक्षा इंक्लेव पीलीभीत रोड थाना इज्जतनगर बरेली।**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# नई सरकार की चुनौतियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी पारी की शुरुआत की है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद नई सरकार का पहला निर्णय किसान कल्याण के बारे में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोमवार को प्रधानमंत्री ने किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और उनमें लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। बेहतर होगा कि नई सरकार मध्यम वर्ग के लिए भी कुछ करे। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता,लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दशक के लिए सुशासन,समग्र विकास और आम आदमी की जिंदगी में सुधार के लक्ष्य तय किए हैं,लेकिन कुछ विरोधाभास ऐसे हैं कि सुशासन के लिए जरूरी आर्थिक नीतियां प्रभावित हो सकती हैं। सरकार को कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए विकास के एजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा।

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि राजग सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा,खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों में। सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए,क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। साथ ही भारतीय उद्योग जगत ने उम्मीद जताई कि नई सरकार विकसित भारत के लिए सुधारों के अगले चरण की शुरुआत कर सकती है। आने वाले दिनों में तय की गई बुनियादी प्राथमिकताओं पर काम करने के नई सरकार को राज्यों के सहयोग की आवश्यकता होगी। इससे विकास संबंधी नतीजों में बेहतरी आएगी। कुल मिलाकर अगले पांच सालों में बेहतर नीतिगत नतीजे हासिल करने के लिए अहम है कि संसद को समुचित ढंग से काम करने दिया जाए। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उन्हें 18 वीं लोकसभा में ज्यादा चर्चाओं की उम्मीद है। ऐसे में यह सरकार का दायित्व होगा कि वह विपक्ष के साथ सकारात्मक संबंध बनाए तथा बेहतर विधायी परिणाम हासिल करे।

# पर्यावरणीय संतुलन का द्योतक है भूमि पुनर्स्थापन



डॉ.शंकर सुवन सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रयागराज

भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है,जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं।

भूमि,पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण घटक है। भूमि की उपयोगिता कृषि के साथ-साथ वन्य जीवों के आवास,जल संरक्षण और जलवायु विनियमन में भी होती है। पिछले कुछ दशकों में भूमि का अत्यधिक दोहन और गलत प्रबंधन ने इसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। भूमि पुनर्स्थापन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हम पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों को पुनःस्थापित करने का प्रयास करते हैं।

भूमि क्षरण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है,जो वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। यह प्रक्रिया तब होती है जब भूमि की गुणवत्ता और उत्पादकता विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित कारणों से घट जाती है। लगातार फसलों की खेती से मिट्टी की उर्वरता घटती है। जब एक ही प्रकार की फसल बार-बार उगाई जाती है तो मिट्टी के पोषक तत्वों का असंतुलन होता है जिसके कारण मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की संरचना और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई भूमि क्षरण का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण है। वृक्षों की जड़ों की अनुपस्थिति में मिट्टी का अपरदन तेजी से होता है। पेड़, मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं।

पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है। वायु प्रदूषण से अम्ल वर्षा होती है,जो मिट्टी के पीएच स्तर को प्रभावित करती है और उसकी उर्वरता को नष्ट करती है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने प्राकृतिक भूमि को कंक्रीट जंगलों में बदल दिया है। इसके कारण भूमि की प्राकृतिक संरचना और जल धारण क्षमता प्रभावित होती है। निर्माण कार्यों और औद्योगिक कचरे के निस्तारण से भूमि में प्रदूषण बढ़ता है जिससे उसकी उत्पादकता कम होती है। जलवायु

पेड़ के बिना,मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है।

परिवर्तन के कारण हो रहे बदलाव भूमि क्षरण का कारण बनते हैं। अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से मिट्टी का क्षरण होता है। इसके अलावा, तापमान में वृद्धि से मिट्टी की नमी कम होती है जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। भूमि क्षरण का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। जब भूमि की उर्वरता घटती है तो फसलों की पैदावार कम होती है। इससे कृषि उत्पादन में गिरावट आती है,जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। भोजन की कमी से भुखमरी और कुपोषण की समस्या बढ़ती है। जल संसाधनों पर प्रभाव भूमि क्षरण जल संसाधनों को भी प्रभावित करता है। मिट्टी की जल धारण क्षमता कम होने से जल संचयन घटता है। इसके अलावा मिट्टी के क्षरण से जलाशयों और नदियों में गाद जमा होती है जिससे उनकी जल धारण क्षमता और गुणवत्ता में कमी आती है। इससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। जैव विविधता पर प्रभाव भूमि क्षरण के कारण प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं जिससे जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वन्यजीवों के आवास नष्ट होने से कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाती हैं। इससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ता है और पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती हैं। सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भूमि क्षरण का समाज और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। कृषि उत्पादन में गिरावट से किसानों की आय कम होती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साधनों की कमी से प्रवास और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती है। इसके अलावा भूमि क्षरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है जिससे आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है,जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं। जैसे सतत कृषि पद्धतियां अपनाकर भूमि क्षरण को कम किया जा सकता है। फसल चक्रण, जैविक खेती और कम जुताई जैसी तकनीकों का उपयोग मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा वनों का संरक्षण और नए वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन भूमि क्षरण को रोकने में सहायक होता है। इससे न केवल मिट्टी का क्षरण कम होता है,बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण भी होता है। मृदा संरक्षण तकनीकों और कंक्रीटिंग का उपयोग करके मिट्टी के क्षरण को कम किया जा सकता है। ये तकनीकें मिट्टी की संरचना को सुधारने और उसकी जल धारण क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

मृदा संरक्षण तकनीकें उन विधियों और प्रथाओं का समूह हैं,जो मिट्टी की गुणवत्ता, उर्वरता और स्थिरता को बनाए रखने के लिए उपयोग की जाती हैं। ये तकनीकें भूमि क्षरण को रोकने और कृषि उत्पादन में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यहां कुछ प्रमुख मृदा संरक्षण तकनीकें इस प्रकार हैं। फसल चक्रण-फसल चक्रण का मतलब है विभिन्न फसलों को एक निर्धारित क्रम में उगाना। इससे मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बना रहता है और कीटों और बीमारियों का प्रकोप कम होता है। कवर क्रॉपिंग (मिट्टी को ढकने वाली फसलें) - कवर क्रॉपिंग में खेत की खाली अवधि के दौरान मिट्टी को ढकने के लिए फसलें उगाई जाती हैं, जैसे कि तिपतिया घास या जई। इससे मिट्टी का कटाव कम होता है और उसकी उर्वरता बनी रहती है। कंटूर जुताई-कंटूर जुताई में ढलान वाली भूमि पर समानांतर रेखाओं में जुताई की जाती है। इससे पानी की धाराओं को नियंत्रित किया जा सकता है और मिट्टी का कटाव कम होता है। टेरेसिंग (सीढ़ीदार)- टेरेसिंग में पहाड़ी क्षेत्रों में सीढ़ीदार ढलानों का निर्माण किया जाता है। इससे पानी की गति धीमी होती है और मिट्टी का क्षरण कम होता है। स्ट्रिप क्रॉपिंग (पट्टियों के साथ फसलें लगाना)- स्ट्रिप क्रॉपिंग में एक के बाद एक पट्टियों में विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं। इससे मिट्टी की सतह को सुरक्षित रखा जा सकता है और जल संरक्षण में मदद मिलती है। जैविक खाद का उपयोग- जैविक खाद का उपयोग मिट्टी की उर्वरता और जैव विविधता को बढ़ाता है। इससे मिट्टी की संरचना सुधरती है और उसके पोषक तत्व बनाए रहते हैं। निचली जुताई-निचली जुताई में मिट्टी की सतह को कम से कम उलटा-पलटा जाता है जिससे मिट्टी की संरचना और जल धारण क्षमता बनी रहती है। मृदा संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके हम न केवल मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रख सकते हैं,बल्कि भूमि की उत्पादकता को भी बढ़ा सकते हैं। इन तकनीकों को अपनाकर, किसानों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होते हैं और पर्यावरणीय स्थिरता को भी बढ़ावा मिलता है।

जल संसाधन प्रबंधन जल संसाधनों का उचित प्रबंधन भूमि क्षरण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और सिंचाई तकनीकों का उपयोग करके जल संसाधनों को संरक्षित किया जा सकता है। सामुदायिक सहभागिता भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। स्थानीय समुदायों को जागरूक करना और उन्हें भूमि पुनर्स्थापन के प्रयासों में शामिल करना प्रभावी समाधान हो सकता है। भूमि पुनर्स्थापन एक सामूहिक जिम्मेदारी है जिसमें सरकार,गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज की भागीदारी आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि हमारी भूमि की स्थिति हमारे पर्यावरण, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। सतत कृषि,मृदा संरक्षण, और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हम भूमि पुनर्स्थापन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# किशोरों को बचाना होगा जहरीली हवाओं से

पर्यावरण प्रदूषण 21 वीं शताब्दी की सबसे बड़ी समस्या है। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या औद्योगीकरण, शहरीकरण और अनियोजित विकास इस समस्या में इजाफा कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण भूमि,आकाश,जल, वायु सब प्रदूषित हो रहा है,लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ के चलते किसी को इसकी चिंता नहीं कि आने वाली पीढ़ी और वर्तमान जनसंख्या इसके लिए कितनी भारी कीमत अदा कर रहे हैं।

प्रदूषित हवा और उसके प्रभाव को जानने के लिए वैज्ञानिक नित नए शोध में जुटे हुए हैं,लेकिन हाल में हुए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि प्रदूषित हवा का अपराध से भी गहरा ताल्लुक है। क्योंकि वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं। तनाव और हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि का असर उनके मस्तिष्क को प्रभावित करने लगता है। उनमें बेचैनी और कसमसाहट होती है तथा वे अनैतिक और आपराधिक व्यवहार करने लगते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार वायु प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है,बल्कि यह आपके अनैतिक व्यवहार के लिए जिम्मेदार भी है। 'एक्सपेरिमेंटल स्टडीज के अनुसार वायु प्रदूषण शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से हमारे अनैतिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है।



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

न्यूयॉर्क के 'कोलंबिया बिजनेस स्कूल में हुए शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन स्थानों पर प्रदूषित हवा का स्तर ज्यादा है, वहां अपराध की दर भी अधिक है। शोध के लेखक डॉ. जैक्सन जी लू कहते हैं,वायु प्रदूषण न केवल लोगों की सेहत खराब करता है,बल्कि उनकी नैतिकता को भी दूषित कर सकता है। हमने पाया कि हवा में मौजूद जहरीले तत्व सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। वहीं 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा किए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लंदन में अपराध दर में वृद्धि हुई है। बड़े अपराध नहीं,बल्कि दुकानों में चोरी और जेबकतरी जैसे कम गंभीर अपराध ही ऐसे अपराध हैं,जिन पर वायु गुणवत्ता का अधिक प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के आंकड़ों का उपयोग करके अपराध पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गणना की और इसकी तुलना 2004-2005 के दौरान लंदन में दर्ज 1.8 मिलियन आपराधिक अपराधों से की। फिर उन्होंने उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों में तनाव,हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि देखने के बाद वायु प्रदूषण और अपराध के बीच एक संबंध स्थापित किया। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि किशोरों का आक्रामक व्यवहार और अपराध के बीच भी गहरा संबंध है।

प्रदूषित हवा में सांस लेने से किशोरों में बेचैनी बढ़ती है,जो उन्हें आपराधिक कृत्य के लिए उकसाती है। अब तक के साक्ष्य बताते हैं कि वायु प्रदूषण में बुरे व्यवहार को बढ़ाने की क्षमता अधिक है। बचपन में वायु प्रदूषण का सामना करने वाले बच्चों में किशोरावस्था में अवसाद,व्यग्रता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उस समय उत्पन्न हुई यह समस्याएं उनके समूचे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं और उनके विकास की राह में बाधक बन सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि वायु प्रदूषण के उच्चतम स्तर की वजह से छोटे और विषैले कण विकसित हो रहे मस्तिष्क में प्रवेश कर जाते हैं जिससे मस्तिष्क में सूजन होती है। इससे भावना और फैसले लेने के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्से को नुकसान पहुंचता है। यह रिसर्च स्वच्छ हवा के महत्व को बताने वाली एक चेतावनी है,जो यह दिखाती है कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली की कितनी जरूरत है।

मार्च 2019 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि जहरीली, प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले किशोरों में मनोवैज्ञानिक घटनाओं का जोखिम अधिक होता है। जैसे कि आवाजें सुनना या घबराहट। लेड के बारे में कहा जाता है कि यह व्यवहार बदल डालता है। इससे सीखने और समझने में दिक्कत आती है। यह बच्चों के इंटेलीजेंट क्योशेंट को कम कर देता था। इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों द्वारा अधिक टिकाऊ परिवहन, कुशल और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और उपयोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन विकसित करके ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि हमारे देश के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की जा सके।

# देखना होगा गठबंधन का कितना दबाव काम करेगा

रविवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग ने देश की सत्ता संभाल ली। प्रधानमंत्री के साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है,किंतु टीम में पुराने साथियों को जगह मिलना बताता है कि सब नरेंद्र मोदी की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्हें अपनी टीम पर पूरा भरोसा और विश्वास है।



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातार बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी।

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातर बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी। अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं,किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा।

लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी,लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते हैं। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन,वन इलेक्शन भी शामिल है। इस संबंध में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी हैं। 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल तैयार हैं। एनडीए गठबंधन में इस बार जदयू और टीडीपी की भूमिका अहम है। ऐसे में वे भाजपा के इस एजेंडे पर भी रोड़ा बन सकते हैं।

तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार भी शामिल है। नरेंद्र मोदी चुनावी कार्यक्रमों में यह कहते रहे हैं कि तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों के लिए 'मोदी की गारंटी' पूरी की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भविष्य के लिए अपने विजन को रेखांकित किया था। भाजपा के 2024 के घोषणा पत्र में आयुष्मान भारत के कवरेज को 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल करने के लिए आगे बढ़ाने का भी वादा किया गया है। इस एजेंडे को लागू करने में गठबधंन को कोई आपत्ति नहीं होगी और यह सरलता से लागू हो जाएगा। इसके अलावा पाक अधिकृत कश्मीर भी नई सरकार के एजेंडे में शामिल है जिसको लेकर भाजपा के नेता और मंत्री पीओके पर कब्जे को लेकर बयान देते रहे हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोदी सरकार पर देशभर में जातिगत जनगणना कराने को लेकर दबाव बना सकते हैं,क्योंकि बिहार में पिछड़ी जातियों के अलावा दलित और मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा खासा प्रभाव है। नीतीश अपने राज्य बिहार में इस जनगणना को करवा चुके हैं। वे लंबे समय से देश में इसे करवाने की डिमांड कर रहे हैं। हालांकि भाजपा इसके विरूद्ध है। नीतीश कुमार वर्षों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे है। भाजपा में शामिल होने के पहले भी नीतीश ने केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी। उन्होंने इस मांग को लेकर बिहार में अभियान चलाने की बात भी कही थी। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू भी आंध्र के लिए स्पेशल पैकेज की मांग कर सकते हैं। ये दोनों नेता अब अपनी इन मांगों को लेकर मोदी सरकार पर दबाव रहेगा। वैसे मोदी ऐसे दबाव से निपटना बखूबी जानते हैं। महाराष्ट्र की शिवसेना को गठबंधन में लेकर ये दबाव कम किया जा सकता। चुनाव से पूर्व विपक्षी गठबंधन से जैसे नीतीश कुमार पलटी मारकर भाजपा के साथ आ गए,ऐसे ही विपक्ष में बैठे कई दल भाग सकतें हैं। बस इशारे की जरूरत है। मोदी पुराने राजनयिक हैं। कब किस हालात से कैसे जूझना है,वह जानते हैं। उम्मीद है कि वह अपनी सूझबूझ से सरकार को सरलता से पांच साल चलाते रहेंगे।

## सोशल फोरम

# क्षयकारी घटनाओं पर रखें दृष्टि

जो जन्म लेगा उसकी मृत्यु भी अवश्य होनी है। सृष्टि के साथ विनाश भी अवश्यंभावी है। प्रत्येक प्राणी के लिए यह धरती कुरुक्षेत्र है। उसका जीवन इस धरती की जलवायु, पर्यावरण, विप्लव और आपदाओं के साथ जुड़ा तो है ही, लेकिन आकाश और अंतरिक्ष से संबंधित अनापेक्षित घटनाओं से भी प्रभावित होता है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

इन सबको सकारात्मक मान भी लिया जाए तो भी प्राणी मात्र के विनाश के लिए हर युग में मनुष्य ने अनेकानेक उपक्रम स्वयं ही तैयार किए हैं। आज इक्कीसवीं सदी में तो एक चिंगारी ही काफी है। आठ सौ करोड़ की जनसंख्या को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए। पिछले कुछ सालों से हम इस बात के साक्षी होते जा रहे हैं कि कुछ मनोरोगी राष्ट्रीय प्रमुख या आतंकवादी संगठन इस धरती को विश्व युद्ध की कगार पर खड़ा करने में लगे हैं।

यह संभवतः किसी अदृश्य शक्ति या कहें कि ईश्वर की कृपा रही है कि अभी मानवता आशावादी दृष्टिकोण से आगे बढ़ रही है। कुछ बरस पहले विश्व कोरोना वायरस के प्रकोप से पीड़ित हुआ और याद ही नहीं है कि कितने अपने असमय ही छोड़कर चले गए। एक दिन पंचांग को देख रहा था तो आने वाले आषाढ़ कृष्ण के पन्ने पर नजर डाली। यह पक्ष विश्वघर्ष पड़ गया है। कुरुक्षेत्र के युद्ध के समय भी विश्वघर्ष पक्ष था और कोरोना काल में भी। बीच बीच में अनेक वर्ष इस तरह के आते रहते हैं।

यह एक खगोलीय घटना है। जब चन्द्रमा पूरे पक्ष में पृथ्वी से करीब से गतिमान हो जाता है तो पंद्रह दिन का पक्ष तेरह दिन का हो जाता है अर्थात् एक ही पक्ष में दो तिथियां क्षय हो जाती हैं। इसे विश्वघर्ष पक्ष कहा जाता है। मेरे विश्वास में यह पृथ्वीवासियों के लिए कष्टकारी ही होता है। जो मित्र खगोलीय घटनाएं और उनके ज्योतिषी प्रभाव के अध्ययन में रुचि रखते हैं,उनको आगामी एक वर्ष की विश्व की क्षयकारी घटनाओं पर दृष्टि रखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। अनेक सकारात्मक प्रभाव भी पृथक-पृथक व्युत्पन्न होते हैं अन्य ग्रहों की स्थिति शुभ स्थिति के कारण।

-फेसबुक वॉल से

# मोदी को ताजः क्या है सितारों की आवाज

रविवार को सायंकाल 7.18 बजे से कुछ मिनटों में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण संपन्न हो गया। पृथ्वी पर नवग्रहों का पूरा नियंत्रण है और वे भविष्य को प्रभावित करते हैं। चुनाव परिणाम आने से काफी पहले 16 मई को मैंने "अमृत विचार" के पृष्ठों पर परिणामों को लेकर एक लेख लिखा था जिसमें मोदी की स्थिति में 'ह्रास' की संभावना बताई थी,जो सही निकली। अब शपथ ग्रहण काल को आधार बनाकर मैं यहां देख रहा हूं कि सरकार का भविष्य क्या है?

मीडिया का एक वर्ग मोदी की उक्त समय ली गई शपथ काल में वृश्चिक लग्न बता रहा है,जो सही नहीं है। उस दिन वृश्चिक लग्न तो सात बजकर पांच मिनट तक ही थी। शपथ धनु लग्न में हुई है जिसका पहला नवांश तत्समय चल रहा था। धनु का स्वामी वृहस्पति होता है और धनु का पहला नवांश मेष है जिसका स्वामी मंगल होता है। मोदी की जन्म लग्न वृश्चिक जरूर है, जहां मंगल के साथ चंद्रमा भी बैठा है। किसी समय का फलादेश करते समय तत्कालीन दशा और गोचर विशेष रूप से दृष्टव्य होता है। 24 अप्रैल, 2024 से मोदी की कुंडली में मंगल की महादशा में शनि की भुक्ति यानी अंतर्दशा चल रही है। अर्थात् आगामी घटनाचक्र में मंगल का रोल प्रबल होगा। शनि और गुरु भी अहम् रोल में हैं तथा राज्य संबंधी मामलों में सूर्य की स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता,क्योंकि वे दशम भाव यानी राजकाज का कारक हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध।

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध। राजा दशरथ द्वारा राजसभा में राम के राज्याभिषेक की घोषणा ऐसे ही शनि मंगल संबंधों के समय हुई,जब प्रबल 'राजभंग योग' था,सो परिणाम सब कोई जानता है। मंगल की महादशा में शनि का अंतर हो तो आचार्य मानसागर के अनुसार- उपर्युपरि जायन्ते दुःखान्यपि सहस्रशः।/ जनक्षयं कुजस्यार्की या प्राप्तोऽन्तर्दशा यदा।। अर्थात् मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा हो तो एक के बाद एक हमेशा दुःख आते ही रहते हैं तथा जन का नाश हो जाता है।)

नवांश लग्नानुसार सूर्य दूसरे भाव में तथा मोदी के जन्म चक्रानुसार सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं। दूसरा भाव मारक होता है तथा सातवां प्रणय/विवाह का। इस संदर्भ में प्रणय का मतलब घटक दलों से संबंध से है,जिसे सूर्य भस्म करेंगे। अलबत्ता वृष पर बैठे गुरु मोदी की जन्म लग्न को देख रहे हैं। उनकी दृष्टि शुभ होती है। गुरु ज्योतिष में ब्राह्मण मान्य हैं। प्रतीत होता है कि विप्र वर्ग और प्रबुद्ध वर्ग सहायक होकर मोदी को बल प्रदान करेगा। कुल मिलाकर मोदी का राजमार्ग दुर्गम और कंटकाकीर्ण है। मंगल दो घर के स्वामी होते हैं। दिसंबर से वे छठे भाव (शत्रु,रोग,ऋण) के स्वामी होकर महादशानाथ होंगे,तब कठिनाइयों में और इजाफा होगा। कार्यकाल पूरा होना बेहद कठिन है।

# भूख से बिलखते बच्चे

दूसरे विश्वयुद्ध के महाविनाश के बाद बच्चों के चहुंमुखी विकास और सुरक्षा के मकसद से 11 दिसंबर 1946 को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय न्यूयार्क में है। इसमें दुनियाभर के 193 देश शामिल हैं और हमारा देश भी इसका सदस्य है,किंतु इस पूंजीवादी दौर में सभी देश चाहें वो विकासशील देश हो या विकसित, चंद मुट्ठीभर लोगों के पास बेशुमार दौलत इकट्ठी हो रही है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस कारण अमीर-गरीब की खाई चौड़ी होती जा रही है। ज्यादातर देशों में सामाजिक सुरक्षा ध्वस्त हो रही है और इसका दुष्प्रभाव सबसे ज्यादा बच्चों में देखने को मिल रहा है। यूनिसेफ की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में पांच वर्ष से कम उम्र के 37.2,करोड़ बच्चों में विटामिन की बेहद कमी है। 14.8 करोड़ की वृद्धि भुखमरी के कारण रुकी हुई है और 4.5 करोड़ तो भयंकर भुखमरी का शिकार हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद इन बच्चों को संतुलित और पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पा रहा। दुनियाभर में भुखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का अध्ययन करने और उसका निराकरण सुझाने के उद्देश्य से यूनिसेफ ने बाल भोजन दरिद्रता नाम का एक विभाग स्थापित किया है जिसमें इन 193 में से 137 अत्यंत गरीब देशों का चयन किया गया है। यहां दुनिया के करीब 90 प्रतिशत गरीब बच्चे रहते हैं। इन 137 देशों में 63 देशों में तो यूनिसेफ ने एक विशेष अध्ययन किया है,जहां बच्चे लगभग नियमित रूप से भोजन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

इन 63 देशों में भारत का स्थान 40 वां है,जो एक दुखद पहलू है।

ऐसे में देश के विकास को समर्पित नए हुक्मरानों को यूनिसेफ की इस रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन करना चाहिए जिसके लिए इनकी समाजिक जिम्मेदारी और जबाबदेही है। सबसे दुःखद बात यह है कि भारत यूनिसेफ की जारी होने वाली रिपोर्ट्स पर कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जब भी पूछा गया तो जिम्मेदारों ने रिपोर्ट्स को झूठा करार दिया।

## सार-संक्षेप

### सौतेली मां ने बेटे पर दर्ज कराई छेड़खानी की रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया कि वह सदर बाजार निवासी एक युवक की पांचवीं पत्नी के रूप में रह रही है। उसका आरोप है कि 6 जून की रात 10 बजे उसे अकेला पाकर उसके सौतेले बेटे ने छेड़खानी की। आरोपी ने उसे कहीं भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह वह आरोपी के चंगुल से छूट कर भाग गई। महिला की तहरीर पर कैंट पुलिस ने रविवार देर रात सौतेले बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं महिला के पति का कहना है कि उसके बेटे ने 7 जून को अपनी सौतेली मां के खिलाफ कैंट थाने में साक्ष्यों के आधार पर स्कूटी और मोबाइल चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने खुद को मुकदमे से बचाने के लिए बेटे के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया है।

### सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का विरोध

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मझौआ गंगापुर में बिना मिट्टी हटाए डामर रोड डालने और घटिया सामग्री लगाकर सड़क निर्माण के मामले में ग्रामीणों का विरोध जारी है। सोमवार को ग्रामीणों ने सड़क में घटिया सामग्री की शिकायत एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव से की। उप जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्र के गांव मझौआ गंगापुर में सड़क निर्माण की जांच करने की टीम जाएगी। ग्रामीणों का कहना है 6 महीने भी यह सड़क नहीं चल पाएगी। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर मंगलवार को टीम सड़क की जांच करने जाएगी।

### मेढ़ के विवाद में भाइयों में हुई मारपीट

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नजदीकी ग्राम खंजनपुर खंजनिया में खेत की मेढ डालने को लेकर भाइयों में विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष की महिला की ओर से देवर, जेठ और जेठ के पुत्र के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि ये लोग उसका गन्ना उखाड़ कर मेढ़ डाल रहे थे, विरोध करने पर इन लोगों ने उसके पति के सिर में बंका मार दिया। दूसरे पक्ष की ओर से भी एक महिला ने जेठ –जेठानी और जेठ के पुत्रों से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

### विहिप की अगुवाई में एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों के साथ बहेड़ी के लोगों ने एक ज्ञापन एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को सौंपा। जिसमें पुरानी गन्ना समिति की जगह पर बने प्राचीन मंदिर और पीपल के पेड़ को नुकसान पहुंचाने की शिकायत की गई। वहीं पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया गया हैं। ज्ञापन देने वालों में राजकमल सिंह, आलोक गर्ग, बिट्टू पिपलानी, महावीर सिंह, सीताराम दुबे व नेत्र पाल सिंह आदि शामिल रहे। इस मामले में केसर शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष अंशुल मोहन गर्ग द्वारा स्थानीय प्रशासन को दिए गए पत्र में कहा गया कि आंधी के चलते पीपल का पेड़ गिर गया था। मंदिर का भी जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसकी स्वीकृति प्रशासन से ली गई है।

### बाइकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर घायल

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला– भमोरा मार्ग के होली फैमिली स्कूल के समीप दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। बिशारतगंज के गांव देवीपुर निवासी रामसेवक कुंवरगांव बदायूं में सीमेंट की ईंटे बनाने का काम करता है। सोमवार को वह कुंवरगांव से लौट रहा था। होली फैमिली स्कूल के समीप सामने से आई एक बाइक से उसकी बाइक में भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर वीरपुरा आंवला निवासी शेर सिंह और उसका भतीजा गुरमीत सिंह सवार था। टक्कर से दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला भेजा। जहां चिकित्सक ने हालत गम्भीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया है।

### गो रक्षक दल की ओर से लगाया गया प्याऊ

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गो रक्षक दल ब्रजवासी सेना के ब्लॉक अध्यक्ष जय प्रकाश कश्यप की ओर से दक्षिणी हाईवे पर गांव गुड़वारा के निकट भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए पानी का प्याऊ लगाया गया। सुबह से शाम तक कार्यक्रम चला। गोकुल प्रसाद, बनवारी कश्यप व हरपाल का इस पुनीत कार्य में सहयोग रहा।

### बंदूक और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**भुता, अमृत विचार :** भुता पुलिस ने चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के गांव खटेली निवासी चंद्रपाल को अवैध बंदूक और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार वह किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहा था, उससे पहले पकड़ा गया।

### मोदी के शपथ लेने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

**गुलड़िया, अमृत विचार :** नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद बड़ागांव में भाजपाइयों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। आतिशबाजी करते हुए जमकर जश्न मनाया। इस मौके पर गुलड़िया ग्राम प्रधान ज्ञानचंद, राकेश वर्मा, पूर्व प्रधान बड़ागांव ऐदल सिंह, हर्षपाल सिंह, हरिशंकर लोधी, बलिस्तर आदि लोग मौजूद रहे।

### भाजपा ने की चुनाव में मिली हार की समीक्षा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में नगर से पार्टी प्रत्याशी को मिली हार से भाजपाइयों में खलबली मची हुई है। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर और नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि नगर से भाजपा प्रत्याशी को सपा के मुकाबले 3327 मत कम मिले हैं। जिसका प्रमुख कारण मुस्लिम मतों का मत प्रतिशत अधिक रहने के साथ ही कुछ मतों की क्रास वोटिंग भी है। जबकि हिन्दू वर्ग से पार्टी प्रत्याशी को भारी समर्थन मिला और 86 प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में हुआ है। हिन्दू मतदाताओं में 14 फीसदी मत ऐसा है जो भाजपा के विरुद्ध ही रहता है। श्री राठौर ने बताया कि कई हिन्दू बाहुल्य गांवों में भी हमारी हार हुई है। इन गांवों के साथ ही नगर में भी पार्टी के कार्यों का प्रचार कर सुधार का प्रयास किया जाएगा। वार्ता के दौरान युवा मोर्चा के अध्यक्ष संजीव राठौर भी मौजूद रहे।

# कार के लिए शादी से पांच दिन पहले तोड़ दिया रिश्ता

**देवरनियां, अमृत विचार :** कार और सात लाख नकदी के लिए दहेज लोभियों ने शादी के पांच दिन पहले रिश्ता तोड़ दिया, वहीं पीड़ित पिता आरोपियों पर कार्रवाई के लिए चक्कर काट रहा हैं। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले एक युवक ने बताया कि उसकी बेटी के मंगेतर ने रिश्ता तय होने के बाद शारीरिक संबंध बनाए। अब जब शादी करीब आ चुकी है तो दहेज में कार और सात लाख की मांग करने लगे न देने पर बरात लाने से इन्कार कर दिया। शिकायत पर देवरनियां पुलिस ने कार्रवाई नहीं की अब वह कोतवाली के चक्कर काट रही हैं। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसने बेटी की सगाई में 6 लाख रुपये खर्च किए, बरात 15 जून को आनी थी, लेकिन अब दहेज की मांग बढ़ाकर बरात लाने से इंकार कर दिए। उसने आरोप लगाया कि रिश्ता तय होने के बाद बेटी के होने वाले पति ने कई बार उसे बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़ित का आरोप है कि वह एक सप्ताह से कोतवाली के चक्कर काट रहा है, मगर देवरनियां पुलिस उसकी फरियाद नहीं सुन रही है, आरोप है कि पुलिस समझौते का दबाव डाल रही है। वहीं इस मामले में इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा का कहना है कि दूसरे पक्ष से समझौता कराने का आरोप निराधार है, आरोपी पक्ष शादी करने को राजी है। बाकी मामले की जांच की जा रही है।


## कार्यालय पंचायत सुकटिया विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

पत्रांक : /ग्रा.पं./2024–25 दिनांक : 10.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सकुटिया की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए. स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 वा केन्द्रीय वित्त आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडण्जा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर कार्य, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्थापना/अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल, नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ीभवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वॉल निर्माण, खाद के गडढों का निर्माण, ई रिक्शा क्रय एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इण्टरलॉकिंग, ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड, व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई.किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 05 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.6.24 को 11 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

जीवनलाल, ग्राम प्रधान — अमित दुबे, सचिव

## कार्यालय पंचायत हरहरपुर हसन विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

पत्रांक : /ग्रा.पं./2024–25 दिनांक : 10.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरहरपुर हसन की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए. स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 वा केन्द्रीय वित्त आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडण्जा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर कार्य, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्थापना/अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल, नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ीभवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वॉल निर्माण, खाद के गडढों का निर्माण, ई रिक्शा क्रय एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इण्टरलॉकिंग, ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड, व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई.किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 05 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.6.24 को 01 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

सुशील पटेल, ग्राम प्रधान — अमित दुबे, सचिव

## कार्यालय पंचायत दिनारपुर विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

पत्रांक : /ग्रा.पं./2024–25 दिनांक : 10.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दिनारपुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए. स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 वा केन्द्रीय वित्त आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडण्जा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर कार्य, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्थापना/अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल, नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ीभवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वॉल निर्माण, खाद के गडढों का निर्माण, ई रिक्शा क्रय एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इण्टरलॉकिंग, ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड, व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई.किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 05 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.6.24 को 03 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

रामप्रसाद, ग्राम प्रधान — अमित दुबे, सचिव

## कार्यालय पंचायत सूराजपुर विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

पत्रांक : /ग्रा.पं./2024–25 दिनांक : 10.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सूरजपुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए. स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 वा केन्द्रीय वित्त आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडण्जा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर कार्य, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्थापना/अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल, नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ीभवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वॉल निर्माण, खाद के गडढों का निर्माण, ई रिक्शा क्रय एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इण्टरलॉकिंग, ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड, व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई.किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 05 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.6.24 को 01 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

परमजीत सिंह, ग्राम प्रधान — वीरेन्द्र कुमार, सचिव

## कार्यालय पंचायत भूड़ा विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

पत्रांक : /ग्रा.पं./2024–25 दिनांक : 10.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भूड़ा की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए. स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 वा केन्द्रीय वित्त आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडण्जा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर कार्य, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्थापना/अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल, नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ीभवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वॉल निर्माण, खाद के गडढों का निर्माण, ई रिक्शा क्रय एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इण्टरलॉकिंग, ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड, व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई.किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 05 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.6.24 को 11 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

गीता देवी, ग्राम प्रधान — वीरेन्द्र कुमार, सचिव

## कार्यालय पंचायत तुर्कुपुर उर्फ बड़वार विकास खंड अमरिया जिला पीलीभीत

पत्रांक : /ग्रा.पं./2024–25 दिनांक : 10.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तुर्कुपुर उर्फ बड़वार की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए. स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 वा केन्द्रीय वित्त आयोग तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी सी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडण्जा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर कार्य, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्थापना/अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल, नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ीभवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वॉल निर्माण, खाद के गडढों का निर्माण, ई रिक्शा क्रय एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इण्टरलॉकिंग, ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड, व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई.किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 05 बजे तक दिनांक 14.06.24 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 15.6.24 को 03 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

हरप्यारी, ग्राम प्रधान — वीरेन्द्र कुमार, सचिव


### धनगर पाल बघेल सेवा समिति का गठन



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** कस्बे के एक निजी स्कूल में धनगर, पाल, बघेल समाज के लोगों की बैठक हुई जिसमें धनगर पाल बघेल सेवा समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम माता अहिल्याबाई को नमन किया गया उसके बाद सर्वसम्मति से बालेदीन पाल को समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में अध्यक्ष बालेदीन पाल ने कहा कि पाल, बघेल, धनगर समाज के उत्थान एवं एकजुट करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और राजमाता अहिल्याबाई के आदर्शों को आगे बढ़ाएंगे। बैठक में राजू पाली, नवल किशोर फौजी, डॉक्टर चंद्रपाल बघेल, पप्पू पाल, ओमपाल फौजी, सेवाराम पाल, करनलाल पाल, अमर सिंह पाल, ओंकार पाल, नंदप्रकाश पाल, संत कुमार पाल, जेपी पाल आदि लोग मौजूद रहें।


## कार्यालय जिला पंचायत बदायूँ

पत्रांकः 126 /जि0पं0/कर अनु0/2024–25 दिनांक 10.06.2024

**ई-निविदा नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, बदायूँ के ग्रामीण क्षेत्रों में दिनांक 24 दिसम्बर 2011 से प्रचलित परिवहन शुल्क की उपविधि के अधीन तहसील दातागंज ग्राम अहमद नगर बछौरा पट्टे से रेता/सारधारण बालू के परिवहन शुल्क हेतु ठेका ई–निविदा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 की दिनांक 11.12.2024 तक की अवधि के लिए दिनांक 18.06.2024 की अपरान्ह 03:00 बजे तक www.etender.up.nic.in वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 10.06.2024 को 5:00 बजे साइट पर उपलब्ध रहेगी जो डाउनलोड / देखी जा सकती है प्राप्त ई–निविदा दिनांक 18.06.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी निविदा शुल्क /डी0डी0/प्रपत्र सं0 5 द्वारा अपलोड करना अनिवार्य होगा जमा करना भी अनिवार्य होगा तथा धरोहर धनराशि अंकन रू0 – 50,000/– को जमा कर एफ0डी0आर0 जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बदायूँ के पद नाम से बन्धक हो। तथा प्रपत्र सं0 –05 के रूप में कार्यालय में जमा कर सकते हैं। ठेका स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में नियत होगा एवं सर्शत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रचलित उपविधि में निर्धारित दर 01 – खच्चर/ गधा व अन्य पशु – 02.00/– रू0 02 –बैलगाड़ी / छोटी बोगी – 10.00 /– प्रति चक्कर 03– टैक्टर ट्राली – 50.00/– प्रति चक्कर चार पहिया वाली 04–टैक्टर ट्राली 40.00/– प्रति चक्कर दो पहिया वाली 05– ट्रक –75 /– प्रति चक्कर 06–ट्रक टाटा 407/डीसीएफ, टोयटा आदि – 60.00 प्रति चक्कर के अनुरूप ही खनन स्थल से अनुमोदित शर्तो पर वसूली करना होगा। निविदा के माध्यम से प्राप्त अधिकतम ई–निविदा की धनराशि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एक मुश्त जमा करना अनिवार्य होगा, निर्धारित अवधि में धनराशि जमा न करने पर जमा धरोहर (जमानत) धनाराशि जब्त कर द्वितीय निविदादाता की नीलामी धनराशि उचित होने पर विचार किया जा सकता है, अन्यथा पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी निविदा से सम्बन्धित शर्तें / जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है व उक्त सूचना वेबसाइट www.badaun.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी। विवरण निम्न प्रकार हैं :–

| क्र0 सं0 | जनपद | स्थल का नाम | न्यूनतम धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बदायूँ | तहसील दातागंज के ग्राम अहमद नगर बछौरा स्थल | 1,28,000/– | 50,000/– | 590 |

अभियन्ता, जिला पंचायत, बदायूँ — अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बदायूँ

## कार्यालय ग्राम पंचायत डोहरा विकास खंड बिथरी (बरेली)

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डोहरा में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत डोहरा की वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस – एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, पंचायत घर मरम्मत व रंगाई–पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान्न भंडारण भवन निर्माण कार्य, खाद्यान्न भंडारण केन्द्र में एल्कोपेनल कार्य आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 14 जून 2024 को प्रातः 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसे उसी दिन अपरान्ह 2 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान– गोपी — सचिव– विपिन कुमार

## कार्यालय ग्राम पंचायत तैयतपुर विकास खंड बिथरी (बरेली)

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तैयतपुर में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत तैयतपुर की वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, पंचायत घर मरम्मत व रंगाई–पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान्न भंडारण भवन निर्माण कार्य, खाद्यान्न भंडारण केन्द्र में एल्कोपेनल कार्य आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 14 जून 2024 को प्रातः 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसे उसी दिन प्रातः 12 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान– लक्ष्मी — सचिव– विपिन कुमार

## कार्यालय ग्राम पंचायत भगवानपुर धीमरी विकास खंड बिथरी (बरेली)

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भगवानपुर धीमरी में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत भगवानपुर धीमरी की वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय – वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से – कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस – एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, पंचायत घर मरम्मत व रंगाई–पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान्न भंडारण भवन निर्माण कार्य, खाद्यान्न भंडारण केन्द्र में एल्कोपेनल कार्य आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 14 जून 2024 को प्रातः 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन सायं 5 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना /कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

ग्राम प्रधान– प्रभा — सचिव– विपिन कुमार


### युवती को नशे की गोली देकर अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे की एक युवती का आरोप है कि हाफिजगंज कस्बे में बैठने वाली एक झोलाछाप महिला डॉक्टर किशोरियों और युवतियों को नशे की दवाई देकर अश्लील वीडियो बनवाकर ब्लैकमेल करती है। उसके साथ भी ऐसा करने की कोशिश की, लेकिन वहां से भाग निकली। युवती ने बताया कि वह सोमवार को इसके पास दवा लेने गई तो उसने उसे एक गोली खिलाई, जिससे उसे नशा होने लगा और महिला चिकित्सक ने अपने दो शोहदों को बुलाकर उसकी अश्लील वीडियो बनवाने की कोशिश की। किसी तरह वह वहां से छूट कर टेंपो से नवाबगंज आ रही थी, इसके बाद महिला डॉक्टर के शोहदों ने बाइक से पीछा कर उसे हाईवे पर हरदुआ के पास जबरदस्ती उतारने की कोशिश की, विरोध पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं। युवती का आरोप है कि किशोरियों का अश्लील वीडियो बनवाकर वह उनसे गंदे काम करवाती हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मढ़ौली, विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

**सूचना**

शासनादेश संख्या–269/33–3–2024, दिनांक 15.03.2024 के अन्तर्गत पंचायत सहायक/एकाउण्टेन्ट–कम–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमंत्रित किये जाते हैं:–

- कुल रिक्त पद–1
- ग्राम पंचायतवार अवशेष पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारुप पंचायतीराज विभाग की वेबसाईट https://panchayatiraj.up.nic.in, व https://prdfinance.up.gov.in पर उपलब्ध है।
- आवेदन तिथि–15.06.2024 से 30.06.2024 तक।

**पंचायत सहायक / एकाउण्टेन्ट–कम–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय सारिणी**

| क्र.सं. | भर्ती प्रक्रिया | भर्ती प्रक्रिया |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | 12 जून, 2024 से 14 जून, 2024 |
| 2. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 15 जून, 2024 से 30 जून, 2024 |
| 3. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 01 जुलाई, 2024 से 06 जुलाई, 2024 |
| 4. | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 07 जुलाई, 2024 से 14 जुलाई, 2024 |
| 5. | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति। | 15 जुलाई, 2024 से 21 जुलाई, 2024 |
| 6. | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 22 जुलाई, 2024 से 24 जुलाई, 2024 |

**आवेदन की प्रक्रियाः–** निर्धारित आवेदन के प्रारुप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रुप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त चयन प्रकिया शासनादेश संख्या–42/2021/1235/33–3–2021/989, दिनांक–25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरुप संचालित होगी।

प्रधान–अरविन्द कुमार — सचिव–जितेन्द्र गंगवार

## कार्यालय ग्राम पंचायत लभेड़ा दुर्गाप्रसाद, विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**सूचना**

शासनादेश संख्या–269/33–3–2024, दिनांक 15.03.2024 के अन्तर्गत पंचायत सहायक/एकाउण्टेन्ट–कम–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमंत्रित किये जाते हैं:–

- कुल रिक्त पद–1
- ग्राम पंचायतवार अवशेष पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारुप पंचायतीराज विभाग की वेबसाईट https://panchayatiraj.up.nic.in, व https://prdfinance.up.gov.in पर उपलब्ध है।
- आवेदन तिथि–15.06.2024 से 30.06.2024 तक।

**पंचायत सहायक / एकाउण्टेन्ट–कम–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय सारिणी**

| क्र.सं. | भर्ती प्रक्रिया | भर्ती प्रक्रिया |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | 12 जून, 2024 से 14 जून, 2024 |
| 2. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 15 जून, 2024 से 30 जून, 2024 |
| 3. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 01 जुलाई, 2024 से 06 जुलाई, 2024 |
| 4. | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 07 जुलाई, 2024 से 14 जुलाई, 2024 |
| 5. | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति। | 15 जुलाई, 2024 से 21 जुलाई, 2024 |
| 6. | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 22 जुलाई, 2024 से 24 जुलाई, 2024 |

**आवेदन की प्रक्रियाः–** निर्धारित आवेदन के प्रारुप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रुप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त चयन प्रकिया शासनादेश संख्या–42/2021/1235/33–3–2021/989, दिनांक–25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरुप संचालित होगी।

प्रधान–भागवती — सचिव–सुरेन्द्र कुमार

## 23 केंद्रों पर यूपी कैटेट परीक्षा आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** कृषि विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) मंगलवार 11 जून को प्रदेश के 11 जिलों के 23 परीक्षा केंद्रों पर होगी। मंगलवार को प्रथम पाली में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षाएं होगी। 12 जून को प्रथम पाली में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक स्नातकोत्तर एवं पीएचडी और द्वितीय पाली में दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक एमबीए कृषि पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षाएं आयोजित होंगी। दोनों दिन की परीक्षा में 11 जिलों के 17,272 छात्र शामिल होंगे। यह परीक्षा प्रदेश के कुल 11 जिलों में आयोजित की जा रहीं हैं। जिसमें मेरठ, कानपुर, अयोध्या, बांदा, वाराणसी, लखनऊ, आगरा, बरेली, आजमगढ़, झांसी व गोरखपुर शामिल हैं। यूपी कैटेट परीक्षा में इस बार एक नए कृषि विश्वविद्यालय का नाम जुड़ गया है।

# प्रदेश के सभी क्षेत्रों को मिलेगी इस माह चौबीस घंटे बिजली

### पावर कॉरपोरेशन को पत्र लिखा, योगी का निर्देश लागू करने को कहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे जून माह में प्रदेश के सभी क्षेत्रों को चौबीस घंटे बिजली मिलेगी। शासन ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को निर्देश जारी किया है। प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण की ओर से इस आशय का पत्र कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को भेजा गया है। पत्र में मुख्यमंत्री के निर्देश का हवाला दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार भेजे गये पत्र में कहा गया है कि हर हाल में सभी लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बिजली



अधिकारी जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन जरूर रिसीव करें। बिजली आपूर्ति बंद होने के दौरान जनप्रतिनिधियों व मीडिया प्रतिनिधियों को यथास्थिति से अवगत कराया जाय। पत्र में मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक का उल्लेख किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों के फोन के विभागीय अधिकारियों के न उठाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई है।

#### बिजली दरों का प्रस्ताव पेश करें: नियामक आयोग

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों को श्रेणीवार उपभोक्ताओं की नई बिजली दरों से संबंधित प्रस्ताव आयोग में पेश करने का निर्देश दिया है। बिजली कंपनियों की ओर से बीते नवंबर में भेजे गये प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए आयोग ने कहा कि विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र पेश किया जाय। आयोग ने नोयडा पावर कंपनी के प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया है। आयोग ने कहा कि श्रेणीवार बिजली दर का प्रस्ताव दाखिल होने पर उपभोक्ताओं के सामने सही स्थिति रखी जा सकेगी।

## सीओ विनय चौहान को बस्ती से हटाया गया

**लखनऊ, अमृत विचार :** अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये बस्ती के सीओ सिटी विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। सीओ विनय चौहान के निलम्बन की संस्तुति करते हुए आईजी रेन्ज बस्ती ने डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है। दूसरी तरफ सीओ की पत्नी ने अपना पक्ष रखने के लिए आईजी रेन्ज से समय मांगा है। उल्लेखनीय है कि सीओ विनय चौहान गत दिनों अपने सरकारी आवास में अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये थे। इस मामले में सीओ की प्रेमिका ने सीओ विनय चौहान ,उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। इसी तरह तबादले के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक कुंवर प्रभात सिंह को रेलवे वाराणसी से हटाकर जनपद बस्ती और डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध श्यामजीत प्रमिला सिंह को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

## उप्र. के राज्य मंत्रियों को भी केन्द्र में मिला महत्वपूर्ण विभाग

- जितिन प्रसाद को मिली वाणिज्य एवं उद्योग के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी जैसे मंत्रालयों की जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नवगठित मंत्रिमंडल में विभाग बंटवारे में उप्र. के राज्य मंत्रियों को भी खासा महत्व दिया है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा उन्हें शिक्षा विभाग का राज्यमंत्री भी बनाया गया है। कीर्तिवर्धन सिंह को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के साथ विदेश मामलों का मंत्री बनाकर उनका कद ऊंचा किया गया है। जितिन प्रसाद को वाणिज्य एवं उद्योग के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिली है।

मोदी सरकार-तीन मंत्रिमंडल में उप्र. से दो कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह और हरदीप पुरी हैं। रालोद के जयंत चौधरी को महत्वपूर्ण विभाग देकर जाट मतदाताओं में उनकी पकड़ को और मजबूत करने का संदेश दिया गया है। मंत्रिपरिषद में दुबारा स्थान पाने वाले बीएल वर्मा उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री होंगे। पिछली बार उनके पास अपेक्षाकृत कम महत्व के माने जाने वाला उत्तर पूर्व विकास क्षेत्र और सहकारिता विभाग था। मोदी सरकार-दो में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री रहे एसपी सिंह बघेल को इस बार मत्स्य, पशुपालन व डेयरी और पंचायती राज विभाग में जिम्मेदारी मिली है। पंकज चौधरी पुनः वित्त राज्यमंत्री बनाए गए हैं। पहली बार मंत्री बने कमलेश पासवान को ग्रामीण विकास विभाग का राज्यमंत्री बनाया गया है। वहीं, अपना दल (एस) की राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक विभाग की मंत्री बनाई गई हैं। वह मोदी सरकार-दो में वह वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री थीं।

## नौकरानी ने चुराया था 75 लाख का सोने का बिस्किट

**कानपुर, अमृत विचार :** चकेरी थानाक्षेत्र में सर्राफा कारोबारी विपिन सिंह के घर से 75 लाख रुपये कीमत का सोने का बिस्किट (गोल्ड बुलियन) चोरी करने वाली नौकरानी मानसी विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से सोने का बिस्किट बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि कालीबाड़ी लालबंगला निवासी विपिन सिंह ने पुलिस को बताया था कि वह गोल्ड का काम करते हैं। चौक सर्राफा में उनकी दुकान है। उन्होंने सोने का 954 ग्राम का बिस्किट घर पर अलमारी में रखा था। नौकरानी मानसी विश्वकर्मा ने उसे बिस्किट अलमारी में रखते हुए देख लिया था। इसके बाद 2 जून को शाम को नौकरानी मानसी विश्वकर्मा निवासी चन्द्रनगर ने बिस्किट चुरा लिया था। उन्हें पता नहीं चला था।

## रायबरेली-अमेठी की जनता को धन्यवाद देने आज पहुंचेगा नेहरू-गांधी परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में जीत पर नेहरू-गांधी परिवार 11 जून को रायबरेली व अमेठी की जनता को धन्यवाद देने पहुंचेगा। इस दौरान आभार सभा का आयोजन होगा, जिसे पार्टी नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा संबोधित करेंगी। इसके साथ ही, सोमवार से प्रदेश भर में धन्यवाद यात्रा शुरू होगी, जिसमें पार्टी पदाधिकारी जनता को आभार प्रकट करेंगे।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि पार्टी की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राहुल व प्रियंका गांधी रायबरेली व अमेठी पहुंचेगे और आभार सभा को संबोधित



करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में रायबरेली की जनता ने राहुल गांधी व अमेठी की जनता ने पार्टी नेता किशोरी लाल शर्मा को भारी मतों से जीत दिलाई है। पार्टी नेताओं ने बताया कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में इंडी गठबंधन को मिले जनसमर्थन को देखते हुए प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में सोमवार से 15 जून तक विधानसभावार धन्यवाद यात्राओं का आयोजन होगा।

## नवीनतम तकनीक से सुसज्जित होगा गंगा एक्सप्रेस-वे

**लखनऊ, अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस-वे अत्याधुनिक नवीनतम तकनीक से सुसज्जित होगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने ईटीएच-स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ज्यूरिख और आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी के साथ सोमवार को समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश में यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे को अत्याधुनिक नवीनतम तकनीक से सुसज्जित कर यातायात को सुगम बनाने की तैयारी चल रही है। इसी के तहत समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं।

## इंडिगो पर फूटा नेहा राठौर का गुस्सा बोलीं यात्रियों के सम्मान की फिक्र नहीं

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी में का बा गाने से चर्चा में आई लोक गायिका नेहा सिंह राठौर का गुस्सा रविवार रात इंडिगो एयरलाइंस पर फूटा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर नेहा ने विमान कंपनी की जमकर खिंचाई की। नेहा ने लिखा है कि इंडिगो एयरलाइंस को अपने यात्रियों के सम्मान की फिक्र नहीं है। लखनऊ एयरपोर्ट पर अचानक उड़ान रद्द कर यात्रियों का कई घंटे बर्बाद किया गया।

एक्स पर किए अपने पोस्ट में नेहा ने लिखा है कि रविवार को उन्हें लखनऊ से उड़ान संख्या 6-ई 546 से दिल्ली जाना था। देर शाम 8:20 बजे की फ्लाइट थी। बोर्डिंग के लिए यात्रियों को एक घंटे इंतजार करना पड़ा। बोर्डिंग के बाद अचानक उड़ान निरस्त होने की घोषणा कर दी गई। इंडिगो ने टिकट रिफंड का विकल्प दिया। टिकट रिफंड के बाद कहा गया कि 20 मिनट में सामान मिल जाएगा, लेकिन दो घंटे बाद दिया गया। नेहा ने पोस्ट में यह भी लिखा कि शाम 6 बजे एयरपोर्ट पहुंचने के बाद 11:20 बजे उनको वापस लौटना पड़ा। एयरलाइंस ने उनके और बाकी यात्रियों के पांच घंटे बर्बाद कर दिए। एयरलाइंस को अपने यात्रियों की फिक्र है न ही उनके समय की चिंता। समय रहते अपना रवैया ठीक कर लेना चाहिए।

## न्यायिक उदासीनता ऑनर किलिंग जैसे मामलों को जन्म देती है:हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सिद्धार्थनगर के न्यायिक मजिस्ट्रेट को एक वयस्क महिला को उसके चाचा के घर भेजने पर फटकार लगाते हुए कहा कि कोई भी वयस्क व्यक्ति अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ रहने और अपनी इच्छा के अनुसार विवाह करने के लिए स्वतंत्र है। यह अधिकार प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार प्राप्त हैं।




कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि एक वयस्क को किसी दूसरे की हिरासत में नहीं भेजा जा सकता और उसे उसके साथ रहने के लिए मजबूर भी नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने नाजिया अंसारी और अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के साथ ही सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक और पुलिस स्टेशन बांसी के थाना प्रभारी को भी मामले में समान रूप से उत्तरदायी मानते हुए कहा कि महिला को उचित सुरक्षा न देकर पुलिस ने बड़ी गलती की है। ऐसी गलती ही ऑनर किलिंग जैसी घटनाओं को आमंत्रित करती है। दरअसल पीड़ित महिला ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज बयान में अपने चाचा और माता-पिता के घर जाने से इनकार किया था और उनसे अपनी जान को खतरा बताया था। इसके बावजूद न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिद्धार्थ नगर ने याची को उसके चाचा के घर भेज दिया। इस पर कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट का कर्तव्य था कि वह महिला के चाचा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाकर महिला के जीवन को सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त उपाय करते।

# धर्म दर्शन

## पौराणिक साहित्य में अयोध्या



विष्णु पुराण के अनुसार राजा कल्माषपाद या सौदास मित्रसह के बाद की दसवीं अर्थात् इक्ष्वाकु की 60 वीं पीढ़ी में दशरथ द्वितीय के पुत्र श्रीराम का अवतरण हुआ था। जहां तक दशरथ प्रथम का प्रश्न है, राजा कल्माषपाद के बाद 51 वीं पीढ़ी में अश्मक, 52 वीं मे मूलक या नारी कवच के बाद 52 वीं पीढ़ी में राजा दशरथ प्रथम हुए थे। महाभारत के सभापर्व के अनुसार अयोध्या के समकालीन नरेश धर्मपरायण नरेश महाबली दीर्घ यज्ञ को भीमसेन ने अपनी व्यवहार कुशलता से बिना युद्ध के ही वशवर्ती बना लिया था। वनपर्व के विभिन्न अध्यायों में रामकथा के प्रसंग में कई बार अयोध्या का उल्लेख हुआ है। उद्योगपर्व (115/18) में भी अयोध्या का नाम आया है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक


पौराणिक साहित्य एवं लोक अनुश्रुतियों में अयोध्याः सूर्यवंशी मानवेन्द्र मनु द्वारा बसाई, इक्ष्वाकुओं की गौरवशाली राजधानी रही अयोध्या के गौरवशाली अतीत से सभी परिचित हैं। यशस्वी चक्रवर्ती सम्राट सगर भी यहीं के थे। पुराणों में अयोध्या श्रीराम और सगर के नगर के रूप में प्रतिश्रुत है। यही नहीं यही पुराण अन्यत्र भारत की सात पवित्र पुरियों - "अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवंतिका। पुरी द्वारावती, ह्येता सप्तैते मोक्षदायिका।" (अर्थात् अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, कांची, उज्जयिनी तथा द्वारका) में प्रथम स्थान देता है। ब्रह्मांड पुराण अयोध्या के दूसरे नाम साकेत का भी उल्लेख करता है। राम नवमी के अवसर पर यहां आयोजित आनंदोत्सव या मेले में भक्तजन की भारी संख्या जुटती है। धर्मप्राण हिन्दुओं के लिए सात ऊपर लिखित मोक्षदायिका पुरियों की भांति, सभी मांगलिक कार्यों में प्रयुक्त पूजन जल में गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु एवं कावेरी नामक सात अति पवित्र नदियों के पावन जल की उपस्थिति की कल्पना की जाती है- "गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु ।।" संस्कृत भाषा से परिचित हर श्रोता का मन इस पावन मंत्र का मंगलोच्चार सुनते ही रोमांचित हो उठता है।

पुराणों के अनुसार सरयू नदी की उत्पत्ति श्रीहरि विष्णु के आनन्दाश्रुओं से हुई। शंखासुर ने हमारे चारों वेदों को चुराकर समुद्र में छिपा दिया था और स्वयं भी छिप गया। संपूर्ण संसार में अज्ञान का अंधकार व्याप्त हो गया। श्रीहरि विष्णु ने मत्स्यावतार लेकर शंखासुर का वध कर चारों वेदों को ब्रह्मा जी को सुरक्षित सौंपकर पुनः अपना वास्तविक स्वरूप धारण किया। वेदों की सुरक्षित वापसी से प्रसन्न भगवान विष्णु के नेत्रों से टपके आनंद के आंसुओं को ब्रह्माजी ने सुरक्षित रख लिया था। बाद में उनको सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विधाता ने कैलास के निकट स्थित मानसरोवर मे उड़ेल दिया। अश्वबिंदुओं के पड़ते ही मानसरोवर में आए उछाल से सरोवर का तटबंध टूट गया। उसी निकली जलधारा से टूट गया जिससे सरयू नदी की उत्पत्ति हुई।

## वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान

हमारे ऋषियों ने 'वेद' शब्द का संबोधन किसी पुस्तक विशेष के लिए नहीं किया है। वेद का अर्थ है दिव्य साक्षात्कार से उद्धत ज्ञान। इस आधार पर वेद कोई पुस्तक न होकर ज्ञान की एक विशिष्ट परिष्कृत धारा है।

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए "वेदानां सामवेदोऽस्मि", 'वेदों में मैं सामवेद हूं 'कहकर सामवेद की गरिमा को प्रकट किया है। गीता के इस कथन से यह भाव निकलता है कि वेद की सामधारा या विधा को समझ लेने से मुझे अर्थात् परमात्म चेतना को भी समझा जा सकता है। प्रत्यक्ष रूप से यहां ज्ञान के साथ भावना के सहयोग का महत्व समझाया गया है। यह सत्य है कि ज्ञान दृष्टि से ईश्वर का साक्षात्कार किया जा सकता है,किंतु भावना के बिना ज्ञानदृष्टि भी अपूर्ण ही रहती है। भावना में उफान होता है। उसे भटकन से बचाकर दिशाबद्ध ज्ञान विवेक ही करता है। इसीलिए ज्ञान एवं भावना का युग्म ही ईश्वर साक्षात्कार का सुनिश्चित आधार बनता है। तुलसीदास जी ने भी श्रद्धा और विश्वास के बिना अपने ही अंतःकरण में स्थित ईश्वर को न देख पाने की बात कही है। ज्ञान की परिपक्वता से विश्वास उपजता है तथा भावना की परिपक्वता श्रद्धा है। यदि वेद ज्ञान है तो साम है गान। गान का सीधा-सीधा संबंध भाव संवेदना से है। अनुभूति की अभिव्यक्ति में शब्दों की सामर्थ्य बहुधा छोटी पड़ जाती है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान हैं। उन्हें व्यक्त करने में शब्दशक्ति अपर्याप्त हैं। ऋषियों ने अपने अनुभूति जन्य ज्ञान को शब्दों में व्यक्त करने का प्रयास किया,किंतु जब वे इससे संतुष्ट नहीं हुए तो उन्होंने ईमानदारी से 'नेति नेति' कहकर अपनी बात पूरी की। शब्दों द्वारा अभिव्यक्ति की तीन धाराएं कही गई हैं गद्य,पद्य एवं गान। ज्ञान की किसी भी धारा को इन्हीं माध्यमों से व्यक्त किया जाता रहा है। ज्ञान की सार्थकता, पूर्णता तभी है, जब वह पुनः अपने उद्गम तक जा पहुंचे। ईश्वर तक पहुंचाने के लिए उसे भावना का योग चाहिए। भाषा को भावपूर्ण बनाने के प्रयास में ही मंत्र बने। गद्य की अपेक्षा पद्य में भाव-संयोग एवं उभार की क्षमता अधिक पाई गई।


## वर्ग पहेली-97

**बाएं से दाएं**

1. 1. जर्मनी का एक प्रसिद्ध राजनीतिक दल जिसका पराभव द्वितीय विश्वयुद्ध में हुआ 2. उक्त दल का सदस्य।
2. 1. हंसने का उपक्रम 2. हंसने का तरीका।
7. जो जनता के लिए उपयोगी या हितकर हो (बात या काम)।
10. 1. जो सुलझी न हो, जो सुलझाई न जा सकी हो, उलझी हुई 2. जिस समस्या का समाधान न किया गया हो उसका विशेषण।

**ऊपर से नीचे**

3. सहयोग या सहायता करने वाला व्यक्ति।
4. 1. खोटे या दुष्ट होने की अवस्था
5. रोला छंद का एक नाम।
6. पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली या पद्धति अर्थात एलोपैथी द्वारा उपचार करने वाला डॉक्टर।
8. 1. बहुत अधिक थका हुआ, शिथिल, थका-मांदा, अशक्त 2. जो असफल होने पर उत्साह रहित हो गया हो, पस्त।
9. 1. उतनी मात्रा जितना एक बार में पेरने या पीसने के लिए चक्की में डाला जाए 2. उतना अंश जितना एक बार में बनाया या पकाया जाए 3. कठोर प्रहार, चोट।




### वर्ग पहेली -96 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 च | 2 ना | ■ | 3 उ | ■ | ■ | 4 अ |
| ■ | 5 सा | गू | दा | ना | ■ | फ़ |
| ■ | ज़ | ■ | री | ■ | ■ | सो |
| ■ | ■ | 6 चो | क | ■ | ■ | स |
| ■ | 7 खँ | खा | र | ■ | ■ | ज |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | ■ | न |
| 8 झाँ | झ | न | ■ | 9 पो | त | क |

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 3 | | 5 | | | 7 | |
| | | 2 | | 1 | | | 9 | 8 |
| 4 | | 6 | | | 8 | | | 3 |
| | | | 5 | | | 4 | | 2 |
| | 8 | | | | | | 1 | |
| 9 | | 1 | | | 7 | | | |
| 2 | | | 1 | | | 3 | | 5 |
| 1 | 7 | | | 6 | | 8 | | |
| | 3 | | | 4 | | 7 | 2 | |

### सुडोकू - 9 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 |
| 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 17 .27 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 23 .39 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष:** आज इस समय आपको किसी से ज्यादा अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। सबके प्रति अच्छा व्यवहार रखें, वरना आपके अपने ही लोग आपके प्रति बैरभाव रख सकते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए समय उत्तम नहीं है। धन उधार देने से आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष:** आज व्यवसाय को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। थोक व्यापारियों के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा। आपकी योजना पूरी तरह से सफल होगी। प्रेमीजन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मिथुन:** आज कुछ स्वजनों की बातें आपको निराश कर सकती हैं। दूरस्थ मित्रों के साथ बातें करके आपका मन शांत होगा। आप अपने लक्ष्य से कुछ विचलित हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाना फिलहाल उचित नहीं है।

**कर्क:** आज यदि आप व्यापारी हैं तो आप अपने उत्पादों की उत्तम ब्रांडिंग कर सकते हैं। प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच आपका संपर्क मजबूत होगा। आप कर्मक्षेत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त करेंगे जिसके कारण आप लोगों की दृष्टि में काफी सम्मानित रहेंगे।

**सिंह:** आज व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपको ऐसा प्रतीत होगा की लोग आपकी अनदेखी कर रहे हैं। जॉब में सहकर्मियों का साथ मिलेगा,लेकिन किसी से अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

**कन्या:** आज उच्चाधिकारी आपका वेतन बढ़ा सकते हैं। विदेश में कारोबार के इच्छुक हैं तो उसके योग बन रहे हैं। समय आपके अनुकूल रहेगा। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आप लोगों की काफी मदद करेंगे। धार्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ने वाला है।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी पारिवारिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आय के नए स्रोत बना सकते हैं। किसी नए कार्य की शुरुआत होने के योग बन रहे हैं। आपके द्वारा कही हुई बात सही सिद्ध होगी।

**वृश्चिक:** आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। सहयोगियों के साथ मतभिन्नता देखने को मिलेगी। अधिकारियों से आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। वैवाहिक संबंधों में संवादहीनता हो सकती है।

**धनु:** आज व्यवसाय में आय सामान्य रहेगी, लेकिन आपके खर्चे अचानक से बढ़ सकते हैं। मन में अनावश्यक विचार आपको एकाग्र नहीं होने देंगे। शत्रुओं को लेकर आपको सावधान रहना चाहिए। किसी की गारंटी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर:** आज आप मनोरंजन और मित्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आपकी विनम्रता से लोग काफी प्रभावित रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ बाधा देखने को मिल सकती है, लेकिन आप समझदारी से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**कुंभ:** आज लोगों की मदद करने से आप पीछे नहीं हटेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों से लाभ हो सकता है। संतान की उन्नति से आप प्रभावित होंगे। महिलाओं के लिए समय काफी अच्छा है। प्रियजनों से भेंट हो सकती है। आप अपनी जीवनशैली में सुधार हेतु प्रयत्न करेंगे।

**मीन:** आज यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपके लिए दिन बहुत अच्छा है। संतान की उन्नति से आपको लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छा लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
हैसियत — सुबह : 09 .00
तकदीर का तमाशा — शाम : 06 .00

**&pictures**
खट्टा मीठा — सुबह : 10 .54
गुडबाय — रात : 08 .00

**Sony Pix**
घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ — सुबह : 11 .15
द लेजेंड ऑफ टार्जन — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
हम साथ साथ हैं — दोपहर : 12 .00
नागभूमि — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
नई पड़ोसन — सुबह : 08 .55
हम तुम्हारे हैं सनम — रात : 08 .37

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक गंजे ने किसी नाई से बाल कटवाया। उसने बाल कटवाने के बाद नाई से पूछा-कितने पैसे हुए?
नाई- पचास रूपये।
आदमी बोला- क्यों? सबसे तो चालीस रूपये ही लेते हो, हमसे दस रूपये ज्यादा क्यों?
नाई ने कहा- दस रूपये बाल खोजने के हैं, बाकी काटने के।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 955 फ्लैग 1065 डीएमओ 840 बोल्ड 1125, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 940 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 845।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**–डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।


# राजग सरकार को देश में बेरोजगारी की समस्या से होगा निपटना: राजीव कुमार

## नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा-असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर देना होगा ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर ध्यान देना होगा।

कुमार ने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। उन्होंने एक साक्षात्कार



में कहा-हमें यह स्वीकार करना होगा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक सुधार के आकार का रहा है। मुझे लगता है कि मोदी सरकार को सबसे महत्वपूर्ण सुधार बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों में...। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 प्रतिशत बेरोजगार युवा थे। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा-देश की बड़ी कंपनियों ने अभी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### मोदी 3.0 बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता का संदेश : केशप



यूएसआईबीसी के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू–रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार में 72 सदस्यीय केंद्रीय मंत्रिपरिषद का नेतृत्व किया। अमेरिका–भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष केशप ने रविवार को दिए साक्षात्कार में कहा–प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल बढ़ती भू–रणनीतिक अनिश्चितता के बीच भारत के मतदाताओं द्वारा राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता और निरंतरता का एक मजबूत संदेश देता है।

### गंगा एक्सप्रेसवे के लिए यूपीडा ने किए करार

**लखनऊ।** मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे को अत्याधुनिक नवीनतम तकनीक से लैस करने के लिये उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने विश्व के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक ईटीएच यानी स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ज्यूरिख तथा आरटीडीटी लेबोरेटरीज एजी (ईटीएच की स्पिन-ऑफ कंपनी) के बीच दो एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त और यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि पिछली आठ जून को प्रदेश सरकार एवं ईटीएच ज्यूरिख के बीच यह समझौता हुआ है। इन समझौतों के तहत किया जाने वाला काम मार्गों को बेहतर बनाने व अन्य सुविधाओं के आकलन में गेम चेंजर साबित होगा।

# पेटीएम ने पुनर्गठन के तहत की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कंपनी ने कर्मचारियों की संख्या नहीं की उजागर

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें आउटप्लेसमेंट (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है। हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई।

जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था। कंपनी ने सोमवार को एक बयान



में कहा-कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है। आरबीआई ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 91,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300–54,550 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 71,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,400 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

### भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को कहा कि वह 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी। कंपनी के अनुसार, मैन पोर्टेबल काउंटर ड्रोन सिस्टम को एक्सिसकेड्स द्वारा विकसित किया गया है। कहा गया कि एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने भारतीय सेना से मिले 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत उन्नत काउंटर-ड्रोन प्रणालियों की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण कृष्णमूर्ति ने कहा है कि उसका लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरी आपूर्ति करने का है।

# किसानों को मालामाल करेंगी सोयाबीन की दो नई प्रजातियां

**मृगांक मौली, पंतनगर**

- पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित की 15% तक अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियां

**अमृत विचार** : विभिन्न फसलों की उन्नतशील किस्में विकसित कर देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने वाले जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक और कारनामा कर दिखाया है। वैज्ञानिकों ने अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित शोध परियोजना के मुख्य सोयाबीन प्रजनक डॉ. कामेंद्र सिंह के निर्देशन में पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के लिए सोयाबीन की दो नई प्रजातियां (पंत सोयाबीन-25 एवं पंत सोयाबीन-26) विकसित की हैं। इन दोनों प्रजातियों को केंद्रीय विमोचन समिति की ओर से विमोचित कर दिया गया है।

पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित की हैं, जो देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों द्वारा सफलतापूर्वक उगाई जा रही हैं। प्रजनक टीम में शामिल डॉ. पीएस शुक्ल, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह व डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि नई विकसित प्रजातियों की प्रमुख विशेषता है कि वह पूर्व में विकसित किस्मों से 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन क्षमता के साथ विषाणु रोग रोधी हैं। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह और निदेशक शोध डॉ. एएस नैन ने वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रजातियां किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।



"अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित परियोजना के अंतर्गत अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित हो चुकी हैं। वर्तमान में पंत सोयाबीन-25 प्रजाति उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों तथा पंत सोयाबीन-26 मैदानी व भावर क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगी। इससे किसान 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन ले सकेंगे। – **डॉ. कामेंद्र सिंह,** मुख्य प्रजनक सोयाबीन-पंतनगर विवि

### सोयाबीन की नई प्रजातियों की ये है विशेषता




**पंत सोयाबीन-25** : यह किस्म (पीएस-1042 × एमएसीएस-450) × (पीएस-1024 × पीएस-1241) के बहुसंकरण से वंशावली विधि द्वारा विकसित की गई है। यह किस्म भारत के उत्तर पर्वतीय क्षेत्र (हिमाचल व उत्तराखंड) के लिए उपयुक्त है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमश: लगभग 40-41 एवं 18-19 प्रतिशत होती है। यह किस्म 118-120 दिन में पक कर तैयार होती है तथा इसकी उत्पादन क्षमता 30-35 कुंतल प्रति हेक्टेयर है।




**पंत सोयाबीन-26** : यह किस्म (पीएस-1092 × पीएस-1042 × पीएस-1241) के संकरण से वंशावली विधि द्वारा उत्तरी मैदानी क्षेत्र (पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड को छोड़कर) और उत्तराखंड के तराई व भावर क्षेत्र) के लिए विकसित की गई है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमश: लगभग 40-41 एवं 17-18 प्रतिशत है।

## राष्ट्रीय

# नीट को समाप्त करने के लिए शीघ्र उठाएं कदम

## उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके. राजन ने तमिलनाडु सरकार से की सिफारिश

**चेन्नई, एजेंसी**

मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए.के. राजन ने तमिलनाडु सरकार से कानूनी या विधायी प्रक्रियाओं के माध्यम से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को समाप्त करने के लिए शीघ्र कदम उठाने और प्रथम वर्ष के चिकित्सा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के अंकों को एकमात्र मानदंड बनाने को कहा। उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने सरकार को विभिन्न शिक्षा बोर्डों के छात्रों के लिए अवसरों में समानता सुनिश्चित करने और अंकों के सामान्यीकरण का पालन करने की सिफारिश की।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के



राज्य में सत्ता में आने के बाद 2021 में नीट आधारित प्रवेश प्रक्रिया के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए समिति का गठन किया गया था। आंकड़ों के व्यापक विश्लेषण और छात्रों, अभिभावकों एवं जनता से प्राप्त सुझावों के आधार पर समिति की रिपोर्ट प्रकाशित की गई है और विभिन्न राज्य सरकारों के साथ साझा की गई है, जिससे नीट की गरीब विरोधी और समाजिक न्याय विरोधी प्रकृति को उजागर किया जा सके। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि द्रमुक ने सबसे पहले नीट के खतरों को भांप लिया था और इसके विरुद्ध बड़े पैमाने पर अभियान चलाया था। उन्होंने अपनी सरकार को सौंपी गई विस्तृत रिपोर्ट अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में साझा की। समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा-राज्य सरकार आवश्यक कानूनी और विधायी प्रक्रिया का पालन कर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए योग्यता मानदंड के रूप में नीट को समाप्त करने के लिए तत्काल कदम उठा सकती है।

### नीट परीक्षा रद कर फिर से आयोजित कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर चिकित्सा कॉलेजों में स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 के परिणाम रद कर फिर से परीक्षा कराने और कथित तौर परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने संबंधी गड़बड़ी और धोखाधड़ी की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने गुहार की लगाई गई है। यह याचिका अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और शेख रोशन मोहिद्दीन ने संयुक्त रूप से दायर की है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में दावा किया है कि वे छात्रों की सहायता और हित के लिए काम करने वाले एक संगठन के सदस्य हैं।

### वामपंथी संघों के सदस्यों ने शिक्षा मंत्रालय के पास किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** वामपंथी छात्र संघों के सदस्यों ने सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के पास प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में हुई कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की। एक बयान में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा में 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिए गए अनुग्रह अंकों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समीति का गठन किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब आरोप लगे हैं कि 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अंक बढ़ा–चढ़ाकर दिए गए हैं जिसके कारण 67 अभ्यर्थियों को प्रथम स्थान मिला है।

### सीबीएसई ने फर्जी पाठ्यक्रम, नमूना प्रश्न पत्र को लेकर जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को एक परामर्श जारी कर छात्रों और अभिभावकों को 2024-25 सत्र के पाठ्यक्रम, संसाधनों और नमूना प्रश्न पत्रों के बारे में भ्रामक जानकारी के प्रति आगाह किया। बोर्ड ने विद्यार्थियों से असत्यापित खबरें फैलाने वाले ऑनलाइन पोर्टलों का शिकार न बनने का आग्रह किया। परामर्श में कहा गया है, हमें पता चला है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट नमूना प्रश्न पत्रों, पाठ्यक्रम, सीबीएसई संसाधनों और गतिविधियों से संबंधित पुराने लिंक और असत्यापित समाचार प्रसारित कर रहे हैं। ये लिंक और समाचार सत्र 2024-25 की अद्यतन जानकारी प्रदान करने का झूठा दावा करते हैं।

## नई सरकार में बनाए गए राज्य मंत्री

1. जितिन प्रसाद (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय)
2. श्रीपद् नाईक (विद्युत मंत्रालय, नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय)
3. पंकज चौधरी (वित्त मंत्रालय)
4. कृष्णपाल गुर्जर (सहकारिता मंत्रालय)
5. रामदास अठावले (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय)
6. रामनाथ ठाकुर( कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय)
7. नित्यनांद राय (गृह मंत्रालय)
8. अनुप्रिया पटेल (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय; रसायन और उर्वरक मंत्रालय)
9. वी. सोमन्ना (जल शक्ति मंत्रालय, रेल मंत्रालय)
10. डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी,(ग्रामीण विकास-संचार मंत्रालय)
11. एस. पी. सिंह बघेल (मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी, पंचायती राज मंत्रालय)
12. शोभा करंदलाजे (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय)
13. कीर्तिवर्धन सिंह (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय; विदेश मंत्रालय)
14. शांतनु ठाकुर (बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय)
15. सुरेश गोपी (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय; पर्यटन मंत्रालय)
16. डॉ. एल. मुरुगन (सूचना और प्रसारण मंत्रालय; संसदीय कार्य मंत्रालय)
17. अजय टम्टा (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय)
18. बंडी संजय कुमार (गृह मंत्रालय)
19. भागीरथ चौधरी (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय)
20. संजय सेठ (रक्षा मंत्रालय)
21. रवनीत सिंह बिट्टू (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, रेल मंत्रालय)
22. दुर्गा दास उइके (जनजातीय मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री)
23. रक्षा निखिल खडसे (युवा मामले और खेल मंत्रालय)
24. सुकांत मजूमदार (शिक्षा, पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय)
25. सावित्री ठाकुर (महिला और बाल विकास मंत्रालय)
26. तोखन साहू (आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री)
27. राज भूषण चौधरी (जल शक्ति मंत्रालय)
28. भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा (भारी उद्योग और इस्पात मंत्रालय)
29. हर्ष मल्होत्रा (कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री)
30. निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय)
31. मुरलीधर मोहोल (सहकारिता मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय)
32. जॉर्ज कुरियन (अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री)
33. पबित्रा मार्गेरिटा (विदेश मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय)
34. बी.एल. वर्मा (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय)
35. कमलेश पासवान (ग्रामीण विकास मंत्रालय)
36. सतीश चंद्र दुबे (कोयला मंत्रालय, खान मंत्रालय)।

**राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार:** 1. राव इंद्रजीत सिंह (सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, योजना मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय)

2. डॉ. जितेंद्र सिंह (विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री और परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री; अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री)
3. अर्जुन राम मेघवाल (कानून और न्याय मंत्रालय-स्वतंत्र प्रभार और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री)
4. प्रतापराव गणपतराव जाधव (आयुष मंत्रालय-स्वतंत्र प्रभार और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री)
5. जयंत चौधरी (कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय-स्वतंत्र प्रभार और शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री।

## एक नजर

### आप के पार्टी कार्यालय को खाली करने की बढ़ गई समय सीमा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने के लिए दी गई समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। शीर्ष अदालत ने चार मार्च को पार्टी को 15 जून तक अपना कार्यालय खाली करने का निर्देश दिया था क्योंकि अदालत ने पाया था कि यह भूखंड न्यायिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित किया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आप और अन्य की ओर से पेश दलीलों पर गौर समय सीमा बढ़ा दी।

### कार खाई में गिरी पुलिसकर्मी की मौत

**जम्मू।** जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में एक कार सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परयोटे गांव निवासी हेड कांस्टेबल राम राज (47) जम्मू बस स्टैंड पर तैनात थे और रविवार देर रात दुर्घटना के समय डोडा स्थित अपने घर जा रहे थे।

# आरोपी की मौत से जुड़ी याचिका से अभिनेता का नाम हटाया जाए: कोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका में प्रतिवादी के रूप में उनका (अभिनेता का) नाम हटाने का आदेश दिया। आरोपी अनुज थापन एक मई को यहां अपराध शाखा पुलिस हवालात के शौचालय में मृत पाया गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता रीता देवी और थापन की मां को निर्देश दिया कि वे याचिका से खान का नाम हटा दें।

अदालत ने कहा-उसका नाम हटा दें। याचिकाकर्ता ने प्रतिवादी 4 (सलमान खान) का नाम हटाने के लिए याचिका में संशोधन करने की अनुमति मांगी है क्योंकि उसके खिलाफ कोई दलील नहीं है और उसके खिलाफ कोई राहत नहीं मांगी गई है। यहां बांद्रा इलाके में 14 अप्रैल को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने गोलीबारी की थी। कथित तौर पर गोलीबारी करने वालों-विक्की गुप्ता और सागर पाल को बाद में गुजरात

**सलमान खान के घर गोलीबारी का मामला**



से गिरफ्तार कर लिया गया। थापन को खान के आवास पर गोलीबारी करने के लिए हमलावरों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति के साथ 26 अप्रैल को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का दावा है कि थापन ने खुद को मार डाला, जबकि रीता देवी ने तीन मई को उच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका में गड़बड़ी का आरोप लगाया और दावा किया कि उसकी हत्या की गई है। अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से उनके बेटे की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया। याचिका में कहा गया है कि थापन को हिरासत में पुलिस ने शारीरिक रूप से हमला किया और प्रताड़ित किया। रीता देवी ने अपनी याचिका में खान को प्रतिवादी बनाया था।

# गरीबी से परेशान एक परिवार के 3 लोगों ने दी जान

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- केरल के नेय्याट्टिनकारा जिले का मामला
- स्थानीय लोगों ने रविवार रात बेहोशी की हालत में पाया था

केरल के नेय्याट्टिनकारा में कथित रूप से वित्तीय समस्याओं के चलते एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने अपने आवास में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी है।

पुलिस ने बताया कि नेय्याट्टिनकारा निवासी मणिलाल (52), उनकी पत्नी स्मिता (45) और उनके बेटे अभिलाल (22) को स्थानीय लोगों ने रविवार रात बेहोशी की हालत में पाया। परिवार ने अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को यह जानकारी दी थी कि वह अपनी जान देने जा रहे हैं। पुलिस ने कहा, "परिवार ने अपने कुछ दोस्तों को अपने इस अतिवादी कदम के बारे में बताया था।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद सहित रिश्तेदार घर पहुंचे, लेकिन उन्हें बेहोश पाया।" पुलिस ने बताया कि परिवार के तीनों सदस्यों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। वहीं घटना के बाद लोगों में दहशत मच गई।

### दिल्ली पुलिस ने मारपीट मामले में बिभव कुमार के खिलाफ जोड़ी नई धारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आप की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार के खिलाफ सबूत मिटाने और झूठी जानकारी देने के लिए भारतीय दंड संहिता की नई धारा जोड़ी है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (अपराध के साक्ष्य को मिटाने या अपराधी को बचाने के लिए गलत सूचना देना) जोड़ी गई है।

# आपने त्रुटियां क्यों नहीं की दूर याचिका कर देंगे खारिज : कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने जल संकट याचिका में खामियों को दूर न करने पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

राष्ट्रीय राजधानी में मौजूदा जल संकट को दूर करने के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा दिये गये अतिरिक्त पानी को छोड़ने के लिए हरियाणा को निर्देश देने की मांग करने वाली दिल्ली सरकार की याचिका में त्रुटियां नहीं दूर करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आप सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि हमारे बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं और आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं, इसके चलते हम याचिका को खारिज कर देंगे।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दाखिल याचिका में त्रुटियों के कारण रजिस्ट्री में हलफनामा स्वीकार नहीं किया गया।

पीठ ने कहा-आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं? हम याचिका को खारिज कर देंगे। पिछली तारीख पर भी त्रुटियां गिनाई गई थीं और आपने इन्हें दूर नहीं किया। आपका मामला चाहे जितना भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, अदालत की कार्यवाही के बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं।



# विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह

## भारतीय कप्तान रोहित बोले- जसप्रीत जीनियस हैं, चाहता हूं इसी मानसिकता से आगे के मुकाबले भी खेलें



**4** ओवर में 14 रन देकर पाकिस्तान के खिलाफ बुमराह ने तीन विकेट चटकाकर भारत को दिलाई जीत

**119** रन पर सिमटी भारतीय टीम ने गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान को 6 रनों से दी थी शिकस्त, 20 ओवर में 113 रन ही बना सकी प्रतिद्वंद्वी टीम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को जीनियस करार देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि यह तेज गेंदबाज टी-20 विश्व कप में आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखे। बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने अपने कम स्कोर का बचाव करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 रन से हराया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद कहा बुमराह के प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। उसके बारे में बहुत अधिक बात नहीं करूंगा। हम चाहते हैं कि वह पूरे विश्व कप में इसी तरह की मानसिकता के साथ खेले। वह जीनियस है। हम सभी यह जानते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि कम स्कोर बनाने के बावजूद उनको मैच जीतने का विश्वास था क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं थी। हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है उससे हम आश्वस्त थे। जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने आपस में कहा कि अगर हमारे साथ ऐसा हो सकता है तो उनके साथ भी हो सकता है। भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 89 रन था लेकिन इसके बाद उसने 30 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमारी पारी के आधे भाग तक हम अच्छी स्थिति में थे। हम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे। हमने बात की की इस तरह की पिच पर प्रत्येक रन मायने रखता है। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच की तुलना में यह अच्छा विकेट था।

## भारत की जीत में बुमराह को निभानी होगी बड़ी भूमिका : कुंबले



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अपनी अनुकूलन क्षमता और अद्वितीय कौशल से परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा लेते हैं और अगर भारत को टी-20 विश्व कप जीतना है तो इस प्रमुख तेज गेंदबाज को अहम भूमिका निभानी होगी। बुमराह (14 रन पर तीन विकेट) ने मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए भारत को रविवार को यहां बहुप्रतीक्षित मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह रन से रोमांचक जीत दिलाई। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की असमान गति वाली पिच पर भारत के 119 रन के जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। बुमराह और हार्दिक पंड्या (24 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने अपनी धारदार गेंदबाजी से भारत को वापसी दिलाई। कुंबले ने कहा हमने 15वें ओवर में देखा कि उन्होंने विकेट (मोहम्मद रिजवान का) लिया और फिर 19वें ओवर में, जब आपको पता था कि अगर उन्होंने उस ओवर में कुछ बाउंड्री खाई होती तो आखिरी ओवर में 10 या 12 रन रह जाते। लेकिन एक बार जब यह 18 या 19 रन पर पहुंच जाता है तो इस तरह की सतह पर पुछल्ले बल्लेबाजों के लिए आकर रन बनाना असंभव हो जाता है। इसलिए अगर भारत यह टूर्नामेंट जीतता है तो जसप्रीत बुमराह को इसमें अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह आपकी टीम की सूची में नंबर एक खिलाड़ी होना चाहिए। प्रारूप को भूल जाइए, जसप्रीत बुमराह आपके नंबर एक खिलाड़ी हैं।

## टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.455 | 0 |
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.626 | 0 |
| कनाडा | 2 | 1 | 1 | 0 | -0.274 | 0 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.150 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.875 | 0 |
| नामीबिया | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बंगलादेश | 2 | 2 | 0 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.539 | 0 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.777 | 0 |

## गलत फैसले लेने के कारण पाकिस्तान को मिली हार : गैरी

न्यूयॉर्क, एजेंसी



पाकिस्तान टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने कहा है कि गलत फैसले लेने के कारण भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद कर्स्टन ने कहा शायद हमने सही फैसले नहीं लिए। हमने खेल के महत्वपूर्ण चरणों में गलत फैसले लिए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप पर यह चीजे भारी पड़ती हैं। रिजवान ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया।

विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, इसके बावजूद हमने लक्ष्य को अच्छे मैनेज किया था लेकिन अंत में यह मैच हमारे हाथ से फिसल गया। यह हार निश्चित तौर पर निराशाजनक है। मुझे लगा था कि 120 का लक्ष्य विशेषकर भारत के सामने हासिल करना इतना आसान नहीं रहने वाला है। हम सामान्य तरह से खेलने की सोच रहे थे। पहले छह ओवरों को भुनाते हुए 40-45 रन बनाना चाहते थे लेकिन हम इसे अमली जामा नहीं पहना पाए और पहले 10 ओवर के बाद हमने इस तरह की गलती एक बार फिर दोहराई। पांच या छह रन प्रति ओवर बनाने हैं, स्ट्राइक रोटेट करना है और बाउंड्री हासिल करने के बाद अधिक उत्साहित नहीं होना है। हमारे पास इस टूर्नामेंट में वापसी करने के लिए अभी भी अवसर है। हम इस उम्मीद में हैं कि चीजे हमारे पक्ष में जाएंगी। इसके लिए हमें बेहतर क्रिकेट खेलनी होगी।

## पाकिस्तानी टीम में आमूलचूल बदलाव की जरूरत : नकवी

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है।

भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे। नकवी ने इसके साथ कहा कि अब उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले कुछ समय से टीम से बाहर हैं। हमने जिस तरह से अमेरिका और अब भारत के खिलाफ मैच गंवाए, वह बेहद निराशाजनक है। हमें अब उन खिलाड़ियों पर गौर करना होगा जो इस समय टीम में नहीं हैं। हर कोई पूछ रहा है कि टीम अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रही है। अभी विश्व कप चल रहा है लेकिन निश्चित तौर पर हमें हर चीज पर गौर करने की जरूरत है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच लाहौर में खेले भारत: पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मुहिम में सुझाव दिया कि पड़ोसी देश अगले साल की आईसीसी चैंपियंस ट्राफी के दौरान लाहौर में अपने सभी मैच खेले। पीसीबी के एक विश्वस्त सूत्र ने कहा कि आईसीसी को भेजे गए टूर्नामेंट के ड्राफ्ट कार्यक्रम में यह सुझाव दिया है। सूत्र ने कहा हां, भारतीय टीम की यात्रा कम करने और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम मुहैया कराने के लिए उनके सभी मैच लाहौर में कराने का सुझाव दिया है। आईसीसी कार्यकारी बोर्ड को अभी ड्रॉफ्ट कार्यक्रम को मंजूरी देनी है लेकिन पीसीबी ने चैंपियंस ट्राफी के मैचों के लिए अन्य स्थलों में कराची और रावलपिंडी को भी रखा है। बीसीसीआई को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

## कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान की निगाह उम्मीद जीवंत रखने पर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका से उलटफेर का शिकार होने के बाद भारत के हाथों हार से आहत पाकिस्तानी टीम मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के मैच में कनाडा के खिलाफ मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी क्योंकि उसके पास खेलने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है लेकिन गंवाने के लिए सब कुछ है। पाकिस्तान का अब सुपर आठ में क्वालीफाई करने का मौका कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत पर निर्भर करेगा, लेकिन इसके लिए उसे उम्मीद करनी होगी कि अमेरिकी टीम भारत और आयरलैंड के खिलाफ मुकाबलों में बुरी तरह हार जाए। इस हालत में दोनों टीमों के चार चार अंक होंगे और फैसला बेहतर नेट रन रेट से होगा। पाकिस्तान की टीम इस तरह आंकड़े अपने पक्ष में रहने की बस दुआ ही कर सकती है। अमेरिका का नेट रन रेट दो जीत के बाद 0.626 है और आयरलैंड के खिलाफ जीत उसके लिए काफी होगी। वहीं पाकिस्तान का नेट रन रेट -0.150 है जो निराशाजनक है जिससे उसे जीत नहीं बल्कि बड़े अंतर से जीत की दरकार होगी।

## खेल डायरी

### एमसीए अध्यक्ष अमोल काले का न्यूयॉर्क में निधन



**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले का भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप मैच देखने के बाद न्यूयॉर्क में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रविवार को काले सचिव अजिंक्य नाईक और शीर्ष परिषद के सदस्य सूरज सामत सहित अन्य एमसीए अधिकारियों के साथ चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच मैच देखने के लिए नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद थे। अक्टूबर 2022 में हुए चुनावों में 47 वर्षीय काले भारत और मुंबई के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल को हराने के बाद एमसीए अध्यक्ष बने थे। उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिसमें आगामी 2024-25 सत्र के लिए लाल गेंद के प्रारूप में अपने सभी खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई के बराबर मैच फीस भी शामिल है।

### प्रो लीग में शानदार टीमवर्क दिखाया : हरमनप्रीत



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार जज्बे और टीमवर्क का नमूना पेश किया तथा पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें अच्छी सीख मिली। भारत ने 16 मैच में 24 अंक लेकर प्रो लीग में अपने अभियान का समापन किया। उसने 5 मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसने पेनल्टी शूटआउट में तीन मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार भी झेलनी पड़ी। भारतीय टीम अंक तालिका में अभी चौथे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में हमारा सफर शानदार रहा। नीदरलैंड 2-2 (शूटआउट में 4-2), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी जीत टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दिखाती है। हमने पूरे टूर्नामेंट में शानदार जज्बे और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस टूर्नामेंट में खेलने के महत्व पर भी बात की। हमें अपने मजबूत पक्षों को समझने और किन क्षेत्रों में हमें सुधार करने की जरूरत है यह जानने में इस लीग की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### ऑस्ट्रेलिया ओपन में भारत की अगुवाई करेंगे प्रणय

**सिडनी।** पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को यहां पांचवीं वरीयता दी गई है और उनकी निगाह फिर से लय हासिल करने पर टिकी होगी। पिछले दो टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह थाईलैंड ओपन के पहले दौर में और सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। प्रणय ब्राजील के यगोर कोएलो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पुरुष एकल में भाग लेने वाले अन्य भारतीयों में मिथुन मंजूनाथ इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से, किरण जार्ज कनाडा के शियाओडोंग शेंग से और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

### आखिरी दो लीग मैच के लिए टीम से जुड़ेंगे लामिछाने



**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** नेपाल के स्टार क्रिकेटर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप के वेस्टइंडीज में होने वाले अंतिम दो लीग मैच के लिए राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। नेपाल क्रिकेट संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका ने बलात्कार के आरोपी रहे लामिछाने को वीजा देने से इनकार कर दिया था जिस कारण वह नेपाल के अमेरिकी चरण के मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस 23 वर्षीय स्पिनर को पहले नेपाल की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया था। अमेरिका और वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। नेपाल क्रिकेट संघ ने कहा कि नेपाल के खिलाड़ी संदीप लामिछाने को वेस्टइंडीज में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है।

## गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर दौड़ में तोड़ा अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पोर्टलैंड, एजेंसी



एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने सोमवार को माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में हमवतन अविनाश साबले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले साल एशियाई खेलों में 10 हजार मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट पांच हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के डायलन जैकब्स (13:18.18) समय के साथ शीर्ष पर रहे। केन्या के वेस्ले किप्टू को (13:21.77) समय के साथ तीसरा स्थान मिला।

5000 मीटर में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:19.30 अविनाश साबले के नाम था। उन्होंने पिछले वर्ष लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ऑन ट्रैक फेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने सोमवार को पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग लिया लेकिन वह दौड़ पूरी नहीं कर पाए। कार्तिक कुमार 13:41.07 के समय के साथ 17वें स्थान पर रहे और फिनिश लाइन पार करने वाले एथलीटों में सबसे आखिरी स्थान पर रहे। पुरुषों की 5000 मीटर आमंत्रण स्पर्धा में भाग ले रहे अभिषेक पाल ने फाइनल में 13:41.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रेट ब्रिटेन के टॉम एंडरसन (13:37.89) और एली बेनेट (13:41.26) ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए।

महिलाओं की 5000 मीटर की एलीट दौड़ में 2023 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंकिता ध्यानी ने 15:35.06 समय में दौड़ पूरी कर 15वां स्थान हासिल किया। नीदरलैंड की ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन ने 14:43.85 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और अमेरिका की धावक एलिस क्रैनी (14:46.49) समय के साथ दूसरे और कैरिसा श्वेजर को (14:48.60) तीसरा स्थान मिला।

## द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को 4 रन से हराया

न्यूयॉर्क, एजेंसी



**स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका :** 113/6, 20 ओवर डिकॉक 18, क्लासेन 46, मिलर 29। **विकेट :** तंजीम 3, तस्किन2।

**बांग्लादेश :** 109/7, 20 ओवर नजमुल 14, हृदय 37, महमूदउल्लाह 20। **विकेट :** केशव 3, रबादा 2।

हैनरिक क्लासेन (46) और डेविड मिलर (29) रनों की पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सोमवार को दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के 21वें मुकाबले में बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में चार रन से हरा दिया है। हैनरिक क्लासेन को उनकी 46 रनों की शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार मिला।

114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ओवर में तंजिद हसन (9) का विकेट गवां दिया। सातवें ओवर में लिटन कुमार दास (9), अगले ओवर में शाकिब अल हसन (3) और उसके बाद कप्तान नजमुल शान्तो (14) के आउट होने के बाद संकट में फंसी बांग्लादेश की पारी को तौहीद हृदोय और महमुदउल्लाह ने संभाला और धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत की ओर ले जा रहे थे। इसी दौरान 18वें ओवर में कगिसो रबादा ने तौहीद हृदोय पगबाधा आउट कर बाजी पलटने का काम किया। तौहीद हृदोय ने 34 गेंदों में 37 रन बनाए। जाकेर अली (8) रन बनाकर आउट हुए। केशव महाराज ने महमुदउल्लाह (20) को आउट कर बांग्लादेशों की उम्मीदों को खत्म करने का काम किया। बांग्लादेश को आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रनों की दरकार थी। बांग्लादेश 109 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने तीन विकेट लिए। कगिसो रबादा और एनरिक नोंटेज को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को जीत के लिए 114 रनों का लक्ष्य दिया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (शून्य) का विकेट गवां दिया। तीसरे ओवर में तनजीम हसन साकिब क्विंटन डिकॉक (18) को बोल्ड कर दिया। चौथे ओवर में तस्किन कप्तान एडन मारक्रम (4) को बोल्ड किया। ट्रिस्टन स्टब्स (शून्य) भी तनजीम का शिकार बने। इसके बाद क्लासेन और मिलर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 79 रन जोड़े और टीम को 113 रन का स्कोर तक पहुंचाया।

## पहलवानों का सहयोग करेगा आईओए और डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद पर विनेश का अनुरोध स्वीकार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ओलंपिक जाने वाले देश के छह पहलवानों को पूर्ण सहायता प्रदान करेगा तथा राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और डब्ल्यूएफआई ने शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट की ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है।

छह भारतीय पहलवानों में महिला वर्ग में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) तथा पुरुष वर्ग में अमन सहरावत (57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने सोमवार को कहा कि इस कदम का उद्देश्य पहलवानों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे पहलवानों को सर्वश्रेष्ठ संसाधन की मदद मिले जिससे वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। यह फैसला हमारी ऐसे माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जिसमें खिलाड़ी आगे बढ़ सकें। आईओए और डब्ल्यूएफआई पहलवानों के लिए ओलंपिक तक एक ऐसी सहयोगी टीम बनाने की योजना बना रहे हैं जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेंटल कंडिशनिंग कोच और अन्य जरूरी स्टाफ शामिल हों। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश को पेरिस ओलंपिक की ट्रेनिंग के लिए और सहयोगी स्टाफ मुहैया कराया जाएगा।

## विंबलडन खिताब के बचाव को अभियान शुरू करेंगे अल्कारेज



**पेरिस।** कार्लोस अल्कारेज ने ग्रैंड स्लैम खिताबों का जश्न मनाने की अपनी परंपरा को जारी रखने की योजना बनाई है और इसके लिए उन्होंने अपनी पहली फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप जीतने की तारीख और एफिल टॉवर का टैटू बनाया है। रविवार को रोलां गैरो पर फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेज के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 की जीत को याद रखने के लिए यह टैटू अल्कारेज के बाएं टखने के पास होगा। उनके दाहिने टखने पर पहले से ही 2023 विंबलडन जीत की तारीख और एक स्ट्रॉबेरी की छवि बनी है। उनके बाएं हाथ पर उनकी पहली ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी की तारीख है जो 2022 अमेरिकी ओपन में आई थी। अल्कारेज जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं, स्पेन के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की त्वचा कम पड़ सकती है। उन्होंने हालांकि रविवार को बताया कि उन्होंने अपनी मां को आश्वासन दिया है कि वह अपने करियर के बाकी समय में हर ग्रैंडस्लैम जीत की तारीख अपने शरीर पर नहीं लिखेंगे।

### नागल एटीपी रैंकिंग में 77वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग से 77वें स्थान पर पहुंच गये हैं जिससे उनका पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रा में स्थान लगभग पक्का हो गया। नागल के 713 एटीपी अंक हैं। नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया जिसकी बदौलत उन्होंने रैंकिंग में इतनी ऊंची छलांग लगाई। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानदंड के अनुसार दोनों ही वर्ग में शीर्ष 56 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वत: क्वालीफाई कर लेंगे।

### सिनर एटीपी रैंकिंग में जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष पर

**पेरिस।** इटली के यानिक सिनर ने सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में चोटिल नोवाक जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया। सिनर एक पायदान के फायदे से पहले नंबर पर पहुंचे। इस तरह 22 साल के सिनर 1973 में शुरू हुई कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के बाद पहले नंबर पर काबिज होने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। उन्हें एक जुलाई से शुरू होने वाले विम्बलडन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। सिनर ने इस सत्र में तीन खिताब जीते जिसमें जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी शामिल है। कार्लोस अल्काराज तीसरे ग्रैंडस्लैम की बदौलत रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे जबकि जोकोविच तीसरे और एलेक्जैंडर ज्वेरेव चौथे स्थान पर हैं। अल्काराज ने रविवार को ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। महिलाओं के वर्ग में इगा स्वियातेक रोलां गैरों पर लगातार तीसरी ट्राफी (पांच मेजर खिताब) की बदौलत डब्ल्यूटीए रैंकिंग में पहले स्थान पर अपनी बढ़त बढ़ाने में सफल रहीं। अमेरिका की 20 वर्षीय कोको गॉफ तीसरे नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंची जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वह फ्रेंच ओपन एकल के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन स्वियातेक से हार गयीं। गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर पहला ग्रैंडस्लैम युगल खिताब अपने नाम किया। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गईं। 2022 विम्बलडन विजेता एलीना रिबाकिना चौथे स्थान पर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# आदित्य-एल1 ने सौर लपटों की तस्वीरें लीं

बेंगलुरु, एजेंसी



इसरो के आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान के दो रिमोट सेंसिंग उपकरणों ने हाल ही में हुए सौर लपटों की तस्वीरें कैद कीं। अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 इस साल छह जनवरी को लैग्रेंजियन बिंदु (एल1) पर पहुंचा। यह अभियान दो सितंबर, 2023 को शुरू हुआ था, जिसके 127 दिन बाद उपकरणों ने ये तस्वीरें भेजी हैं।

एल1 पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर स्थित है और लगातार सूर्य की तस्वीरें ली जा रही हैं। इसरो ने एक बयान में बताया कि 'सोलर अल्ट्रा वॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप' (एसयूआईटी) और 'विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ' (वीईएलसी) ने मई 2024 के दौरान सूर्य की गतिशील गतिविधियों की तस्वीरें लीं। कोरोनल मास इजेक्शन' (सीएमई) से जुड़े कई एक्स-क्लास और एम-क्लास फ्लेयर्स, जो महत्वपूर्ण भू-चुंबकीय तूफानों को जन्म देते हैं, रिकॉर्ड किए गए। सूर्य के सक्रिय क्षेत्र में आठ से 15 मई के सप्ताह के दौरान कई बार सौर लपटे उठीं।

## माता-पिता व अन्य आरोपी 14 तक पुलिस हिरासत में

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता और एक अन्य आरोपी की पुलिस हिरासत 14 जून तक बढ़ा दी। इन पर सबूतों को नष्ट करने का आरोप है।

**पुणे कार दुर्घटना**

नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल और मां शिवानी अग्रवाल को किशोर के रक्त के नमूने बदलने में उनकी संदिग्ध भूमिका के मामले में गिरफ्तार किया गया था। विशाल अग्रवाल रियल एस्टेट कारोबारी हैं। कल्याणी नगर में 19 मई को हुई दुर्घटना के समय किशोर कथित रूप से नशे में था। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी।

**प्रकृति का रूप**



दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में तटीय शहर ग्रिंडाविक के करीब लाल लावा उगल रहा एक ज्वालामुखी। • एजेंसी

# इजरायली सेना ने की दो फिलिस्तीनियों की हत्या

रामल्ला, एजेंसी

- वेस्ट बैंक के शहर तुबास और तुलकर्म में दिया घटना को अंजाम

वेस्ट बैंक में दो अलग-अलग घटनाओं में सोमवार को इजरायली गोलीबारी में एक किशोर सहित दो फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीनी सूत्रों ने दी। एक बयान में, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि किया कि 15 वर्षीय लड़का महमूद नबरीसी उत्तरी वेस्ट बैंक शहर तुबास के पास अल-फारा शरणार्थी शिविर में मारा गया।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली विशेष बल इकाई ने वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए शिविर पर धावा बोल दिया, जिसके बाद फिलिस्तीनी युवाओं के साथ उनका हिंसक टकराव हुआ। एक फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्र ने शिन्हुआ से कहा कि नबरीसी ने तुबास के सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया जबकि पांच अन्य घायल युवकों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस बीच, उत्तरी वेस्ट बैंक शहर तुलकर्म के पूर्व में धनाना उपनगर में यूसुफ अब्देल दायेम नामक एक 21 वर्षीय व्यक्ति की कथित रूप से हत्या कर दी गई। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली सेना बलों ने उपनगर पर धावा बोला, कई घरों पर छापा मारा और तलाशी ली।और स्थानीय फिलिस्तीनियों पर गोलियां चलाईं।

## एक नजर

### प्रज्वल को न्यायिक हिरासत में भेजा



**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु शहर की एक विशेष अदालत ने उनके खिलाफ तीन यौन उत्पीड़न मामलों के पहले मामले में उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। अदालत में सोमवार को सुनवाई के बाद अब प्रज्वल को 24 जून तक एसआईटी की कड़ी पूछताछ का सामना करना होगा।

### मणिपुर सीएम के काफिले पर हमला, एक घायल

**इंफाल।** उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर सोमवार को हमला कर दिया, जिसमें एक जवान घायल हो गया। काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कोटलेन गांव के पास सुबह साढ़े दस बजे हमला हुआ। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां दागी गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। काफिले के एक वाहन के चालक के दाहिने कंधे पर गोली लगी है और उसे इंफाल के अस्पताल में ले जाया गया है।

### गैंट्ज़ ने आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दिया

**यरूशलम।** इजरायल में युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज़ ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे दिया है। गैंट्ज़ ने रविवार को एक टेलीविज़न संबोधन में कहा, नेतन्याहू हमें सच्ची जीत की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं। यही कारण है कि हम भारी मन से लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ आज आपातकालीन सरकार छोड़ रहे हैं। उन्होंने नेतन्याहू से शीघ्र चुनाव की तारीख तय करने का भी आह्वान किया।



### कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

**ओटावा।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 28 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उन पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। हत्या के मामलों की जांच करने वाली रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की इकाई ने पीड़ित की पहचान युवराज गोयल के रूप में की है।

# आईजी ने की सुरक्षा की समीक्षा

## अमरनाथ यात्रा शुरू होने में एक पखवाड़ा शेष, रविवार को रियासी में हुआ था आतंकी हमला

श्रीनगर, वार्ता

- मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम से शुरू होगी यात्रा
- मेला खीर भवानी और ईद-उल-अजहा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई

वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुरू में सिर्फ एक पखवाड़ा शेष रह गया है, जिसके मद्देनजर कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने सोमवार को यहां सुरक्षा की समीक्षा की। यह बैठक इसलिए भी अहम थी, क्योंकि और रविवार शाम जम्मू के रियासी में हुए आतंवादी हमले में नौ तीर्थयात्रियों की हत्या हुयी थी।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के दोहरे मार्गों से शुरू होगी। बैठक में इस महीने मनाए जाने वाले मेला खीर भवानी और ईद-उल-अजहा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अधिकारियों को ड्रोन और सीसीटीवी का उपयोग करके असामाजिक/राष्ट्रविरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और चौबीसों घंटे नाका/कटऑफ प्वाइंट स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशिष्ट खुफिया जानकारी उत्पन्न करके आतंकवाद विरोधी ग्रिड को बढ़ाने और सभी जिलों में सीएएसओ/आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में क्षेत्र के उप महानिरीक्षक (डीआईजी), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और पीसीआर कश्मीर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान एसएसपी गांदरबल ने 13 जून को मनाए जा रहे मेला खीर भवानी त्योहार और श्री अमरनाथ जी यात्रा -2024 की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने मेला खीर भवानी के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया, जो जिला गांदरबल के अलावा कश्मीर घाटी में विभिन्न मंदिरों में होने वाला है।



### युवा कांग्रेस ने कश्मीर में आतंकी हमले की निंदा की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय युवा कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए तीर्थयात्रियों को सोमवार को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। युवा कांग्रेस के श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकियों द्वारा कायराना हमला बेहद दुखद, शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने दावा किया, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की निंदा करने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की शुभकामनाएं स्वीकार करने में व्यस्त हैं। कहा कि इधर उधर की बात न करते हुए कड़े से कड़े कदम उठाएं।

### आतकंवादी समूहों ने ली जिम्मेदारी, फिर पलटे

**जम्मू, एजेंसी।** प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े तीन छद्म समूहों ने रविवार को जम्मू में तीर्थयात्रियों पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। हालांकि हमले में दो साल के बच्चे समेत नौ लोगों की मौत को लेकर व्यापक निंदा और आक्रोश के बाद समूहों ने तुरंत अपने बयान वापस ले लिए। अधिकारियों ने बताया कि (जैश से जुड़े) पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फोर्स (पीएएफएफ), रिवाइवल ऑफ रेजिस्टेंस और (लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध) द रेजिस्टेंस फ्रंट ने शुरू में सोशल मीडिया पर रियासी में शिवखोड़ी से कटरा जा रही बस पर हमले में अपनी संलिप्तता का दावा किया था। हमलावरों ने पोनी क्षेत्र के तेरयाथ गांव के पास बस पर गोलीबारी की, जिससे वह एक खाई में गिर गई और नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य घायल हो गए। पांच लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि दस अन्य का फिलहाल जम्मू क्षेत्र के अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, हमले में खासतौर पर बच्चों के मारे जाने की व्यापक निंदा होने पर संदिग्ध समूहों ने तुरंत अपने बयान वापस ले लिए और इसके बजाय सरकारी एजेंसियों पर दोष मढ़ने का प्रयास किया।

# दो जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

मनामा (बहरीन), एजेंसी

- एंटीगुआ एवं बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को मिसाइल से निशाना बनाया गया



यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में किये गये मिसाइल हमले में दो जहाजों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि रविवार देर रात एक जहाज रोधी बैलेस्टिक क्रूज मिसाइल से एंटीगुआ एवं बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को निशाना बनाया गया, जिससे जहाज पर आग लग गयी और उस पर सवार सभी लोगों को उतारना पड़ा। सेना ने कहा कि उस जहाज पर दो बार मिसाइल से हमला किया गया।

ब्रिटिश सेना के समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी अदन के इस इलाके में हमले होने की सूचना देते हुए कहा कि नुकसान पर काबू पाने का प्रयास जारी है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने रविवार को एक वीडियो संदेश जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि जहाज को मिसाइलों और ड्रोन दोनों से निशाना बनाया गया। द एसोसिएटेड प्रेस द्वारा किये गये विश्लेषण से पता चला कि नॉर्दनी जहाज रविवार अपराह्न तक अदन की खाड़ी में था। हूती विद्रोहियों ने दूसरे हमले में बैलिस्टिक मिसाइल से अदन की खाड़ी में लाइबेरियाई ध्वज वाले मालवाहक जहाज ताविशी को निशाना बनाया।

सारी ने दावा किया कि हमला अरब सागर में किया गया हालांकि इसका कोई सबूत नहीं दिया गया है। आंकड़ों से पता चला कि हमले के समय ताविशी अदन की खाड़ी में था। मध्य कमान ने कहा, ताविशी को नुकसान हुआ है लेकिन वह आगे बढ़ रहा है। सेना ने कहा कि हूती द्वारा जहाज पर दागी गई दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल को एक युद्धपोत ने गिरा दिया। सारी ने एक युद्धपोत पर भी हमले का दावा किया लेकिन इस हमले की पुष्टि नहीं हुई।

# मैक्रों ने असेंबली को किया भंग

पेरिस, एजेंसी



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 2024 के यूरोपीय संसद चुनावों में अपनी पार्टी की हार के बाद रविवार शाम नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की। स्थानीय मीडिया बीएफएमटीवी ने लाइव प्रसारण से यह जानकारी दी।

मैक्रों ने एक संक्षिप्त भाषण में कहा, मैंने वोट के माध्यम से आपको आपके संसदीय भविष्य का विकल्प वापस देने का फैसला किया है। इसलिए मैं नेशनल असेंबली को भंग कर रहा हूं। मैक्रों की पार्टी को यूरोपीय संसद चुनावों में 15.2 प्रतिशत वोट मिले, जबकि धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली को 31.8 प्रतिशत वोट मिले हैं।

## यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देश भाग लेंगे

**बर्न (स्विटजरलैंड)।** दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच सप्ताहांत में स्विटजरलैंड की मेजबानी में आयोजित यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देशों और संगठनों ने शामिल होने की पुष्टि की है, जबकि मॉस्को ने इसमें शरीक होने से इनकार कर दिया है। स्विटजरलैंड की राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने सोमवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। रूस के इनकार करने के बावजूद सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

# मलावी के उपराष्ट्रपति चिलिमा को ले जा रहा विमान लापता

लिलोंग्वे, एजेंसी

- उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को लेकर जा रहा था मलावी रक्षा बल का विमान



मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को लेकर जा रहा मलावी रक्षा बल का विमान सोमवार को लापता हो गया। मलावी के राष्ट्रपति एवं कैबिनेट के सचिव कोलीन ज़ांबा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विमान सोमवार को स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 10:02 बजे देश के उत्तर में स्थित म्ज़ुज़ू हवाई अड्डे पर अपनी निर्धारित लैंडिंग करने में विफल रहा।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, विमान के रडार से गायब होने के बाद से विमानन अधिकारियों द्वारा उससे संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन सभी प्रयास अब तक विफल रहे हैं। मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय एजेंसियों को विमान का पता लगाने के लिए तत्काल खोज और बचाव अभियान चलाने का आदेश दिया है। उन्होंने बहामास के निर्धारित दौरे को भी रद्द कर दिया है, जहाँ वे अफ्रेक्सिमबैंक की एक बैठक में भाग लेने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि चिलिमा पूर्व अटॉर्नी जनरल एवं न्याय मंत्री राल्फ कासाम्बारा के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

# शहबाज शरीफ ने मोदी को दी बधाई

इस्लामाबाद, एजेंसी

- अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद दोनों देशों के बीच सामान्य नहीं हैं संबंध

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दी। मोदी ने रविवार को रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।



शरीफ भारत के पड़ोसी देशों से एकमात्र प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान के सदाबहार मित्र चीन से लौटने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी। पोस्ट में कहा, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नरेन्द्र मोदी को बधाई। पांच अगस्त 2019 को भारतीय संसद द्वारा अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों को कमतर कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं। भारत ने लगातार कहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी के संबंध चाहता है।

### सात सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को देश से आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प लिया। एक दिन पहले अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जीप के नदी में गिरने से छह की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के नीलम जिले में एक जीप के नीलम नदी में गिरने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, दो घायल हो गये और 10 अन्य लापता हो गये। शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए सोमवार को यह जानकारी दी। बचाव सेवा ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार को जिले के करीमाबाद इलाके के पास तब हुई, जब क्षतिग्रस्त सड़क पर चढ़ते समय जीप फिसल कर नदी में गिर गयी। स्थानीय लोगों ने पाकिस्तानी सेना के जवानों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया। इस दौरान छह शव बरामद किए गए, जबकि लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है।

# पांच देशों के ब्रिक्स में शामिल होने पर भारत ने जताई खुशी

मॉस्को, एजेंसी

- रूस की ओर से आयोजित बैठक में देशों ने पहली बार लिया हिस्सा

भारत ने मिस्र, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और इथियोपिया के ब्रिक्स समूह में शामिल होने का स्वागत किया है। इन देशों के प्रतिनिधियों ने रूस की ओर से आयोजित ब्रिक्स की एक महत्वपूर्ण बैठक में पहली बार हिस्सा लिया।

भारत के वरिष्ठ राजनयिक दम्मू रवि ने पश्चिमी रूस के निजनी नोवगोरोद में आयोजित ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विस्तारित ब्रिक्स समूह के परिवार के प्रारूप में एक महत्वपूर्ण बैठक। भारत नए सदस्यों का तहे दिल से स्वागत करता है। सोमवार को हुई बैठक 2023 में ब्रिक्स के विस्तार के बाद पहली मंत्रिस्तरीय बैठक थी। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ब्रिक्स समूह के पूर्ण सदस्य बन गए हैं। ब्रिक्स में इससे पहले ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पहले से इसके सदस्य हैं। आमतौर पर विदेश मंत्री ऐसी बैठकों में भाग लेते हैं। चूंकि एस जयशंकर को रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद सोमवार को ही विदेश मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त किया गया था, इसलिए वे बैठक में भाग लेने के लिए रूस नहीं जा सके।

# बॉलीवुड हलचल

## रत्नाकर और अंजना की बड़की भाभी की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह और निर्माता रत्नाकर कुमार की आने वाली फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग वाराणसी के खूबसूरत लोकेशन में की जा रही है। वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड के बैनर से बन रही फिलमची भोजपुरी से प्रस्तुत फिल्म बड़की भाभी एक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें अंजना सिंह अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह महिला प्रधान फिल्म है। इस फिल्म में अंजना सिंह के साथ माही श्रीवास्तव और शालिनी श्रीवास्तव भी मुख्य भूमिका में हैं। अंजना सिंह ने कहा कि, मैं इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। बड़की भाभी एक ऐसी कहानी है जो हर दर्शक को अपनी ओर आकर्षित करेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि यह फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी और हमारे मेहनत को सराहा जाएगा। रत्नाकर कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम भोजपुरी सिनेमा को एक नई उंचाई पर ले जायें। बड़की भाभी की कहानी और इसके किरदार दर्शकों के दिलों को छू लेंगे। यह फिल्म भी अनोखी और मनोरंजक है। उम्मीद है सबों को फिल्म पसंद आएगी।

## कल्कि 2898 एडी से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी से उनका पोस्टर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में दीपिका बिखरे बाल, चेहरे पर शिकन लिए खड़े नजर आ रही हैं। वहीं, उनके पीछे कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं, जो हाथों में तलवार और भाला लिए हुए हैं। पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन में लिखा कि आशा की शुरुआत उसके साथ होती है। दीपिका के इस पोस्ट पर उनके पति और अभिनेता रणवीर सिंह ने भी रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा कि बूम, स्टनर।

## जॉली एलएलबी-3 में काम करेंगी अमृता राव

**मुबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता राव फिल्म जॉली एलएलबी-3 में काम करती नजर आयेंगी। अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी-3 इन दिनों सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान के अजमेर शुरू हो गयी है ।अमृता राव को इस फिल्म से जोड़ दिया गया है। अमृता राव एक बार फिर अरशद वारसी के साथ काम करती नजर आएंगी। इससे पहले दोनों ने जॉली एलएलबी में साथ काम किया था। अमृता राव ने जॉली एलएली के पहले पार्ट में संध्या का किरदार निभाया था, जो वर्ष 2013 में रिलीज हुई थी। अमृता राव, जॉली एलएलबी 3 में अरशद की पत्नी के रूप में लौट रही हैं, जो पहले भाग से उनकी कहानी को जारी रखती है। इस फिल्म का निर्देशन सुभाष कपूर कर रहे हैं।

**खगोल विज्ञान** 7 हजार मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी पर आया था बड़ा जलवायु परिवर्तन

# कभी पूरी तरह बर्फ की चादर में लिपट गई थी पृथ्वी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारी धरती कितने विकट उतार चढ़ाव से गुजरी है, हम शायद ही इसकी कल्पना कर सकें। मगर पृथ्वी को एक बार ऐसे दौर से भी गुजरना पड़ा कि वह पूरी तरह बर्फ से ढक गई। जलवायु संबंधित ताजा शोध में बताया गया है कि सात हजार मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी को यह मार झेलनी पड़ी थी।

इसे वैज्ञानिक भाषा में अर्थ स्नोबॉल कहा जाता है। इसकी वजह कार्बन डाइऑक्साइड गैस थी, जिसकी मात्रा में भारी कमी आ जाने के कारण जलवायु में जबरदस्त परिवर्तन आया और पूरी पृथ्वी बर्फ की चादर में लिपट गई। कार्बन डाइऑक्साइड ग्रीनहाउस गैस है, जो हमारी जलवायु को प्रभावित करने में बड़ा रोल अदा करती है। यदि इसकी मात्रा अधिक हुई तो वातावरण गर्म होने लगता है और कम होने से पृथ्वी अधिक ठंडी हो जाती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि लगभग 700 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी में कार्बन डाइऑक्साइड की भारी कमी आई थी, जिसके परिणाम स्वरूप पृथ्वी बर्फ से जम गई।



बर्फ में ढकी पृथ्वी का काल्पनिक चित्र।

नए शोध से पता चलता है कि दोहरी जलवायु की मार ने स्नोबॉल अर्थ को जन्म दिया। कार्बन डाइऑक्साइड कमी की वजह टेक्टोनिक्स से ज्वालामुखीय विघटन को न्यूनतम कर दिया। उसी समय कनाडा के महाद्वीपीय ज्वालामुखीय ने कार्बन डाइऑक्साइड का उपभोग करना शुरू कर दिया और हिमाच्छादन शुरू हो गया। पृथ्वी को स्नोबॉल पृथ्वी में परिवर्तन में लाखों वर्ष लगे। साथ ही अपने स्वरूप में लौटने में भी इतना ही समय लग गया। जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ अमेरिका ने यह शोध किया है।

### पृथ्वी की जलवायु परिवर्तन समझने के लिए शोध महत्वपूर्ण

**नैनीताल :** पृथ्वी में जलवायु परिवर्तनों के अध्ययन से हमें मानवजनित जलवायु परिवर्तन को समझने में मदद मिल सकती है। पृथ्वी के अतीत में हुए जलवायु परिवर्तन की तुलना में वर्तमान में हो रहा परिवर्तन दस गुना अधिक तेजी से हो रहा है। पूर्व में आए परिवर्तन प्राकृतिक थे, मगर वर्तमान जलवायु परिवर्तन की देन इंसान की है। जिसके भयानक परिणाम भविष्य में देखने को मिल सकते हैं।